100
प्रमुखस्वामी महाराज
शताब्दी महोत्सव

वर्ष : 4 अंक : 47 मूल्य : 4 रु.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

शनिवार, 22 अक्टूबर 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## देव भूमि केदारनाथ में बाबा केदार की भक्ति भाव से पीएम मोदी ने की पूजा-अर्चना

### मंत्रोच्चार के बीच किया बाबा का अभिषेक

देहरादून, एजेंसी। आज तड़के देवभूमि पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बाबा केदार के दर पर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने जो पोशाक पहनी थी, उस पर शुभ प्रतीक स्वास्तिक दूर से ही दिखाई दे रहा था। फूलों से सजे धाम के भीतर भोलेनाथ की आराधना करते समय पीएम पूरी तरह तल्लीन हो गए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने बाबा का अभिषेक किया। पुजारी एक-एक कर उन्हें चढ़ाने के लिए सामग्री देते जाते और पीएम बाबा को समर्पित करते। पंडित जी ने उनके माथे पर तिलक लगाया और इसी समय ह्यसर्वे भवन्तु सुखिनःह्न का मंत्रोच्चार होने लगा तो पीएम भी खुद श्लोक पाठ करने लगे। वह आंखें मूंदे हुए हाथ जोड़े प्रार्थना करते रहे। पूजा संपन्न होने के बाद नमामि शंभू का जप करते हुए जब पुजारी भोले बाबा की आराधना कर रहे थे तो पीएम भी दोनों हाथों को उठाते हुए श्लोक पढ़ते रहे। पुजारियों के साथ-साथ पीएम भी पाठ करते रहे। यह नजारा दिव्य और भव्य था।



केदारनाथ की पूजा के बाद गर्भगृह से बाहर निकलने पर पीएम ने मंदिर की परिक्रमा की। उन्होंने पूजा के बाद लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम ने आदिगुरु शंकराचार्य की समाधि स्थल के भी दर्शन किए। इससे पहले वह आज सुबह केदारनाथ धाम पहुंचे। प्रधानमंत्री के जौलीग्रांट हवाई अड्डे पहुंचने पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने उनकी अगवानी की। वह कई विकास कार्यों का जायजा लेने के साथ ही कुछ नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। अपने दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे में मोदी बदरीनाथ धाम भी जाएंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर क्षेत्र में सुरक्षा काफी चौकस है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

मोदी के दौरे के मद्देनजर केदारनाथ मंदिर को कई क्विंटल फूलों से सजाया गया है। केदारनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा अर्चना के बाद प्रधानमंत्री 9.7 किलोमीटर लंबे गौरीकुंड-केदारनाथ रज्जूमार्ग परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा, केदारनाथ में मोदी मंदाकिनी आस्था पथ और सरस्वती आस्था पथ का निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

बदरीनाथ धाम में दर्शन और पूजा-अर्चना करने के बाद प्रधानमंत्री रिवरफ्रंट के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। दोपहर बाद वह बदरीनाथ के निकट सीमांत माणा गांव में सड़क और रज्जूमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और लोगों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री शुक्रवार को रात्रि विश्राम बदरीनाथ में करेंगे। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री का केदारनाथ और बदरीनाथ का यह दौरा उत्तराखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## दिल्ली में जासूसी के आरोप में चीनी महिला गिरफ्तार, बौद्ध भिक्षु की वेशभूषा में रह रही थी

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चीन के लिए जासूसी करने वाली एक चीनी महिला को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार चीनी महिला के कई भाषाओं में महारत हासिल है और वह नेपाली भाषा भी बहुत अच्छे से बोल लेती है। गिरफ्तार चीनी महिला का नाम काय रुओ बताया गया है। पूछताछ में चीनी महिला ने खुलासा कर दिल्ली पुलिस को भी चौंका दिया कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता उसे जान से मारने की फिराक में थे, इसलिए वह लगातार उनसे बच रही है। दिल्ली पुलिस लगातार महिला से पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार मजनूं का टीला इलाके से दिल्ली पुलिस ने एक चीनी महिला नागरिक को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस को शक है कि महिला भारत में जासूसी के लिए आई थी। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की तरफ से यह कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में आई चीनी महिला नेपाल की नागरिक बनकर बौद्ध भिक्षु की वेशभूषा में राजधानी में रह रही थी। महिला का नाम काय रुओ है। संदिग्ध हाव भाव के चलते दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल को काफी दिनों से शक था। गिरफ्तार चीनी महिला काय रुओ के पास नागरिकता के जो दस्तावेज मिले हैं उनमें उसने अपना नाम डोल्मा लामा लिखवाया हुआ था और उसका पता काठमांडू का लिखा हुआ है। उसके पासपोर्ट में भी नेपाल का पता लिखा हुआ है। शक होने पर एफआरआरओ से जांच कराई गई तो पता चला कि महिला काय रुओ चीनी नागरिक है और डोल्मा लामा नाम नकली है। वहीं, दिल्ली पुलिस अब इस महिला की यात्रा और रहने के ठिकानों की जानकारी भी जुटाने में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, चीनी नागरिक काय रुओ वर्ष 2019 में चाइनीज पासपोर्ट पर भारत आई थी। महिला ने पूछताछ में बताया कि उसे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता मारने की फिराक में थे। महिला अंग्रेजी, चीनी और नेपाली भाषा जानती है। फिलहाल विभिन्न एजेंसियों महिला से पूछताछ कर रही है। वहीं, पिछले महीने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के दस नेताओं को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राज्य के कई हिस्सों में असम पुलिस के साथ संयुक्त छापेमारी में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों की पहचान अमीनुल हक, अब्दुल रज्जाक, रोबिउल हुसैन, नजरूल इस्लाम भुइयां, रफीकुल इस्लाम, अबू समा अहमद, फरहाद अली, खलीलुर रहमान, मुफ्ती रहमतुल्ला और बजलुल करीम के रूप में हुई थी। इन सभी पीएफआइ से जुड़े नेताओं को गुवाहाटी, नगरबेरा, समगुरी, बारपेटा, करीमगंज और बक्सा में छापेमारी में गिरफ्तार किया गया था।

इनमें से गिरफ्तार अमीनुल हक पीएफआई का पूर्वोत्तर क्षेत्रीय सचिव है। अबू समा अहमद संगठन का असम इकाई का अध्यक्ष है। रोबिउल हुसैन राज्य इकाई का महासचिव है। गिरफ्तार किए गए लोगों में रफीकुल इस्लाम और पीएफआई की नगांव और बारपेटा इकाइयों का जिला अध्यक्ष मुफ्ती रहमतुल्लाह भी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जीएसटीएन रिटर्न भरने की बढ़ेगी तारीख

नई दिल्ली, एजेंसी। जीएसटीएन का पोर्टल धीमा चलने के कारण व्यापारियों को अपनी रिटर्न भरने में काफी विलंब और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस परेशानी को देखते हुए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने सितंबर माह के लिए जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में शीघ्र ही घोषणा की जाएगी। अलग-अलग राज्यों में महीने की अलग-अलग तारीखों में रिटर्न भरी जाती है।

### कर्नाटक ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट के लिए तैयार, पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

बेंगलुरु, एजेंसी। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार ह्यइनवेस्ट कर्नाटक 2022-ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी कर रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन 2 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने वाले हैं। कर्नाटक के बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री मुरुगेश आर.निरानी ने कहा, इसमें वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, भगवंत खुबा और नितिन गडकरी शामिल होने वाले हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट नई विकास संभावनाओं का पता लगाने के लिए दुनियाभर के उद्योग के नेताओं, नवोन्मेषकों और नीति निमार्ताओं से जुड़ने का एक मंच होगा। इस वर्ष की बैठक बुद्धिजीवियों, राजनीतिक नेताओं और व्यापारिक नेताओं को विकास के एजेंडे को तैयार करने पर केंद्रित होगी। निरानी ने कहा, ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट मजबूत औद्योगिक-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र का प्रदर्शन करेगा, वैश्विक खिलाड़ियों से निवेश आकर्षित करेगा, और राज्यभर में औद्योगीकरण का प्रसार करेगा। राज्य को इस आयोजन के माध्यम से निवेश में 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक और 5 लाख नौकरियों के सृजन की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि राज्य भारत और दुनिया भर के विभिन्न व्यापारिक घरानों के साथ साझेदारी करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, लचीलापन, नवाचार, स्थिरता और इक्विटी के प्रमुख विषयों के साथ हम कर्नाटक के विकास के एजेंडे को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप स्थापित करने और ह्यदुनिया के लिए निर्माणह्न की हमारी मजबूत क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' मंत्री ने कहा, हमारे द्वारा हाल ही में जापान, दक्षिण कोरिया, अमेरिका और यूरोप में अंतर्राष्ट्रीय रोड शो और दिल्ली, हैदराबाद व मुंबई में घरेलू रोड शो किए हैं। हमारा उद्देश्य न केवल निवेश प्राप्त करना है, बल्कि उद्योग के दिग्गजों को एक मंच पर लाना है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि बैठक में भाग लेने के लिए लगभग 5,000 से अधिक वैश्विक प्रतिनिधि आएंगे। यह समकालीन विषयों के साथ जीआईएम वैश्विक नेताओं के साथ जुड़ने, सहयोग करने और नेटवर्क बनाने का एक अवसर होगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट के लिए कुल 50,000 एकड़ भूमि-बेंगलुरु में 20,000 एकड़ और राज्य भर में 30,000 एकड़ जमीन निर्धारित की गई है।

## यूपी में अपराधी और माफिया जेल में हैं, यहां फिर एनकाउंटर में ढेर हुए : योगी

लखनऊ, एजेंसी। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति और पुलिस की सक्रियता का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध समाप्त हो चुका है। इसके बाद अपराधी या जेल में बंद हैं, अथवा गिरफ्तारी के दौरान मारे गए। प्रदेश में महिलाएं-बालिकाएं, कमजोर वर्ग और व्यापारी आज सुकून से हैं। हर पर्व-त्यौहार शांति और सौहार्द के बीच मन रहा है। पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर पुलिस के वीर जवानों के साहस, शौर्य और बलिदान को नमन कर मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों को अब तक मिल रहे 200 रूपए साइकल भत्ता को बढाकर 500 रूपए मोटरसाइकल भत्ता देने की घोषणा की, साथ ही, पुलिस विभाग को भी ई-पेंशन पोर्टल की सेवाओं का उपहार दिया। दीवाली से ठीक पहले पुलिस के जवानों के बीच मौजूद मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों की सहूलियत को देखते हुए 5,00,000 रूपए से अधिक के चिकित्सा खर्च प्रतिपूर्ति की स्वीकृति पुलिस महानिदेशक स्तर से होने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि अभी तक इसके लिए शासन स्तर पर कार्यवाही होती थी, जिससे अनावश्यक विलंब होता था, अब ऐसा नहीं होगा।

रिजर्व पुलिस लाइन, लखनऊ में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ह्यश्रीमद्भगवतगीता में वर्णित हतो वा प्राप्स्यसि स्वगर्जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम के महान संदेश का उल्लेख कर कहा कि हमारे वीर जवानों ने गीता से महान प्रेरणा लेकर देश और प्रदेश की बाह्य व आंतरिक सुरक्षा सुढ़ रखने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। आज का दिन उनके इसी निष्ठा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का है।

सीएम ने कहा कि हमारे पुलिस बल ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपना काम जारी रखा है। कोरोना के बीच अभूतपूर्व परिश्रम कर जहां नियमों का पालन किया, वहीं मानवता की मिसाल भी पेश की। कोरोना संक्रमित भी हुए लेकिन सेवापथ नहीं छोड़ा। इस दौरान 45 पुलिसकर्मियों का देहांत भी हुआ, जिनके परिजनों को नियमानुसार नौकरी व 22 करोड़ 50 लाख का भुगतान भी किया गया। यही नहीं, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, भारतीय सेना आदि में सेवारत उत्तर प्रदेश मूल के शहीद 581 जवानों के आश्रितों को 141.9 करोड़ की सहायता राशि दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर अब तक 44 अरब 59 करोड़ की संपत्ति जब्त अथवा ध्वस्त की गई है। यहां अब बेटियों के लिए स्कूल अथवा गरीबों के लिए घर बन रहे हैं।

सीएम ने कहा कि 30 मार्च 2017 से 13 अक्टूबर 2022 तक प्रदेश भर 166 दुर्दांत अपराधी मारे गए, जबकि 4,453 घायल हुए। 58,648 पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई और 807 पर एनएसए के तहत कार्रवाई की गई। 50 कुख्यात माफियाओं और उनके सदस्यों की लगभग 2268 करोड़ रूपए की संपत्ति जब्त अथवा ध्वस्त की गई। इसमें 1 माफिया व उसके 8 साथी मुठभेड़ में मारे भी गए।

## एफटीए पर ब्रिटेन के साथ चर्चा सकारात्मक, राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर भारत की नजर : पीयूष

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्रिटेन में 45 दिन के अंदर ही प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने इस्तीफा देकर चौंका दिया। इस बीच भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर ब्रिटेन के साथ भारत की बातचीत पूरी तरह से सकारात्मक स्थिति में है। हालांकि, उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा। बता दें कि ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने कंजरवेटिव पार्टी में अपने नेतृत्व के खिलाफ खुली बगावत के बाद गुरुवार को पार्टी नेता के पद से इस्तीफा दे दिया। ट्रस ने कहा कि वह पिछले महीने उन्हें मिले जनादेश का पालन नहीं कर पा रहीं और इस तरह केवल 45 दिन का उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में उद्योग मंडल सीआईआई के राष्ट्रीय निर्यात सम्मेलन में कहा, 'हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि क्या होता है। क्या वहां नेतृत्व का जल्द परिवर्तन होता है या पूरी प्रक्रिया चलेगी। हमें देखना होगा कि सरकार में कौन आता है और उसके क्या विचार होंगे।' उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के नेताओं और कारोबारियों ने माना है कि भारत के साथ एफटीए समझौता करना उनका लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पीयूष गोयल ने कहा कि मेरी अपनी समझ है कि जो भी सरकार में आएगा वह हमसे बात करना चाहेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि व्यापार समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित होना चाहिए। यह समझौता दोनों देशों के लिए फायदे की स्थिति होनी चाहिए। जब तक दोनों देश संतुष्ट नहीं होंगे, तब तक समझौता नहीं होगा। गोयल ने कहा, 'इसलिए हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा, लेकिन मुझे विश्वास है कि ब्रिटेन, कनाडा, यूरोपीस संघ के साथ हमारे एफटीए की जल्द ही घोषणा कर सकते हैं। सब पर अच्छे से काम चल रहा है।'

गौरतलब है कि ब्रिटेन की तीसरी महिला प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने लंदन स्थित 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अपने संक्षिप्त कार्यकाल के बाद गुरुवार को इस्तीफा दे दिया और वह भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) नहीं करा सकीं। बुधवार तक संसद में खुद को 'लड़ने वाली और जिम्मेदारी बीच में नहीं छोड़ने वाली' के रूप में प्रस्तुत कर चुकीं ट्रस ने प्रधानमंत्री बनने के महज छह सप्ताह के बाद इस्तीफा दे दिया। ट्रस के नीति संबंधी फैसलों के बदलने, मंत्रिमंडल में उठापटक और आंतरिक रूप से गतिरोध का सामना कर रही कंजरवेटिव पार्टी का नेतृत्व करने की उनकी क्षमता के खिलाफ खुले विद्रोह के बाद पूर्व विदेश मंत्री का प्रधानमंत्री पद पर बने रहना असंभव हो गया था।

## वरुण गांधी का योगी सरकार पर हमला, शायद हवाई निरीक्षण से जमीनी मुद्दे नहीं दिखते

लखनऊ, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी आए दिन अपनी ही योगी सरकार पर हमलावार दिखाते हैं। फिर उन्होंने यूपी पेट की परीक्षा को लेकर बीजेपी सरकार पर हमला किया है। वरुण गांधी ने अपने संबोधन के दौरान उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से प्रारंभिक पात्रता परीक्षा का आयोजन को लेकर कहा कि छात्र साल भर जी लगाकर पढ़ाई करते हैं, तैयारी करते हैं कि इस बार एग्जाम में बेहतरीन कर के आएंगे, लेकिन बाढ़ के चलते देश में 35 लाख में से 16 लाख छात्र परीक्षा देने से वंचित रह गए।

वरुण ने इसका जिम्मेदार सरकार को ठहराया है। उन्होंने सरकार पर हमला बोलकर कहा कि क्या आपको पता है कि पिछले 5 सालों में जो रोजगार दिया गया उसमें 80 फीसदी रोजगार संविदा पर दिया गया है। इस देश में कोई भी इंसान संविदा पर काम नहीं करना चाहता है। बता दें कि ये कोई पहला मौका नहीं है, जब वरुण गांधी अपनी ही सरकार पर हमलावर हो गए हों। वरुण गांधी बेरोजगारी के मुद्दे पर युवाओं की आवाज बनकर अपनी ही सरकार से सवाल किया करते हैं।

15 अक्टूबर को यूपी में परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के लिए जद्दोजहद करते छात्रों की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा कर वरुण गांधी ने योगी सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने इन तस्वीरों के कैप्शन में लिखा था, यूपी बाढ़ की चपेट में है और 37 लाख से अधिक छात्र पेट की परीक्षा देने निकले हैं। प्रश्न पत्र हल करने से बड़ी चुनौती सेंटर तक पहुंचना है।

## इसरो ने अगले साल जून में चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अगले साल जून में चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण करेगा।



यह भविष्य में चांद की सतह पर खोज के लिहाज से महत्वपूर्ण अभियान है। अंतरिक्ष एजेंसी ने अगले साल की शुरूआत में देश के पहले मानव अंतरिक्ष यान ह्यगगनयान के लिए ह्यएबॉर्ट मिशनह्न की पहली परीक्षण उड़ान की तैयारी भी की है। इसरो प्रमुख एस। सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 (सी-3) मिशन को प्रक्षेपण यान मार्क-3 के जरिए अगले साल जून में प्रक्षेपित किया जाएगा।

इसरो प्रमुख ने कहा कि एबॉर्ट मिशन और मानवरहित परीक्षण उड़ान की सफलता के बाद इसरो की योजना 2024 के अंत तक भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को कक्षा में भेजने की है। सितंबर 2019 में चंद्रयान-2 मिशन के दौरान लैंडर ह्यविक्रमह्न के चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद वहां यान उतारने का भारत का पहला प्रयास विफल हो गया था।

सोमनाथ ने कहा, 'सी-3 तैयार है। यह सी-2 की प्रतिकृति नहीं है। इस यान की अभियांत्रिकी बिल्कुल अलग है। हमने इसे काफी मजबूत बनाया है, ताकि इसमें पिछली बार जैसी दिक्कतें सामने नहीं आएं। इसमें कई बदलाव किए गए हैं। किसी भी उपकरण के विफल होने की सूरत में अन्य उपकरण इसकी भरपाई करेंगे।'

उन्होंने कहा कि यह रोवर यात्रा की ऊंचाई की गणना करने और खतरे से मुक्त स्थानों की पहचान करने के लिए बेहतर सॉफ्टवेयर से लैस है।

'गगनयान' के संबंध में सोमनाथ ने कहा कि इसरो असल में मनुष्यों को कक्षा में ले जाने से पहले छह परीक्षण उड़ानें आयोजित करेगा। उन्होंने कहा कि 'गगनयान' अभियान की तैयारी धीमी और स्थिर गति से चल रही है।

## अमेरिका- जगमगाया टाइम्स स्क्वायर, दीपावली जश्न की भव्य शुरूआत

### भारतीय-अमेरिकी व्हाइट हाउस में आमंत्रित

न्यूयार्क, एजेंसी। भारतीयों का सबसे बड़ा त्योहार दीपावली की धूम अमेरिका में यहां ऐतिहासिक 'टाइम्स स्क्वायर' रोशनी से जगमगा रहा है। यहां दीपावली उत्सव मनाने की शुरूआत हो गई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को अपने-अपने आवास पर प्रकाशोत्सव मना रहे हैं। देश भर से प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी गुरुवार रात से अमेरिकी राजधानी पहुंचने शुरू हो गए हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बाइडेन प्रशासन और संसद सदस्यएक सप्ताह तक दीपावली मनाने वाले हैं। हैरिस और उनके पति ने शुक्रवार को प्रख्यात भारतीय-अमेरिकियों, राजनयिकों और प्रशासन के सदस्यों को दीपावली समारोह के लिए उपराष्ट्रपति आवास पर आमंत्रित किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी पत्नी डॉ. जिल बाइडेन ने दीपावली समारोह मनाने के लिए सोमवार को व्हाइट हाउस में भारतीय-अमेरिकियों को आमंत्रित किया है। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन 26 अक्टूबर को विदेश मंत्रालय में राजनयिक समुदाय के साथ एक और दीपावली समारोह का आयोजन कर रहे हैं। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में भी दीपावली मनाई जा रही है, जिसमें हमेशा की तरह जाने-माने सांसद शामिल हो रहे हैं। शुक्रवार को, 'रिपब्लिकन हिंदू कॉयलिशन' के लगभग 200 भारतीय-अमेरिकी सदस्य फ्लोरिडा में 'मार-ए-लागो' में ट्रंप के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।




रात के समय होने वाले इस कार्यक्रम में बॉलीवुड गीतों पर नृत्य किया जाएगा और मेहमानों को भारतीय व्यंजन परोसे जाएंगे। हैरिस और ट्रंप दोनों अपने-अपने आवास पर भारतीय समुदाय को संबोधित कर सकते हैं। बाइडन और ब्लिंकन के भी ऐसा करने की उम्मीद है। महत्वपूर्ण मध्यावधि चुनाव से ठीक दो हफ्ते पहले पड़ रही दीपावली धूमधाम से मनाकर राजनेता प्रभावशाली भारतीय-अमेरिकियों का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। इस साल दीपावली का जश्न 15 अक्टूबर को ऐतिहासिक 'टाइम्स स्क्वायर' पर एक कार्यक्रम के आयोजन से शुरू हुआ, जिसमें शहर के मेयर एरिक एडम्स, सीनेट के बहुमत के नेता सीनेटर चक शूमर और न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल ने भाग लिया था।

## दिवाली में कोहराम मचा सकता हैं कोरोना, सरकार की बढ़ी चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी। त्यौहारों से पहले फिर से कोरोना ने भारत की चिंता बढ़ा दी है। न केवल इसके नए वैरिएंट सामने आए हैं, बल्कि दैनिक मामलों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 2,119 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,46,38,636 हो गई। जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 25,037 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में संक्रमण से 10 और लोगों की मौत होने के बाद मरने वालों को आंकड़ा बढ़कर 5,28,953 पर पहुंच गया है। इन 10 मामलों में वे पांच लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में जोड़े हैं।



आंकड़ों के अनुसार, देश में कोरोना संक्रमण के सक्रिय केस यानी उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 25,037 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.06 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 473 मामलों की कमी दर्ज की गई है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.76 प्रतिशत हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 1.13 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 0.97 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,40,84,646 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है। वहीं राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 219.50 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

# लव जिहाद की शिकायत करने गए बजरंगी से दुर्व्यहार करने पर दो पुलिसकर्मी सस्पैंड



» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तम नगर पुलिस थाने में बजरंगी से दुर्व्यहार करने पर दो पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है।

एक जिहादी लगातार हिन्दू लड़की का पीछा करके उसपर विवाह के लिए दबाव बना रहा था। लड़की और उसके परिवार वाले के बार बार मना करने पर भी जिहादी लव जिहाद से पीछे नही हट रहा था। एक दिन पहले ही जिहादी दुकान पर हथियार लेकर आ गया और लड़की व परिवार को धमकाने लगा कि या तो मुझसे इसकी शादी करवाओ नही तो मैं इसको काट डालूंगा। आज प्रातः परिवार ने 112 पर कॉल की और उत्तम नगर थाने में शिकायत दर्ज कराने गये तो पुलिस वालो शिकायत दर्ज करने के बजाय जिहादी के साथ समझौता करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ता सहयोग करने के लिए पहुंचे तो पुलिस वालों ने उनकी शिकायत पर कार्यवाही करने की बजाय हनी सिंह बजरंग दल जिला सह संयोजक को पकड़कर धमकाया और थप्पड़ मार दिया, तुरंत बजरंग दल ने उत्तम नगर थाने का घेराव कर लिया और कहा कि जब तक जिहादियों का साथ देने वाले पुलिस वाले सस्पेंड नही होंगे तब तक प्रदर्शन खत्म नहीं किया जायेगा साथ ही चेतावनी दी कि जिहादियों का साथ देने वाले किसी को भी बख्शेंगे नहीं। पुलिस के उच्च अधिकारियों ने दो पुलिसवालो को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिये।

बजरंग दल प्रांत संयोजक भारत बता जी ने कहा कि सस्पेंड नही दोनो पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से नौकरी से निकाला जाए क्योंकि पुलिस का यह निकृष्ट व्यवहार बिलकुल अशोभनीय है इसलिए उन पर केस दर्ज करके कानून हाथ में लेने की कठोर सजा दी जाए क्योंकि उन पर कानून का पालन करने की जिम्मेदारी थी। उन्होंने कहा शनिवार शाम तक हमारी मांग नही मानी जाती और जिहादी तथा उसके परिवार पर कड़ी कार्यवाही नही होगी तो फिर से उत्तम नगर थाने का घेराव करेंगे।



# दीवाली के मद्देनजर सफदरजंग अस्पताल बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी द्वारा जन जागरण



» स्वतंत्र सिंह भुल्लर, मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। दीपावली के अवसर पर पटाखों के जलने से होने वाली आग से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आज बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डॉ बी एल शेरवाल एमएस, सभी अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक, डॉ शलभ एचओडी, ओएनएस की उपस्थिति में नर्सिंग अधिकारियों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक और डॉ सुजाता साराबाडी प्रोफेसर और सलाहकार द्वारा हद्दीवाली को सुरक्षित बनाने के लिए पटाखों को ना कहें हु को बढ़ावा देने के लिए एक प्रस्तुति दी गई थी।, नर्सिंग अधिकारी और अन्य स्टाफ।डॉ शेरवाल चिकित्सा अधीक्षक ने सभी को




सभी प्रियजनों के साथ घर पर पारंपरिक रीति-रिवाजों और रीति-रिवाजों का पालन करते हुए हरी दीपावली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया।डॉ शलभ ने भी सभी को शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह ने विशेष अभियान 2 .0 के पूरे उत्साह के साथ क्रियान्वयन पर जोर दिया

नई दिल्ली, एजेंसी। केन्द्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने 17.10.2022 को सूक्ष्म और लघु उद्यम, क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत एमएसएमई मंत्रालय की वित्तीय सहायता से स्थापित फाउंड्री क्लस्टर, अहमदाबाद के सामान्य सुविधा केंद्र का दौरा किया। श्री वर्मा ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फाउंड्रीमेन, अहमदाबाद इकाई और फाउंड्री क्लस्टर के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। उन्होंने एमएसएमई-डीएफओ, अहमदाबाद कार्यालय का दौरा किया और विशेष अभियान 2.0 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। उन्होंने गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज; गुजरात स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज फेडरेशन (जीएसएसआईएफ), गुजरात इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सॉफ्टवेयर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जीईएसआईए) के पदाधिकारियों के साथ बातचीत की; सरकार द्वारा एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए की जा रही विभिन्न पहलों को साझा किया और विशेष अभियान 2.0 के पूरे उत्साह के साथ क्रियान्वयन पर जोर दिया।

### दिवाली के अवसर पर रेल कर्मचारियों का अभिनंदन

नई दिल्ली, एजेंसी। रेलवे वीमेन्स वेलफेयर सेंट्रल ऑर्गनाइजेशन (आरडब्लूडब्लूसीओ) की कल्याण गतिविधियों में योगदान देने पर रेल कर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिये लिटिल किंगडम नर्सरी स्कूल, रेलवे क्वार्टर्स, सरोजनी नगर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 रेल कर्मचारियों का अभिनंदन किया गया। आरडब्लूडब्लूसीओ की अध्यक्ष मीना त्रिपाठी ने चयनित कर्मियों को स्मारिका और मिठाई वितरित की। रेलवे वीमेन्स वेलफेयर सेंट्रल ऑर्गनाइजेशन भारतीय रेल के तहत देशभर में फैले महिला कल्याण संगठनों की शीर्ष संस्था है, जो रेलकर्मियों तथा उनके परिवार वालों के कुशलक्षेम का काम करता है। इसके लिये यह संगठन आवश्यकता-आधारित सामाजिक/कल्याण गतिविधियों का संचालन करता है। संगठन ने अपनी गतिविधियां भारत-चीन युद्ध के बाद 1962 में शुरू की थीं।

### देशभर में कोरोना के 219 .50 करोड़ से अधिक टीके लगाए , 24 घंटों में 2 ,119 नए केस सामने आए

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज आज सुबह 7 बजे तक अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 219.50 करोड़ (2,19,50,97,574) से अधिक हो गया। 12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च, 2022 को प्रारंभ हुआ था। अब तक 4.12 करोड़ (4,12,13,682) से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है। समान रुप से 18-59 आयु वर्ग के लिये प्रीकॉशन खुराक भी 10 अप्रैल, 2022 को प्रारंभ की गई थी। भारत में सक्रिय मामले आज 25,037 हैं। सक्रिय मामले, कुल पॉजिटिव मामलों के 0.06 प्रतिशत हैं।

# दिल्ली के पूर्वांचली नेता ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को कहा गुजरात में 48 हजार सरकारी स्कूलों में से 32 हजार स्कूल की स्थिति खराब

» मदरलैंड संवाददाता

दिल्ली के शिक्षा मंत्री और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बीते दिनों गुजरात दौरे पर आये थे. गुजरात आये मनीष सिसोदिया ने गुजरात में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था, ह्यह्यगुजरात के लोग अपने बच्चों के लिए स्कूल बनवाने को लेकर दृढ़संकल्प हैं और चुनाव में उस राजनीतिक दल को वोट देंगे जो स्कूल बनाता है.ह्वह्व सिसोदिया ने दावा किया था कि आप की एक टीम द्वारा किए गए स्कूलों के सर्वेक्षण के अनुसार, गुजरात के 48,000 सरकारी स्कूलों में से 32,000 स्कूल खराब स्थिति में हैं।

जिसके बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आम आदमी पार्टी और मनीष सिसोदिया पर निशाना साधा है. मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मनीष सिसोदिया पर निशाना साधते हुए कई ट्वीट किये. उन्होंने ट्वीट कर लिखा, मॉडल के नाम पर देश ने केवल आप के प्रचार और भ्रष्टाचार मॉडल को ही देखा है.ह्व उन्होंने दूसरे ट्वीट में कहा, ह्लेकिन फिर भी आप के कुछ कट्टर



ईमानदार लोगों को ऐसा लगता है कि जिसके मॉडल का लोहा आज पूरी दुनिया मानती है वह ऐसे बयानबहादुरों को देख कर काम करते हैं. आप का यह बड़बोलापन और अहंकार ही आप पर भारी पड़ेगा. गुजरात की जनता आईना दिखाएगी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के ट्वीट का दिल्ली के पूर्वांचली नेता नरेन्द्र सिंह ने जवाब देते हुए कहा कि जिन शिक्षा मंत्री के शिक्षा मॉडल पर आप सवाल उठा रहे हो हमारे दिल्ली शिक्षा मॉडल को अन्य देशों ने सराहा है.

नरेन्द्र सिंह ने कहा हमने दिल्ली में क्या काम किया है पुरा देश जानता है तभी देश के कोने कोने में आम आदमी पार्टी का जनादेश बढ़ता जा रहा है, उन्होंने कहा लगातार कई वर्षों से गुजरात में बीजेपी की सरकार जिसका नतीजा यह हुआ की 48,000 सरकारी स्कूलों में से 32,000 स्कूल खराब स्थिति में हैं.

यह है बीजेपी का शिक्षा मॉडल जो कि शर्मनाक है।

नरेन्द्र सिंह ने कहा समय है बदलाव का गुजरात की जनता भी बदलाव चाहती है अच्छे स्कूल, अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था और पारदर्शी सरकार गुजरात की जनता चाहती है। नरेन्द्र सिंह ने कहा अगर आम आदमी पार्टी गुजरात में सत्ता में आती है तो आप की सरकार अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, जामनगर, राजकोट, भावनगर, गांधीनगर और जूनागढ़ समेत आठ शहरों में हर चार किलोमीटर की दूरी पर एक सरकारी स्कूल बनाएगी. उन्होंने कहा, ह्यह्यएक साल के भीतर हम हर चार किलोमीटर की दूरी पर एक शानदार सरकारी स्कूल का निर्माण करेंगे जो इन आठ शहरों के निजी स्कूलों से भी बेहतर होगा।

# वाहन प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार चलाएगी 'रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ' अभियान: गोपाल राय

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सर्दी में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए 15 बिंदु विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी, जिसकी आज उन्होंने बैठक कर समीक्षा की। जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा है कि यदि हवा की दिशा बदलती है तो दीपावली के बाद दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में बढ़ोत्तरी हो सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दिल्ली में जो प्रदूषण बढ़ता है उसमें बायोमास वर्निंग और डस्ट से होने वाले प्रदूषण के साथ-साथ वाहनो से होने वाले प्रदूषण का भी योगदान होता है।इसी को देखते हुए दिवाली के बाद 28 अक्टूबर से दिल्ली में पिछले साल की तरह इस साल भी ह्लह्यरेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफह्व कैंपेन शुरू किया जाएगा और यह कैम्पेन 28 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक चलेगा। कैंपेन के तहत भीड़-भाड़ वाले 100 चौराहों पर वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए 2500 वालेंटियर्स लगाए जाएंगे, जिसकी अनुमति सीएम अरविंद केजरीवाल ने दे दी है।साथ ही, दिल्ली सरकार ग्रैप के तहत सीएक्यूएम द्वारा जो भी दिशा-निर्देश प्राप्त हो रहे हैं, उस पर तत्परता से कार्रवाई कर रही है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के विरूद्ध ग्रीन वॉर रूम शुरू किया है। साथ ही एंटी डस्ट कैम्पेन चला रखा है, जिसमें धूल से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए अभियान चल रहा है। इसके अलावा पराली गलाने के लिए 5000 एकड़ में बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करवाया जा रहा है। इसी क्रम में अब ह्यरेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ ह्ल कैम्पन की शुरूआत की जा रही है। इसके बारे में बताते हुए पर्यावरण मंत्री ने कहा कि यह यह कैम्पेन प्रतिदिन सुबह 8.0 बजे से सायं 8.0 बजे तक दो शिफ्ट में चलेगा। पहला शिफ्ट सुबह 8 बजे से 2 बजे तक और दूसरा शिफ्ट 2 बजे से 8 बजे तक चलेगा।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि यह कैम्पेन मुख्य रूप से भीड़-भाड़ वाले 100 चौराहे पर चलाया जाएगा। इस कैम्पेन को सफल बनाने के लिए 2500 सिविल डिफेन्स वॉलन्टियर लगाए जायेगें, जिसकी अनुमति सीएम अरविंद केजरीवाल ने दे दी है। इन सिविल डिफेन्स वॉलन्टियर को प्रत्येक चौरोहों पर प्रत्येक शिफ्ट में 10-10 की संख्या में नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले बार की तरह भीड़-भीड़ वाले 10 चौरोहों पर प्रत्येक शिफ्ट में 20-20 सिविल डिफेन्स वॉलन्टियर नियुक्त किए जाएंगे।

# हमने एक बड़े फैसले में आईआईटी दिल्ली में एक नए मिनी एकेडमिक ब्लॉक और इंजीनियर ब्लॉक के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी है- अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली को लैब और रिसर्च के लिए जल्द ही नई बिल्डिंग मिलेगी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने इस प्रोजेक्ट में आ रही अड़चनों को दूर कर दिया है। नई बिल्डिंग के बन जाने से हजारों छात्र लाभांवित होंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, ह्यह्यहमने एक बड़े फैसले में आईआईटी दिल्ली में एक नए मिनी एकेडमिक ब्लॉक और इंजीनियर ब्लॉक के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रोजेक्ट के लिए 157 पेड़ों को हटाया और प्रत्यारोपित किया जाएगा, लेकिन इसकी एवज में परिसर के अंदर 1570 नए पेड़ लगाए जाएंगे।ह्वह्व परिसर में बनाए जा रहे इंजीनियरिंग ब्लॉक और मिनी एकेडमिक कॉम्प्लेक्स का इस्तेमाल लैब और रिसर्च कार्य के लिए होगा। आईआईटी दिल्ली ने प्रोजेक्ट में बाधक बन रहे पेड़ों को काटने और प्रत्यारोपित करने की अनुमति मांगी थी। अब अनुमति मिलने के बाद इसके काम में तेजी आएगी।

दरअसल, दिल्ली के हौज खास स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली परिसर में इंजीनियरिंग ब्लॉक और मिनी एकेडमिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाना है। इसके निर्माण में 157 पेड़ आड़े आ रहे हैं, जबकि तीन पेड़ों की शाखाएं भी प्रोजेक्ट में आ रही हैं। इनको हटाने को लेकर आईआईटी दिल्ली ने दिल्ली सरकार से अनुमति देने को लेकर एक प्रपोजल बनाकर भेजा था। अभी आईआईटी दिल्ली को शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने में पर्याप्त बिल्डिंग की कमी की वजह से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नई बिल्डिंग का उपयोग लैब और अनुसंधान कार्य के लिए किया जाएगा। इस समस्या का स्थाई हल निकालने के लिए संस्थान द्वारा इंजीनियरिंग ब्लॉक और मिनी एकेडमिक कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है।

# आजाद हिंद फौज का 79 वे स्थापना दिवस मनाया

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

गुरुग्राम। आज के समारोह के मुख्य अतिथि माननीय देवेंद्र बबली कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार रहे । समिति के महासचिव सूबेदार बिजेंद्र ठाकरण ने सबसे पहले नेताजी की जीवनी पर प्रकाश डाला व अपने संबोधन में ये बताया कि किस तरह से नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज आईएनए की नीव रखी । उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर 1943 को नेताजी ने सिंगापुर में आजाद हिंद फौज की स्थापना की ओर देश से अंग्रेजो को भगाने में अहम भूमिका निभाई। जिससे कि अंग्रेज सरकार डर गई ओर देश छोड़ने को मजबूर हो गयी । समिति के अध्यक्ष कपूर सिंह दलाल ने कहा की हमारी समिति पिछले 27 साल से स्वतंत्रता सेनानियों के कल्याण के लिए काम कर रही है। और उन्होंने मुख्य अतिथि और उन्होंने मुख्य अतिथि को अवगत कराया कि गुरुग्राम में हमारी समिति ने क्या-क्या काम कराया और भविष्य में स्वतंत्रता सेनानियों के कल्याण के लिए क्या-क्या काम हो सकते हैं उनको अवगत कराया।

. स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समिति, हरियाणा, चंडीगढ़ का पुनर्गठन।. आजाद हिंद फौज स्थापना दिवस हर साल 21 अक्टूबर को हरियाणा सरकार के स्तर पर मनाया जाए। गुरुग्राम में निर्माणाधीन स्वतंत्रता सेनानी स्मारक में डिजिटल लाइब्रेरी व स्मारक के सामने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की जाए। हरियाणा सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारीयों को दिया गया 2% आरक्षण सीधा दिया जाए।। हरियाणा के स्वतंत्रता सेनानियों की सूची बनाकर स्टेट गजट नोटिफिकेशन होना चाहिए। . गुरुग्राम - जयपुर रोड़ पर खेड़की दौला टोल प्लाजा के पास द्वारका एक्सप्रेस वे पर बनने जा रहे कलेवर फ्लाई ओवर का नाम ह्लआजाद हिंद फौज चौकह्व रखा जाए। तथा वाटिका चौक से दिल्ली बॉर्डर तक द्वारका एक्सप्रेस वे का नाम ह्लआजाद हिंद फौज मार्गह्व रखा जाए। नेता जी सुभाष चंद्र बोस व आजाद हिंद फौज का विवरण पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाए।

8. केन्द्र सरकार द्वारा गुमनाम हो गए आजाद हिंद फौज के स्वतंत्रता सेनानियों का रिकॉर्ड ढूंढ कर स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा दिलाया जाए। इसमें हरियाणा सरकार मदद करें । मुख्य अतिथि देवेंद्र बबली ने सभी प्रस्ताव को मानते हुए आश्वासन दिया कि जितना संभव होगा वह हरियाणा सरकार से सभी मांगों को पूरा करेंगे। जितेंद्र रघुवंशी स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति हरिद्वार ने कहा कि आजाद हिंद फौज के बारे में बहुत कुछ बताया और नई पीढ़ी को संदेश दिया कि अपने पूर्वजों के बारे में जानो और उन सभी शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में देश की सरकार व हरियाणा सरकार पाठ्यक्रम में रखें ताकि बच्चों को अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों देशभक्तों के शहीदों के बारे में मालूम हो जाए और वह उन पर गर्व कर सकें।

लेखराज सिंह राघव ने अपने संबोधन में कहा कि निमार्णाधीन स्वतंत्रता सेनानी समाज के सामने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगाई जाए।

नवीन गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि खेड़की दौला के नजदीक बनने जा रहे फ्लाई ओवर का नाम आजाद हिंद फौज चौक वह वाटिका चौक से लेकर दिल्ली बॉर्डर तक द्वारका एक्सप्रेसवे का नाम आजाद हिंद मार्ग रखा जाए। आज के समारोह में निम्नलिखित सदस्यों ने हिस्सा लिया। माधवन स्वतंत्रता सेनानी आजाद हिंद फौज सदस्य एमिनेंट कमेटी भारत सरकार, श्री बी एन पांडे स्वतंत्रता सेनानी आजाद हिंद फौज 103 वर्षीय नई दिल्ली, जितेंद्र रघुवंशी हरिद्वार, कर्नल कवर भारद्वाज सेना मैडल, धनवंती वीर नारी शहीद सूबेदार पारथ सिंह, श्रीमती सुशीला गुप्ता, श्रीमती सावित्री देवी, डॉक्टर आरके जांगड़ा रेवाड़ी, गजे सिंह कबलाना डिप्टी मेयर नगर निगम गुड़गांव, कर्नल सन्तपाल राघव, सुबे सिंह बोहरा वजीराबाद, सूबेदार मेजर सतबीर सिंह, श्री भगवान फोगाट रेवाड़ी, अतर सिंह सिन्धु, रोशन लाल यादव, रामचंद्र यादव, दीपक बेनीवाल, सूबेदार कर्मवीर कटारिया, आदि ने हिस्सा लिया।

# दिल्ली स्टेट इलेक्शन कमीशन ने जारी की वार्ड आरक्षण की सूची

नई दिल्ली, एजेंसी। गृह मंत्रालय द्वारा 250 नए नगरपालिका वार्डों की परिसीमन रिपोर्ट अधिसूचित किए जाने के ठीक तीन दिन बाद, दिल्ली स्टेट इलेक्शन कमीशन ने गुरुवार को वार्ड आरक्षण की सूची जारी की है। राज्य चुनाव आयुक्त विजय देव द्वारा 20 अक्टूबर 2022 को जारी आदेश में उन वार्डों को निर्देश दिया गया है जो आगामी नगरपालिका चुनावों में अनुसूचित जाति अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों, महिला उम्मीदवारों और सामान्य वर्ग के लिए खुले वर्ग के अंतर्गत आएंगे। सूची में एससी कैटेगरी के लिए 42 सीटें आरक्षित की गई हैं। दिल्ली नगर निगम अधिनियम-1957 और एमएचए अधिसूचनाओं के अनुसार, शहर के 250 नगरपालिका वार्डों में से 42 अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं, जबकि कुल सीटों का 50% महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित होना अनिवार्य है। आरक्षित वार्डों की घोषणा ने अब चुनाव पूर्व तैयारी के काम का मार्ग प्रशस्त कर दिया है क्योंकि उम्मीदवार वार्डों की स्थिति के आधार पर तीन प्रमुख राजनीतिक दलों से टिकट के लिए जोर लगाना शुरू कर देंगे। एसईसी के एक अधिकारी ने बताया कि एससी आरक्षित वार्डों के लिए वार्ड में एससी आबादी का अवरोही क्रम होगा। अधिकारी ने कहा कि,ह्वउस वार्ड में एससी आबादी के अवरोही क्रम में सभी वार्डों की व्यवस्था की गई थी और उच्चतम एससी आबादी वाले शीर्ष 42 वार्डों को इन चुनावों में एससी सीटों के रूप में आरक्षित किया गया है। इन एससी आरक्षित वार्डों के भीतर, विषम संख्या वाले वार्ड एससी के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसी प्रकार शेष वार्डों की स्थिति निर्धारित करने के लिए शेष 208 वार्डों को संख्या के आरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया और विषम वार्ड महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित किए गए हैं। पिछला आरक्षण आदेश 25 जनवरी 2022 को जारी किया गया था जिसके लिए रोटेशन मैकेनिज्म का इस्तेमाल किया गया था। एसईसी के एक दूसरे अधिकारी ने कहा कि ह्ल2017 के चुनावों में आरक्षित किए गए वार्डों को डी-आरक्षित किया गया था और जनसंख्या के अवरोही क्रम की सूची में वार्डों के अगले सेट को जनवरी 2022 की कवायद में लिया गया था।

# साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने साइबर अपराधियों के एक गिरोह का किया भंडाफोड़ : देवेश कुमार महला

एनसीआरपी पोर्टल पर 20807220039187 के माध्यम से राज कुमार चौहान द्वारा शिकायत दर्ज की गई थी कि किसी ने अपना डेबिट कार्ड बदल दिया है और जयपुर में एक पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) से 2,29,998 रुपये निकाल लिए हैं। मामले में की गई प्रारंभिक जांच के दौरान यह पाया गया है कि एक डेबिट कार्ड एक्सचेंज/स्वैपिंग गिरोह सक्रिय है

दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा। गिरोह के सदस्य एटीएम कियोस्क पर इंतजार करते थे और वे एटीएम मशीन के साथ कुछ शरारत करते हैं ताकि लेनदेन न हो और लोगों की मदद करने की आड़ में वे एटीएम में झाँकते थे और बाद में पीड़ित के डेबिट कार्ड को बदल देते थे। यशपाल सिंह, एसीपी/ऑपरेशन के समग्र पर्यवेक्षण में एक टीम का गठन किया गया था। इन अपराधियों को पकड़ने के लिए देवेश कुमार महला आईपीएस डीसीपी आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट द्वारा एसएचओ/पीएस साइबर क्राइम/आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट, इंस्पेक्टर रमन कुमार सिंह, इंस्पेक्टर देवेंद्र, एसआई विशाल, एसआई दामोदर बसवाना, एचसी संजीत, एचसी मनोज और कांस्टेबल ईश्वर को टीम में शामिल किया किया गया और जांच शुरू की गई थी। यह पता चला है कि विचाराधीन डेबिट कार्ड से जयपुर के एक पीओएस के माध्यम से पैसे निकाले गए थे और केवाईसी विवरण सिरसा के एक व्यक्ति का था, जिसका स्थान जयपुर से सिरसा तक भिन्न होता है। केवाईसी और लोकेशन के आधार पर सिरसा में छापेमारी करने का निर्णय लिया गया है. साइबर थाने के एसआई विशाल चौधरी के नेतृत्व में टीम को जांच के लिए आउट थाना सिरसा भेजा गया. टीम ने सुखदेव सिंह निवासी, हरियाणा और गगन सोनी निवासी हरियाणा को गिरफ्तार किया।



इन आरोपी व्यक्तियों के पास उन सभी खातों तक पहुंच है जिनका उपयोग धोखाधड़ी से स्वैप किए गए डेबिट कार्ड से स्वाइप किए गए धन को जमा करने के लिए किया जाता है। यह पता चला है कि गिरफ्तार व्यक्ति पूरे गिरोह पर नियंत्रण रखता है और हरियाणा और राजस्थान के विभिन्न शहरों से एटीएम के माध्यम से पैसे निकालता है. पहले वे चालू खाता किट की व्यवस्था करते हैं और नेट बैंकिंग को अपने नियंत्रण में रखते हैं। इसके अलावा वे पेटीएम से पीओएस मशीन मंगवाते हैं। सुखदेव सिंह @र४ॅ@रङ्खल्ल४ इन मशीनों की आपूर्ति गगन सोनी को करते हैं। गगन सोनी इन मशीनों को पांडे @ जितेंद्र और अन्य सहयोगियों को सौंपने के लिए दिल्ली का दौरा करते हैं, जिनके विवरण का सत्यापन होना बाकी है। पांडेय @जितेंद्र इन पीओएस मशीनों को अन्य सहयोगियों को वितरित करते हैं जो डेबिट कार्ड एक्सचेंज / स्वैपिंग के बाद इन पीओएस के माध्यम से पैसे निकालते हैं। आरोपी सुखदेव और गगन का 2 दिन का पीसी रिमांड लिया गया। 17/10/2022 को इस गिरोह के एक अन्य सदस्य आरोपी जितेंद्र उर्फ पांडी निवासी दिल्ली को गिरफ्तार किया गया था।

आरोपित गगन सोनी के खिलाफ 17/10/2022 को एसआई विशाल और अन्य कर्मचारियों की एक टीम ने जाल बिछाया और आरोपी गगन सोनी से पीओएस मशीन लेने आए उपरोक्त आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी जितेंद्र पांडे ने खुलासा किया कि वह अपने अन्य सहयोगियों के साथ डेबिट कार्ड स्वैपिंग गिरोह चला रहा है और उसने अब तक लगभग 60 डेबिट कार्डों की अदला-बदली की है।

।एक बार पीड़ितों का एटीएम कार्ड मिलने के बाद वे इन पीओएस मशीनों का उपयोग करके पीड़ितों का खाता खाली कर देते थे। धोखेबाज पीओएस मशीनों का उपयोग करते हैं क्योंकि यह सुरक्षित है और लेन-देन एटीएम पर जाने की परेशानी के बिना होता है और आगे खाते में कुल धन को सिफन करने के लिए होता है क्योंकि अधिकांश खातों में लेनदेन की सीमा डेबिट कार्ड के लिए निर्धारित होती है और इस बीच पीड़ित को अपना कार्ड अवरुद्ध और धोखेबाज ही मिलता है। एटीएम से लेनदेन की सीमा के रूप में निर्धारित दैनिक सीमा राशि को निकालने में सक्षम लेकिन पीओएस के साथ उनका खाता खाली हो गया।

इस गिरोह के सदस्य निर्दोष, कम पढ़े-लिखे लोगों के लिए एटीएम कियोस्क/मशीनों पर इंतजार करते हैं। यह पता चला है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति पूरे गिरोह पर नियंत्रण रखते हैं और हरियाणा और राजस्थान के विभिन्न शहरों से एटीएम के माध्यम से पैसे निकालते हैं। पहले वे करेंट अकाउंट इंस्टा किट की व्यवस्था करते हैं और नेट बैंकिंग एक्सेस को अपने नियंत्रण में रखते हैं। इसके अलावा वे पेटीएम से पीओएस मशीन मंगवाते हैं। सुखदेव सिंह @र४ॅ@रङ्खल्ल४ इन मशीनों की आपूर्ति गगन सोनी को करते हैं। गगन सोनी इन मशीनों को दिल्ली में पांडे @ जितेंद्र और अन्य सहयोगियों को सौंपने के लिए दिल्ली का दौरा करते हैं, जिनके विवरण का सत्यापन होना बाकी है।

देवेश कुमार महला आईपीएस उपायुक्त पुलिस बाहरी उत्तर जिला, दिल्ली ने विजय गौड़ ब्यूरो चीफ को बताया कि आरोपियों के पास से पुलिस ने कुल 09 पीओएस मशीनें, 17 डेबिट कार्ड,10 चेक बुक/पासबुक और अपराध में प्रयुक्त 04 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इस मोडस ऑपरेंडी का उपयोग करके कुल 60 लाख रुपये से अधिक की हेराफेरी की गई । मामले की जांच जारी है।

# सावधान : हलवाई सिंथेटिक दूध से बना रहे मिठाईयां

» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता



- मिलावटी मिठाई कर देगी आपकी किडनी और लीवर खराब
- खाद्य विभाग की टीम खानापूर्ति के लिये करती है छापेमारी

मैनपुरी। दीपावली के समय मिठाइयों की डिमांड बढ़ जाती है। ऐसे में मुनाफा कमाने के लिए मिलाटवखोर हलवाई मिलावट करना शुरू कर देते हैं, खासकर, खोये में...... स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार सिंथेटिक दूध व मिलावटी खोये की बनी मिठाइयां किडनी से लेकर लीवर तक खराब कर सकती हैं। सास नली में भी दिक्कत आ सकती है। वहीं पेट के अन्य जरूरी अंगों को भी बेहद नुकसान पहुंचा सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि खोये की सफेदी देखकर आंखें बंद करके खरीदारी करने की बजाए, खोया खरीदते समय असली-नकली की पहचान करें।

दीपावली त्योहार के नजदीक आते ही अन्य जनपदों से मिलावटी खोया आने लगा है। एक लीटर दूध 55 में, पांच लीटर दूध में तैयार होता है एक किलो खोया 250 रुपये वाले खोये की शुद्धता पर भी कई लोग सवाल उठाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार एक किलो शुद्ध दूध से मात्र 200 ग्राम खोया निकलता है। दूध की कीमत 55 रुपये प्रति लीटर है। इस तरह एक किलो खोया तैयार करने में पाच से साढ़े पांच लीटर दूध और ईधन खर्च होता है। ऐसे में खोया का कम भाव में मार्केट में बिकना मिलावट की पहचान के लिए काफी है।

**आयोडिन टिंचर डालते ही हो जाएगा दूध का दूध, पानी का पानी**

विशेषज्ञ के अनुसार असली खोये की पहचान के लिए आयोडीन टिंचर की खोये में दो-तीन बूंद डालें। असली होने पर रंग लाल हो जाएगा। खोये का रंग काला होने पर उसे विशुद्ध मिलावटी समझा जाए। इसी तरह शुद्ध खोया रगड़ने में चिकनाहट छोड़ता है, जबकि मिलावटी खोया मसलने में बत्ती बनकर अलग-अलग हो जाता है। खोये को पहचानने का दूसरा तरीका यह भी है कि उसे उंगलियों से रगड़कर देखें कि ये दानेदार है या नहीं। अगर यह दानेदार लगे तो हो सकता है कि इसमें मिलावट कि गई हो। इसके अलावा खोया चखने पर कड़वा लगता है तो समझ लें कि इसमें मिलावट की गई है।

**दानेदार होता है शुद्ध खोया**

विशेषज्ञों के अनुसार मिलावटी खोये को हाथ में लेने पर पाउडर-सा छूटता है, क्योंकि उसमें सूखापन होता है, जबकि शुद्ध खोया दानेदार होता है। अगर खोया शुद्ध होगा, तो कच्चे दूध जैसा स्वाद आता है। इन चीजों को मिलाने से बनता है नकली खोया खोया बनाने के लिए मिलावटखोर मैदा, डालडा, पाम ऑयल, सिंथेटिक दूध, आरारोट, आलू, शकरकंद, सिंघाड़े का आटा व चीनी का इस्तेमाल करते हैं। इतना ही नहीं खोये का रंग बदलने के लिए केमिकलों का भी इस्तेमाल होता है।

**गाढ़े रंग की मिठाइयां बिलकुल न खरीदें**

चिकित्सको के अनुसार किसी मिठाई का रंग ज्यादा गहरा हो तो उसे बिल्कुल भी न खरीदें। क्योंकि हो सकता है कि मिठाई को आकर्षक दिखाने के लिए हानिकारक केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल किया गया हो। मिलावट जांचने के लिए लेते हैं। डॉ. आनंद किशोर ने बताया कि सेहत के लिये ये मिठाईयां बहुत ही हानिकारक है।

**देशी घी के नाम पर हलवाइयों का गोरखधंधा**

कस्वा में देशी घी के नाम पर आम आदमी को झूठा आश्वासन देकर उन्हें दोगुने दामो में बेचकर उनसे मुनाफा कमा रहे है। जबकि मिठाई में रिफाइंड मिलाकर उसे बेचा जा रहा है। खाद्य विभाग की टीम के द्वारा सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। लोगों ने जिलाधिकारी से असली नकली मिठाइयों की जांच कराए जाने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### नोरंगराम दयानंद ढूकिया नर्सिंग कॉलेज में दीपोत्सव मनाया



मदरलैंड संवाददाता, झुंझुनूं। नोरंगराम दयानंद ढूकिया नर्सिंग कॉलेज में शुक्रवार को दीपोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था सचिव डा.संदीप ढूकिया ने किया। इस दौरान इन्टर कक्षाओं के छात्र छात्राओं के लिए रंगोली, द्वार तोरण, दीपक साज सज्जा सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शैलजा व मनीषा, द्वितीय स्थान पर निमिता व आयशा तथा तृतीय स्थान पर प्रियंका व प्रिया रही। प्रतियोगिता में विजेताओं को संस्था डायरेक्टर डॉ सुनीता ढूकिया ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान छात्र छात्राओं की ओर से कॉलेज में उत्साहपूर्वक दीपक व फुलझड़ियां जलाई गई। इस दौरान डॉ दीपेन्द्र, डॉ प्रियंका चौधरी, विष्णू, पूजा शर्मा, जैशमीन तथा संजू कंवर सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा। डायरेक्टर डॉ सुनीता ढूकिया व सचिव संदीप ढूकिया ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

### डॉक्टर कैलाश राहड़ को मिली पदोन्नति



मदरलैंड संवाददाता, झुंझुनूं। शहर के बीडीके ज़िला अस्पताल के सीनियर फिजीशियन एवं मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉक्टर कैलाश राहड़ का उपनिदेशक के पद पर पदस्थापन किया गया है इस आशय का आदेश चिकित्सा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा शुक्रवार को जारी किया गया।

### एबीएन स्कूल में दीया एवं कार्ड मैकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ



मदरलैंड संवाददाता, झुंझुनूं। चूणा चौक स्थित झुंझुनू प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को दीपावली के उत्सव पर दीपक एवं कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गयो इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया एवं अपनी कला का परिचय देते हुए सुंदर सुंदर दीपक एवं कार्ड बनाए। विद्यालय सचिव परमेश्वर लाल हलवाई ने बच्चों द्वारा बनाए गए दीपक एवं कार्ड का अवलोकन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों की कला को उभरने का मौका मिलता है। सभी छात्रों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। विद्यालय निदेशक डॉ अंशु लीला ने कहा कि समय समय पर विद्यालय में इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है ताकि छात्रों में रचनात्मक एवं कलात्मक अभिवृत्ति को उभारने का मौका मिले और विद्यार्थी अपनी संस्कृति एवं त्योहारों का महत्व भी समझें और उनसे जुड़े रहें विद्यालय प्राचार्य अनीता महमिया ने बताया कि समय-समय पर आयोजित की जाने वाली इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहने से छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव हो पाता हैं समस्त विद्यालय स्टाफ तथा अभिभावकों ने छात्रों द्वारा बनाए गए कार्ड एवं दीपक का अवलोकन किया एवं छात्रो की सराहना की।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। थाना क्षेत्र के गांव अडूपुर में घर के बाहर सो रहे एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया है। गांव अडूपुर निवासी सूरज पुत्र राम बहादुर गांव के ही एक युवक के दरवाजे लेटे थे सुबह मृत अवस्था में पाए गए। गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना कर दी पुलिस ने मौत का सही कारण जाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि में सूरज पुत्र राम बहादुर अपने साथियों के साथ शिकोहाबाद से दावत खाकर वापस लौट रहा था दन्हाहर थाने के समीप गाड़ी फिसल गई और वह मामूली घायल हो गया बाद में वह मोटरसाइकिल पर बैठ कर आ गया ग्रामीणों के अनुसार वह नशे में था तो गांव के बाहर एक युवक के दरवाजे पर लेट गया सुबह मृत अवस्था में मिला मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौत का सही कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### रमा एकादशी पर्व की धूम रही



मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला में शुक्रवार को रमा एकादशी पर्व की धूम रही। मंगलारती से ही भक्तजन पूजन के लिए मंदिरों में जुटे हुए थे। सनातन धर्म मंदिर प्रबंधन से जुड़ी पंडितानी रामप्यारी ने बताया कि हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को रमा एकादशी होती है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा का जाती है। माता लक्ष्मी के नाम रमा पर ही इस एकादशी का नाम रमा एकादशी है। मान्यता है कि इस दिन मां लक्ष्मी और श्री हरि का विधि-विधान से पूजन करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कहते हैं कि जो लोग रमा एकादशी का व्रत रखते हैं, उन्हें व्रत कथा जरूर सुननी या पढनी चाहिए। ऐसा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है और हर मनोकामना पूरी हो जाती है।

# मुख्यमंत्री के साथ लंच करने के लिए जिले के 8 कोविड प्रभावित अनाथ बच्चे हुए रवाना

» मदरलैंड संवाददाता

- जिला कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी
- जयपुर में लंच के दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों को गिफ्ट किए कॉपी पैंसिल



झुंझुनूं। जिला कलक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी ने शुक्रवार को दीपावली पर्व समारोह के तहत मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित होने वाले लंच कार्यक्रम में जिले के 8 कोविड प्रभावित अनाथ बचो को उनके अभिभावकों के साथ हरी झंडी दिखाकर जयपुर के लिए रवाना किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक मोहम्मद अशफाक ने बताया कि यह सभी बच्चे मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री के साथ लंच समारोह में भाग लेंगे। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा कोरोनाकाल में अनाथ हुए बच्चों को 50 हजार रुपए से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक की सहायता राशि भी प्रदान की गई है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर जगदीश प्रसाद गौड़, जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह उपस्थित रहे। जयपुर पहुंचने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सीएम हाउस में कोरोना सहायता योजना के तहत सहायता प्राप्त बच्चों के साथ लंच के दौरान उन्हें पेंसिल कॉपी इत्यादि गिफ्ट भी वितरित किए। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री टीकाराम जूली और प्रमुख शासन सचिव सुमित शर्मा भी मौजूद रहे।

# शहीद जयसिंह को पांच साल की बेटी निर्वी ने दी मुखाग्नि



» मदरलैंड संवाददाता

- गुढ़ा से दूडिया तक 4 किमी निकली तिरंगा रैली
- राज्य मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा, सांसद नरेन्द्र कुमार ने किया पुष्पचक्र अर्पित

झुंझुनू। जिले के दूड़िया निवासी शहीद जयसिंह बांगड़वा का शुक्रवार को राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव दूडिया में अंतिम संस्कार किया गया। शहीद की पांच साल की बेटी निर्वी ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। तिरंगा रैली: शुक्रवार सुबह शहीद जयसिंह बांगडवा का पार्थिव देह गुढ़ा पंहुचा, गुढ़ा पंहुचने के बाद यहां से दर्जनों डीजे की धून पर 4 किमी तिरंगा रैली निकाली गई। इस दौरान रास्तें में झुंझुनू के इस लाडले को अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। दूडिया गांव के विभिन्न मागों से होती हुई उनकी पार्थिव देह उनके आवास पंहुची। इस दौरान वीरांगना सोनू कुमारी बेसूध हो गई। सामाजिक रस्मों रिवाजों के बाद उनकी पार्थिव देह को अंतेष्ठि स्थल ले जाया गया, जहां पर जयपुर से आई जाट बटालियन की 9 सदस्य टूकड़ी तथा पुलिस के जवानों की और से गार्ड आफ आर्नर दिया गया। नायब सुबेदार बिजू ने शहीद के परिजनों को तिरंगा सौपा। सैनिक कल्याण राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा, सांसद नरेन्द्र कुमार, एसडीएम रामसिंह राजावत, एएएसपी तेजपाल सिंह, डिप्टी सतपाल सिंह, तहसीलदार सुभाष स्वामी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने शहीद को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रंद्धाजलि दी। गौरतलब है कि दूडिया के ताराचंद बांगड़वा के दो बेटे थे इनमें से छोटे बेटे पिंटू बांगड़वा ने 11 माह पहले देश के लिए अपनी शहादत दी थी, दूसरे बेटे जयसिंह की 19 अक्टूबर की सुबह बैंगलूरू की पैरा युनिट में अचानक तबियत बिगड़ी जिसके बाद उन्हें सैना के अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया था। भाई की अंतेष्ठि स्थल के पास ही हुई दूसरे भाई की अंतेष्ठिः दूड़िया के बांगड़वा परिवार के दो बेटों ने देश की रक्षा करते हुए अपनी शहादत दी है। दोनो भाईयों की अंतेष्ठि 11 माह के अंतराल में एक ही जगह हुई। शहीद के पिता तारचंद ने छोटे बेटे पिन्टू के स्मारक के पास ही अपने बड़े बेटे जयसिंह की अंतेष्ठि की।

# जिला पुलिस लाईन में आयोजित पुलिस स्मृति एंव झंडा दिवस के मौके पर शहीदों को नमन किया गया

» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। जिला पुलिस कप्तान वरूण सिंगला ने शुक्रवार को जिला पुलिस लाईन में आयोजित पुलिस स्मृति एंव झंडा दिवस के मौके पर आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि शहीद किसी जाति,धर्म, व्यक्ति विशेष के न होकर राष्ट्र की धरोहर हैं और हमें शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेनी चाहिए। देश की रक्षा कर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद हमारे देश की अमूल्य धरोहर है। उन्होने कहा की हमें देश के शहीदो से प्रेरणा लेकर अपने जीवन मे प्रण करना चाहिये की हम अपने सामने आने वाली किसी भी चुनौती का द्दढता से सामना करेगें चाहे हमे इसके लिये प्राणो की भी आहुति क्यों न देनी पडे। इस अवसर पर देश के लिये शहीद हुये पुलिस व अर्ध सैनिक बल के जवानो को जिला पुलिस नूँह की तरफ से श्रद्वासुमन अर्पित कर उन्हे श्रद्वांजलि दी गई तथा इसके पश्चात पुलिस अधीकारियों व कर्मचारियों द्वारा एक दुसरे की शर्ट पर पुलिस ध्वज लगाकर पुलिस झंडा दिवस मनाया।

यहां यह बता दें कि, साल 1959 से चीन से सटी भारतीय सीमा की रक्षा में बलिदान देने वाले दस पुलिसकर्मियों की याद में यह खास दिन मनाना शरु किया गया। यह भी कहा कि देश की सीमा की रक्षा में लगे सैन्य बलों के बलिदान की आपने कई काहनियां सुनी होंगी लेकिन हमारे पुलिस कर्मियों के शौर्य और बलिदान का इतिहास भी किसी से कम नहीं है। कुछ ऐसा ही 21 अक्टूबर 1959 की है जब 10 पुलिसकर्मियों ने अपना बलिदान दिया था तब तिब्बत के साथ भारत की 2,500 मील की सीमा की निगरानी की जिम्मेदारी भारत के पुलिसकर्मियों की थी। इस घटना से एक दिन पहले 20 अक्टूबर 1959 को तीसरी बटालियन की एक कंपनी को उत्तर पूर्वी लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स नाम के स्थान पर तैनात किया गया था। इस कंपनी को 3 टुकडियों में बांटकर सीमा सुरक्षा की बागडोर दी गई थी। लाइन ऑफ कंट्रोल में जवान गश्त के लिये निकले। आगे गई दो टुकड़ी के सदस्य उस दिन दोपहर बाद तक लौट आये लेकिन तीसरी टुकड़ी के सदस्य नहीं लौटे। उसी टुकड़ी में दो पुलिस कॉस्टेबल और पोर्टर शामिल थे। अगले दिन फिर सभी जवानों को इक्ठा किया गया और. गुमशुदा लोगों (जवानों) की तलाश के लिये एक टुकड़ी का गठन किया गया। तब उस हमले में देश 10 वीर शहीद हो गए जबकि सात अन्य बुरी तरह घायल हो गये। यही नहीं, इन सातों घायल पुलिसकर्मियों को चीनी सैनिक बंदी बनाकर ले गये जबकि बाकी अन्य पुलिसकर्मी वहां से निकलने में कामयाब रहे। 13 नवंबर ,1959 को शहीद हुये दस पुलिसकर्मियों का शव चीनी सैनिकों ने लौटा दिया। उन पुलिसकर्मियों का अंतिम संस्कार हॉट स्प्रिंग्स में पूरे पुलिस सम्मान के साथ हुआ।

# आतिशबाजी विक्रेता को पुलिस ने किया गिरफ्तार लिखा पढ़ी कर भेजा जेल

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। बिछवा थाना क्षेत्र के गांव धारापुर में 18 अक्टूबर को पटाखे लेने गया एक युवक पटाखों में विस्फोट होने की वजह से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज एक जिला अस्पताल में भर्ती कराया साथ ही उसे की हालत को गंभीर देखते हुए आगरा रेफर कर दिया मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 30 किलो बारूद लगभग बरामद कर लिया। युवक फरार हो गया था जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घर से गिरफ्तार कर लिया जिसे लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया।

18 अक्टूबर को गांव धारापुर निवासी अमर सिंह पुत्र बीरबल के घर में रखें पटाखे व धरतीपटक गोले को खरीदने के लिए प्रिंस पुत्र रज्जन निवासी न्यू गाड़ीवान मोहल्ला मैनपुरी आया था जहां पटाखों में अचानक आग लग गई साथ ही हाथगौले हाथ से छूट गए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आनन-फानन में परिवार के लोगों ने सभी सामान को खेतों में छुपा दिया साथ ही साथ छुपाने के लिए घर में गोबर से लिपाई कर दी मामले की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक मैनपुरी एसडीएम कुरावली क्षेत्राधिकारी भोगांव के साथ अग्निशमन थाना पुलिस के कर्मचारी पहुंचे उन्होंने छुपाए हुए माल को बरामद कर लिया साथ ही अमर सिंह के विरुद्ध मामला दर्ज किया था पुलिस ने अमर सिंह पुत्र बीरबल को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया जेल भेज दिया।

16 अक्टूबर को मृतक पिता की हुई थी मौत आज होना था शांति यज्ञ।

पकड़े गए युवक अमर सिंह पुत्र बीरबल ने बताया के हादसा अचानक हुआ था उसके पास आतिशबाजी बनाने का लाइसेंस है जो पुलिस ने ले लिया है साथ ही 22 अक्टूबर को उसके पिता का शांति यज्ञ था उसके पिता को उसने ही दहा संस्कार किया था उनका शांति यज्ञ भी नहीं हो सका।

# भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं व्यवसायी विश्वनाथ बेसवाल पंचतत्व में विलीन हुए

» सुनील कुमार शर्मा, मदरलैंड संवाददाता



झुंझुनूं। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा पूर्व जिला कोषाध्यक्ष एवं अग्रवाल ट्रेडर्स के श्री विश्वनाथ बेसवाल व्यवसायी का आकस्मिक निधन 20 अक्टूबर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा गायत्री मंदिर के पीछे स्थित उनके निज निवास से मुक्तिधाम के लिए 21 अक्टूबर शुक्रवार प्रात 10:00 बजे प्रस्थान हुई जिसमें शहर के विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य, भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य जन ने उन्हें अंतिम विदाई देते हुए अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। वे अपने पीछे श्रीमती चंद्रकांता बेसवाल धर्मपत्नी, विनोद बेसवाल भाई, तीन सुपुत्र संदीप, प्रदीप एवं प्रवीण बेसवाल, चार भतीजे विकास, विपिन, रोहित एवं मोहित सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। श्री विश्वनाथ बेसवाल भारतीय जनसंघ के एक सच्चे सिपाही थे जिस समय भारतीय जनसंघ को कोई जानता नहीं था उस समय उन्होंने संघर्ष की मशाल जलाए रखी। आपातकाल के दौरान उन्होंने डीआइआर बंदी के रूप में अनेक लोकतंत्र सेनानियों के कारावास में रहने पर उनके पीछे से संगठन का काम एवं उनके परिवार की जिम्मेदारियां बड़ी भली भांति पूरी की। उन्होंने अपने जीवन में भारतीय जनसंघ को भारतीय जनता पार्टी में परिवर्तन होने तक सदैव एक समर्पित निस्वार्थ भाव से काम करने वाले कार्यकर्ता के रूप में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई। उनका यह संगठन के प्रति समर्पण भाव सदैव एक प्रेरणा के रूप में प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को मनोबल प्रदान करेगा। वे झुंझुनू भाजपा जिला कोषाध्यक्ष भी रहे। वे मंडावा के रहने वाले थे वर्षों पहले मंडावा से झुंझुनू आकर रहने लगे। अपनी कडी मेहनत एवं सच्ची निस्वार्थ सेवा से वे आज इस मुकाम पर पहुंचे। उनके बारे में चाहे व्यापारी हो, भाजपा कार्यकर्ता हो या अन्य कोई व्यक्ति हो कभी किसी काम के लिए गया तो उन्होंने मना नहीं किया। आगे बढ़कर चढ़कर उस व्यक्ति का जब तक कार्य पूरा नहीं हो जाता उनसे संपर्क में रहते थे किसी भी कार्य को पूरा करने में अपना काम थका कर सच्ची लगन से करना उनका ध्येय था। चुनाव चाहे नगर परिषद का हो, या एमएलए का हो या एमपी का हो वे सच्चे कार्यकर्ता के नाते पार्टी कैंडिडेट के साथ खड़े रहते थे। उनका किसी निजी संपर्क का आदमी भी यदि चुनावों मे पार्टी के विरुद्ध खड़ा हो जाता था तो उन्होंने कभी भी पार्टी के विरुद्ध जाकर पार्टी को कभी नुकसान नहीं पहुंचाया अपितु अपनी पहचान पार्टी के एक निष्ठावान सिपाही के रूप में बनाई। यही वजह थी कि पार्टी के कद्दावर नेता भैरों सिंह शेखावत एवं मदन लाल सैनी सहित अन्य नेता सैकड़ों की भीड़ में उन्हें व्यक्तिगत नाम से पहचानते थे उनसे आत्मीयता से मिलते थे।

# बाल भारती के छात्र नितिन ने पास की पीसीएस 2021 की परीक्षा

» मदरलैंड संवाददाता

- बिद्यालय मे आयोजित समारोह मे किया गया छात्र अभिनन्दन



मैनपुरी। बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोटा रोड के सभागार मे आयोजित सम्मान समारोह मे सस्थान के पूर्व छात्र नितिन यादव द्वारा 2021की पीसीएस परीक्षा उतीर्ण करके जनपद मैनपुरी का गौरव बढ़ाया बाल भारती संस्थान मे जश्न का माहौल है। संस्थान मे आयोजित समारोह मे हुए अभिनन्दन के उपरान्त नितिन यादव द्वारा बताया गया कि उन्होंने बाल भारती से कक्षा 6से 10 तक की शिक्षा प्राप्त की उन्होंने बताया कि 2014 मे हाई स्कूल इसी विद्यालय से पास किया मूलरूप से ग्राम घुटारा निवासी नितिन यादव ने विद्यालय के बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन मे अनुशासन का बड़ा महत्व है उन्होंने अपने स्कूली स्मरण मे बताया कि मैने स्कूल के सबसे छोटे कर्मचारी नत्थू लाल जी के निदेशों की अवहेलना नहीं की। आज उसी का परिणाम है कि मै चंद दिनों मे बीडिओ के पद को जोइन करेंगे।

इस कार्यक्रम मे प्रवंधक डॉ उदय शर्मा द्वारा नितिन यादव को शाल्यार्पण,माल्यार्पण व मिस्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के अनन्द् शर्मा,जैनेन्द्र सिंह, धर्मेद्र कुमार,राजनेश सिंह, रवी मोहन,राम कुमार,विनय कुमार,अश्वनी कुमार,सियाराम प्रतिहार,ब्रजराज सिंह एवं सर्वेश कुमार, सोनी शाक्य एवं शालवी शर्मा के साथ विद्यालय के सभी छात्र छात्राँए मौजूद थी।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वदेशी मेला में विधानसभा अध्यक्ष ने की शिरकत

देहरादून, एजेंसी। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्मृति विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वदेशी मेला में उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शिरकत की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पहाड़ी उत्पादों को बढ़ावा देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हर साल की भांति स्वदेशी जागरण मंच द्वारा भाजपा कार्यालय मैदान छह नंबर पुलिया रिंग रोड़ देहरादून में नौ दिवसीय स्वदेशी मेले का आयोजन किया गया है। स्वदेशी मेले में स्वरोजगार, उत्तराखंड की संस्कृति स्थानीय एवं पहाड़ी उत्पादकों के समान के स्टॉल लगाए गए हैं। इस दौरान लोक कलाकारों के द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि देश में स्वदेशी के प्रति जागरूकता व देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने का मंत्र ही स्वदेशी है। विधानसभा अध्यक्ष ने स्वदेशी जागरण मंच की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के मेलों के आयोजन का उद्देश्य समाज में स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरुकता फैलाना है स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा संचालित मेक इन इण्डिया अभियान से भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बढ़ी है। इस अवसर पर अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मंत्री रेखा आर्य ने 35 हजार आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिया बड़ा तोहफा

देहरादून, एजेंसी। दीपावली से पूर्व महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने प्रदेश में कार्यरत करीब 35 हजार आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बड़ा तोहफा दिया है। एक ओर जहां कल मंत्री रेखा आर्या ने समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के खातों में अक्टूबर माह के मानदेय का डिबीटी के जरिये भुगतान किया, तो वहीं आज अपने यमुना कॉलोनी स्थित शासकीय आवास पर विभागीय मंत्री ने समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के खातों में एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का पीएफएएस के माध्यम से भुगतान किया। यह धनराशि कुल तीन करोड़ की है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार और धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि आज जिस प्रकार से मुख्यमंत्री ने आंगनवाड़ी बहनों को दीपावली पर एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की निश्चित तौर पर इससे हमारी आंगनबाडी बहनों का मनोबल बढेगा और वह आर्थिक रूप से मजबूत होंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि विभागीय मुखिया होने के नाते उनकी हमेशा यह कोशिश रहती है कि वह विभागीय अधिकारियो, कर्मचारियों के हित में हर संभव कार्य करें। इस अवसर पर इसके साथ ही मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि आंगनवाड़ी बहनें विभाग की एक मजबूत कड़ी हैं, आंगनबाड़ी बहनों ने कोरोना काल हो और अन्य समय पर भी विभाग के कार्यों को सफल बनाने का कम किया है। आंगनवाड़ी बहनों के प्रति मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गंभीर हैं और आज उन्हीं के प्रयासों से इस दीपावली पर हम समस्त आंगनबाड़ी बहनों के लिए प्रोत्साहन राशि वितरित कर रहे हैं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने विभागीय अधिकारियो क साथ बैठक भी की। बैठक में विभागीय कैबिनेट मंत्री ने सभी जिलों में बनने वाले छात्रावास, मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रो के उच्चीकरण, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया जाने वाला प्रशिक्षण सहित कई विषयो पर चर्चा की। कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान जिलों में बनने वाले छात्रावास का जल्द प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

### अस्पतालों की व्यवस्थाओं में सुधार कर उन्हें दुरूस्त करने की जरूरतः बृजेश शुक्ला

देहरादून, एजेंसी। सेनि ऑनरेरी सूबेदार मेजर बृजेश कुमार शुक्ला ने कहा है कि आज उनकी बेटी स्वर्गीय रूचि शुक्ला का जन्म दिन है और इस दिन को वह स्वास्थ्य सेवाओं को भ्रष्टाचार से मुक्त कराने का संकल्प लेते हैं कि अन्य किसी की बेटी के साथ ऐसा न हो, इसके लिए वह लोगों को व्यापक स्तर पर जागरूक करने का काम कर रहे है। आज परेड ग्राउंड स्थित उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उनहोंने कहा कि अस्पतालों की व्यवस्थाओं में सुधार कर उन्हें दुरूस्त करने की आवश्यकता है ताकि किसी मरीज को अपनी जान न गंवानी पड़े। उन्होंने कहा कि कोरोना काल जैसी आपदा में जिस तरह से लोगों ने अपनी जान गंवाई और भविष्य में ऐसी आपदा से निपटने के लिए पर्याप्त सुविधायें मुहैया कराई जाये। उन्होंने कहा कि अस्पताल में डाक्टर व स्टाफ की लापरवाही से अगर किसी की जान जाती है तो उसकी जवाबदेही अस्पताल संचालक की होनी चाहिए और उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई का प्रावधन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दवाओं की कीमत और डाक्टर की फीस को पारदर्शी बनाया जाये। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी स्वर्गीय रूचि शुक्ला को न्याय दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि अस्पताल की शिकायत के लिए एक टोल फ्री नंबर की व्यवस्था भी शासन द्वारा कराई जाये ताकि मरीज के परिजन अपनी शिकायत शासन व प्रशासन को कर सके। इस अवसर पर अनेकों जन शामिल रहे।

### कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से की निदेशक सैनिक कल्याण अमृत लाल ने मुलाकात

देहरादून, एजेंसी। प्रदेश के कृषि व कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी से उनके निजी आवास में निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अमृत लाल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने ब्रिगेडियर अमृत लाल से विभाग से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान डायरेक्टर सैनिक कल्याण अमृत लाल ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी को दीपावली की अग्रिम बधाई ओर शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर इसके साथ ही विभागीय मंत्री गणेश जोशी का कुशलक्षेम भी जाना और उन्हें भी दीपावली की बधाई व शुभकामनायें दी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने 3400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

देहरादून, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सीमा पर स्थित उत्तराखण्ड के माणा गांव में आयोजित कार्यक्रम में 3400 करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें गौरीकुंड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब दो नई रोपवे परियोजनाओं सहित दो सड़क चैड़ीकरण परियोजनाएं - माणा से माणा पास (एनएच - 07) और जोशीमठ से मलारी (एनएच 107बी) शामिल हैं।

यात्रा का कम से कम 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें पर्यटक

प्रधानमंत्री ने माणा गांव के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किये गये स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि माताओं व बहनों ने बहुत अच्छा काम किया है। पैकेजिंग वगैरह में मन प्रसन्न हो गया। प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल का जिक्र करते हुए देशवासियों से आग्रह किया कि जहां भी जाएं एक संकल्प करें कि यात्रा पर जितना भी खर्च करते हैं उसका कम से कम 5 प्रतिशत वहां के स्थानीय उत्पाद खरीदने पर खर्च करें। इन सारे क्षेत्रों में इतनी रोजी रोटी मिल जायेगी, आप कल्पना भी नहीं कर सकते।

**सीमावर्ती गांवों में विकास जीवन का उत्साह हो**

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड काल में कोरोना की वैक्सीन पहाड़ों तक पहुंचाई गई। इसमें उत्तराखण्ड और हिमाचल में बेहतर काम किया गया। गरीब कल्याण योजना में उत्तराखण्ड के लाखों लोगों को लाभ मिला। डबल इंजन सरकार ने होम स्टे और स्किल डेवलपमेंट से युवाओं को जोड़ा है। पहाड़ी क्षेत्रों के युवाओं को एनसीसी से जोड़ रहे हैं। विकास कार्यों में तेजी आई है। पर्यटन का विस्तार हो रहा है। जल जीवन मिशन से गांवों तक नल से जल पहुंचाया जा रहा है। मल्टी मॉडल कनेक्टीवीटी प्रदान करने के लिये काम किया जा रहा है। सागरमाला, भारतमाला की तरह अब पर्वतमाला परियोजना पर काम होने जा रहा है। रोपवे पर बहुत बड़ा काम होने जा रहा है। बॉर्डर के गांवों में चहल पहल बढ़नी चाहिए। विकास जीवन का उत्साह होना चाहिए। जो कभी गांव छोड़कर गये है, उनका वापस लौटने का मन करे, हमें ऐसे जिंदा गांव बनाने हैं।

**सीमाओं पर बसा हर गांव देश का पहला गांव**

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा माणा को भारत के अन्तिम गांव की बजाय देश का पहला गांव कहे जाने पर मुहर लगाते हुए कहा कि अब तो मेरे लिये भी सीमाओं पर बसा हर गांव देश का पहला गांव ही है। पहले जिन इलाकों को देश के सीमाओं का अंत मानकर नजर अंदाज किया जाता था, हमने वहां से देश की समृद्धि का आरंभ मानकर शुरू किया। लोग माणा आएं , यहां डिजिटल टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि माणा गांव से जुड़ी अपनी पुरानी स्मृति बताते हुए कहा कि आज से 25 वर्ष पहले जब वह उत्तराखण्ड में भाजपा के सामान्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य



करते थे एक अनजाने जीवन के रूप में अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे तो उस समय उनके द्वारा माणा में उत्तराखण्ड भाजपा कार्यसमिति की बैठक बुलाई गई थी, तो मेरे कार्यकर्ता नाराज भी हुए थे इतने दूर इतनी मेहनत से जाना पड़ेगा। तब मेरे द्वारा कहा गया कि जिस दिन हमारे दिल में माणा गांव का महत्व पक्का हो जायेगा ना उस दिन उत्तराखण्ड की जनता के दिल में महत्व बन जायेगा। और उसी का परिणाम है, माणा गांव की मिट्टी की ताकत है आप सभी का आशीर्वाद है। माणा की धरती के आशीर्वाद से हमें दोबारा सेवा करने का मौका मिला है।

**21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज का दिन बाबा केदार और बाबा बद्री विशाल के दर्शन करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करके जीवन धन्य हो गया है तथा यह पल पल मेरे लिये चिरंजीवी हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बाबा के सानिध्य में, बाबा के आदेश से, बाबा के कृपा से पिछले बार जब मैं आया था तो कुछ शब्द मेरे मुंह से निकले थे कि 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का है। मैं आप सभी को बताना चाहूंगा कि वह शब्द मेरे नहीं थे, वे शब्द बाबा के आशीर्वाद से मेरे मुख से निकले थे। आज मैं आप सभी के बीच इन नई परियोजनाओं के साथ फिर वही संकल्प दोहराने आया हूं।

**विकसित भारत के दो प्रमुख स्तंभ, अपनी विरासत पर गर्व और विकास के लिए प्रयास**

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के विकसित भारत के दो प्रमुख स्तंभ है, पहला अपनी विरासत पर गर्व और विकास के लिए हर संभव प्रयास। उत्तराखण्ड इन दोनो ही स्तम्भों को मजबूत कर रहा है। आज मुझे दो रोपवे के शिलान्यास का मौका मिला है। इससे केदारनाथ जी और हेमकुण्ड साहिब के दर्शन करना और आसान हो जायेगा। इन रोपवे से काम करने वाले लोगों पर देश के 130 करोड़ लोगों का आशीर्वाद बरसने वाले हैं। श्रमिकों और एंव इंजिनियरों से बात करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि वे भगवान का काम कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इन काम में लगे मजदूरों का ध्यान रखने का आग्रह किया।

**आस्था के केंद्र हमारे लिये प्राणशक्ति**

प्रधानमंत्री ने कहा कि गुलामी की मानसिकता ने लोगों को ऐसा जकडा हुआ है कि प्रगति का हर कार्य कुछ लोगों को अपराध की तरह लगता है। विदेशों में संस्कृति से जुड़े ऐसे कार्यों की तारीफे की जाती थी और भारत में नहीं। गुलामी की मानसिकता ने हमारी पूजनीय आस्था स्थलों को जर्जर स्तर पर ला दिया था। दशकों तक हमारे धार्मिक स्थलों की अवहेलना हुई। आस्था के यह केन्द्र सिर्फ ढ़ांचा नही बल्कि हमारे लिये यह प्राणशक्ति है। वह हमारे लिये ऐसे शक्तिपूंज है जो कठिन से कठिन परिस्थतियों में भी हमें जीवंत बनाये रखते हैं। आज अयोध्या, काशी, उज्जैन अपने गौरव को पुनः प्राप्त कर रहे है। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम को श्रद्धा के साथ आधुनिकता से जोडा जा रहा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है, गुजरात के पावागढ़ में मां काली के मंदिर से लेकर देवी विंध्यांचल कोरिडोर तक भारत अपने सांस्कृतिक उत्थान का आह्वान कर रहा है। आस्था के इन स्थलों पर पहुंचना, हर श्रद्धालु के लिए सुगम एवं आसान हो गया है। विश्वास है कि देश की नई पीढ़ी के लिए भी यह श्रद्धा का आकर्षण का केन्द्र बनेंगे। अब हमारे दिव्यांग साथी भी दर्शन कर रहे हैं।

# सीडीओ ने हरिद्वार महोत्सव आयोजन के सम्बन्ध में ली बैठक




हरिद्वार, एजेंसी। मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार रोशनाबाद में प्रस्तावित हरिद्वार महोत्सव-2022 के आयोजन के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित हुई। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बीर सिंह बुदियाल ने बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन को अवगत कराया कि प्रस्तावित हरिद्वार महोत्सव-2022 (आगामी दिसम्बर में 09 से 13 दिसम्बर,2022 तक) के आयोजन के लिये बायलॉज ड्राफ्ट कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में महोत्सव के आयोजन के लिये किस तरह से वित्तीय व्यवस्थायें की गयी थीं, के सम्बन्ध में वित्तीय संचालन उप समिति द्वारा बैठक आयोजित करके विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त वित्तीय संचालन समिति ने हरिद्वार महोत्सव में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के स्पांसरशिप के लिये कई उद्योगों/संस्थाओं से वार्ता की,जिसका काफी अच्छा सकारात्मक परिणाम सामने आया है। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि हरिद्वार महोत्सव के आयोजन के सम्बन्ध में एक प्रस्तावित विवरणिका कल तक तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि महोत्सव में कितने बजे से कितने बजे तक स्थानीय कार्यक्रम रहेंगे तथा कितने बजे से कितने बजे तक बॉलीवुड नाइट का आयोजन किया जायेगा, के सम्बन्ध में भी समय निर्धारित कर लिया जाये। उन्होंने ये भी निर्देश दिये कि हरिद्वार महोत्सव की ई-मेल भी तैयार कर ली जाये। उन्होंने कहा कि महन्दी प्रतियोगिता, पेण्टिंग प्रतियोगिता, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता, भजन संध्या आदि जितने में आयोजन हरिद्वार महोत्सव में किये जाने हैं, के सम्बन्ध में स्थान व समय जल्द से जल्द निर्धारित कर लिया जाये ताकि हरिद्वार महोत्सव के आयोजन का पूरा स्वरूप एक दृष्टि में सामने आ जाये। उन्होंने हरिद्वार महोत्सव स्थल का जिक्र करते हुये अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रमुख हरिद्वार महोत्सव आयोजन स्थल-ऋषिकुल मैदान परिसर को विभिन्न जोन-फूड कोर्ट जोन, फैब्रिक जोन, उत्तराखण्ड जोन आदि की थीम पर विकसित किया जाये। बैठक में इवेण्ट मैनेजर आदि के सम्बन्ध में भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुये टीम भावना से सौंपे हुये दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चि करें। इस अवसर पर सचिव एचआरडीए उत्तम सिंह चैहान, संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की अभिनव, सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार सिंह, एसडीएम पूरण सिंह राणा, एमएनए दयानन्द सरस्वती, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बृजेश तिवारी, एसडीएम रूड़की विजयनाथ शुक्ल, मुख्य कोषाधिकारी सुश्री नीतू भण्डारी, परियोजना निदेशक विक्रम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुमार खगेन्द्र, सचिव रेडक्रास डॉ. नरेश चैधरी, आरएम सिडकुल गिरधर रावत, महाप्रबन्धक उद्योग सुश्री पल्लवी गुप्ता, मुख्य उद्यान अधिकारी नरेन्द्र यादव, जिला शिक्षा अधिकारी (मा.) नरेन्द्र हल्दियानी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण सुरेश तोमर, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई सुश्री मंजू, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुश्री सुलेखा सहगल सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पीएम मोदी को ज्ञापन देने जा रहे उक्रांद नेता कर्णप्रयाग तहसील में नजरबंद

देहरादून, एजेंसी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केदारनाथ और बद्रीनाथ धामों में दर्शन लाभ लिया और कुछ योजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उत्तराखंड क्रांति दल के प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व करते हुए बद्रीनाथ जाना था और हम कल सुबह रुद्रप्रयाग से बद्रीनाथ के लिए चल पड़े थे। पहले तो हमारे युवा नेता मोहित डिमरी को तिलवाड़ा पुलिस चैकी में रोका गया, किसी तरह पुलिस ने अपने जनपद से बाहर चमोली को जाने की अनुमति तो दे दी परंतु गौचर पुलिस थाने को हमारे चमोली जिले में प्रवेश करने की सूचना दे दी। इस अवसर पर दल के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एपी जुयाल ने बताया कि परिणाम स्वरूप गौचर पहुंचते ही पुलिस द्वारा हमें रोक लिया गया और हमें बद्रीनाथ जाने का अनुमति पत्र दिखाने को कहा गया। उन्होंने कहा कि हमने पुलिस ने बहुत अनुरोध किया कि हमें गोपेश्वर जिला मुख्यालय तक जाने दें हम जिलाधिकारी या प्रोटोकॉल अधिकारी से मिलकर प्रधानमंत्री से मिलने की अनुमति ले लेंगे और अनुमति न मिलने की स्थिति में अपना ज्ञापन किसी भी मजिस्ट्रेट को सौंप कर वापस आ जायेंगे। उन्होंने कहा कि परन्तु हमें पुलिस के घेरे में कर्णप्रयाग तहसील में नजरबंद कर लिया गया। उप जिलाधिकारी एवं ड्यूटी पर तैनात प्रभारी पुलिस निरीक्षक द्वारा जानकारी दी गई कि कर्णप्रयाग से आगे गोपेश्वर, चमोली, जोशीमठ कहीं पर भी जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय अथवा पुलिस थाने, चैकियों पर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं है सभी अधिकारी बद्रीनाथ गये हैं, और हमें कर्णप्रयाग में ही अपना प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कर्ण प्रयाग को सौंपने को विवश किया गया। उन्होंने कहा कि हम दिन भर लोकतांत्रिक तरीके से धरने पर बैठ गए और अंत में जब प्रशासन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा की दृष्टि से अपनी विवशता जाहिर की तो हमने अपना ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि हालांकि हम संख्या बल में बहुत बड़ी भीड़ भी होते तो भी हमारा ज्ञापन किसी मजिस्ट्रेट के माध्यम से ही दिया जाना था परन्तु क्या राज्य की भाजपा सरकार इतनी डरी हुई है कि किसी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने नहीं देना चाहती ताकि उनके कुशासन, भ्रष्टाचार, घोटालों की जानकारी प्रधानमंत्री को न मिल सके या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने ही देश में इतने असुरक्षित हैं कि उन्हें बद्रीनाथ व केदारनाथ जैसे शांत, लगभग आबादी विहीन क्षेत्रों में भी इतना खतरा है।

### डॉ. मनु शिवपुरी हरिद्वार अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन की प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

देहरादून, एजेंसी। अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन भारत सरकार कंपनी एवं विधि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा डॉ. मनु शिवपुरी को प्रदेश अध्यक्ष का पद प्रदान किया गया है एवं प्रदेश सचिव का पद इंजीनियर अर्क शर्मा को प्रदान किया गया। इस अवसर पर हरिद्वार अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनु शिवपुरी द्वारा आम उपभोक्ता को जागरूक करने के लिए तथा आम उपभोक्ताओं को नवीन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की जानकारी प्रदान की एवं उत्तराखंड में ताकि जल्द ही सभी जिलों में संगठन की जिला कार्यकारिणी के विस्तार करने हेतु एक मीटिंग रखी गई जिसमें कई जिलों से आए संगठन के पदाधिकारियों को संगठन के बारे में जानकारी दी गई तथा जिले के पदाधिकारियों से अपने अपने जिले में शीघ्र ही संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इस अवसर पर आम उपभोक्ताओं के हितों में कार्य करने के बारे में बताया गया तथा



स्कूलों में छात्र उपभोक्ता क्लब के गठन के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर संजीव बालियान ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि दीपावली के इस त्यौहार में जागरूक होकर खरीदारी करें तथा प्रत्येक खरीदी गई वस्तुओं का पक्का बिल एवं रसद लेना ना भूलें। इस अवसर पर तरुण शर्मा एवं अधिवक्ता चेतन शर्मा ने भी जागरूक किया कि जो भी ज्वैलरी खरीदते वक्त उस पर हॉल मार्किंग तथा आईएसओ मारका लगा होना चाहिए और केवल ऐसी वस्तुओं को ही खरीदें। इस अवसर पर दिव्यांश शर्मा ने कहा कि भ्रामक विज्ञापनों में न आए जागरूक होकर खरीदारी करें। इस अवसर पर अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रानीपुर क्षेत्र से एक करोड़ की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

## आरोपी से भारी मात्रा में स्मैक बरामद

हरिद्वार, एजेंसी। कोतवाली रानीपुर और सीआईयू की सयुंक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार सवार एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से टीम ने भारी मात्रा में स्मैक बरामद की है। अन्तरराष्ट्रीय बाजार में स्मैक की कीमत एक करोड़ बतायी जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल वाहन को सीज कर दिया। इस बात की जानकारी एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार ने कोतवाली रानीपुर परिसर में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर प्रदेश में चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत रानीपुर पुलिस क्षेत्र में लगातार अभियान चलाये हुए है। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की एक बिना नम्बर प्लेट के सफेद रंग का पिकअप वाहन से भारी




मात्र में स्मैक रेगुलेटर पुल मार्ग से रानीपुर क्षेत्र में लायी जा रही है। सूचना को गम्भीरता से लेते हुए सीआईयू को भी सूचित किया गया। पुलिस और सीआईयू की संयुक्त टीम ने रेगुलेटर पुल पर चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। इसी दौरान बिना नम्बर प्लेट का सफेद रंग का पिकअप वाहन आता नजर आया। वाहन चालक पुलिस की चैकिंग को देखकर वाहन को पीछे मोड़ कर भागने का प्रयास करने लगा। जिस पर टीम ने उसको घेर घोट कर रोक लिया और चालक को दबोच लिया। टीम ने वाहन से 200 ग्राम स्मैक बरामद किया। जिसकी अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ बतायी जा रही है। टीम आरोपी व वाहन को लेकर कोतवाली पहुंची। कोतवाली में पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम रिजवान पुत्र इरफान निवासी ग्राम भगवानपुर चन्दरपुर थाना मंगलौर हरिद्वार बताते हुए खुलासा किया कि वह स्मैक को मुरादाबाद से सब्बीर नाम के व्यक्ति से खरीद कर रावली महदूद, सलेमपुर, सिडकुल ले जा रहा था कि पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# केदारनाथ में पीएम मोदी की पूजा कांग्रेस नेता को नहीं आई रास

चमोली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिला में केदारनाथ मंदिर में दर्शन के बाद चमोली में बदरीनाथ धाम पहुंचे। पहले भोलेनाथ शिव और फिर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। उत्तराखंड की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी प्रदेश के लिए कई सौगात लेकर पहुंचे हैं। हालांकि, पीएम मोदी की पूजा-अर्चना कांग्रेस नेता और दिल्ली के पूर्व सांसद उदित राज को पसंद नहीं आई। कभी भाजपा में रहे उदित राज ने पीएम को 'हिंदू धर्म की कुरीतियों' को दूर करने में जुटने की सलाह देकर विवाद को बढ़ा दिया है। भाजपा ने इसे खास वोट बैंक को साधने की कोशिश करार दिया है। उदित राज ने धर्मांतरण को लेकर आरएसएस की ओर



से जाहिर की गई चिंता का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी आजकल ज्यादा समय तीर्थ स्थलों में बिता रहे हैं। उन्होंने पीएम बदलने की मांग करते हुए कहा कि मोदी को हिंदू धर्म की कुरीतियों को दूर करने में पूरा समय देना चाहिए। उदित राज ने ट्वीट किया, 'प्रयाग राज में आरएसएस चिंतित है कि धर्मांतरण हो रहा है। पीएम मोदी आज छठे बार केदारनाथ दर्शन करने पहुंचे। आज कल ज्यादतर समय तीर्थ स्थलों में बिता रहे हैं'। आरएसएस मोदी जी को पूरा समय हिन्दू धर्म की कुरीतियों को खत्म करने में लगाएं ताकि धर्मांतरण रुके और पीएम किसी और को बनाएं। बीजेपी प्रवक्ता शहनाज पूनावाला ने उदित राज के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई और इसे गुजरात चुनाव से जोड़ा है। उन्होंने कहा, 'एक और उदाहरण। शिवराज पाटिल से लेकर उदित राज तक, ये बयान संयोग नहीं है, बल्कि वोट बैंक के प्रयोग और उद्योग हैं। गुजरात में चुनाव से पहले आप और कांग्रेस में प्रतियोगिता है कि कौन कट्टर हिंदू नफरत से वोटबैंक का ध्रुवीकरण कर सकता है।

# कांग्रेस ने उत्तरकाशी जिले के पुरोला विधानसभा में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर सरकार पर बोला हमला

**गोविंद वन्य जीव विहार पुरोला के उप निदेशक का काम के बादले 40 परसेंट कट की डिमांड पर कांग्रेस प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने सरकार को घेरा**

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी ने कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान उत्तरकाशी जिले के पुरोला विधानसभा में हो रहे भ्रष्टाचार पर हमला बोला। इस अवसर पर दसौनी ने कहा आज प्रदेश में भ्रष्टाचार का यह आलम है कि स्वयं सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं और विधायकों को मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी अधिकारियों की शिकायत सार्वजनिक रूप से करनी पड़ रही है परंतु विडंबना ये है की उनकी शिकायतों की भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस अवसर पर दसौनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला गोविंद वन्य जीव विहार पुरोला का



है जिसके उप निदेशक के पद पर डीपी बडोनी कार्यरत हैं। दसौनी ने कहा कि भाजपा के सांकरी के मंडल अध्यक्ष सूरज रावत ने स्थानीय विधायक को उपरोक्त निदेशक के स्थानांतरण हेतु शिकायती पत्र लिखा है जिसमें सूरज रावत ने यह साफ तौर पर लिखा है कि उक्त अधिकारी काम के बदले 40 परसेंट कट की डिमांड करता है। उन्होंने कहा कि और स्थानीय जनता के साथ भी उसका व्यवहार ठीक नहीं है और तो और सूरज रावत ने बलूनी पर संगीन आरोप लगाते हुए कहा कि जो भी ठेकेदार 40 परसेंट कट नहीं देता उसका बिल पास नहीं किया जाता है। इस अवसर पर दसौनी ने बताया कि सूरज रावत के पत्र का संज्ञान लेते हुए स्थानीय विधायक दुर्गेश्वर लाल ने मुख्यमंत्री को पुरोला वन्य जीव विहार में हो रहे इस भ्रष्टाचार की जानकारी देते हुए उक्त अधिकारी के स्थानांतरण की प्रार्थना की है। दसौनी ने कहा कि सूत्रों के अनुसार अधिकारी का स्थानांतरण तो नहीं हो पाया है परंतु बड़ा सवाल यह नहीं है कि स्थानांतरण हुआ या नहीं बड़ा सवाल यह है कि इस भ्रष्ट अधिकारी की शिकायत मिलने पर भी धामी अपना धाकड़ पना कब दिखाएंगे।

**संक्षिप्त समाचार**

## दीवाला मेला में छात्राओं ने लोगों ने दिखाया भारी उत्साह



मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, हांसी। सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में को प्राचार्य डा0 सुरेश कुमार गुप्ता जी की अध्यक्षता में दीवाली मेला का आयोजन किया गया। दीवाली मेला का आयोजन कॉमर्शियल आर्टस की विभागाध्यक्ष सलोनी एवं वुमन सैल नोडल ऑफिसर अनिल कुमारी, फैशन डिजाईनिंग की कुमारी मानवी के नेतृत्व से किया गया। छात्राओं द्वारा हस्तानिर्मित बाल गोपाल पोशाक, दीये, बदंनवार, दुपट्टे व दीवाली के उपभोग की अन्य वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में मुख्यता कॉमर्शियल आर्ट की छात्राओं ने भाग लिया। इस मेले का मुख्य उदेश्य छात्राओं को व्यावसायिक होने का अनुभव प्राप्त करवाना है जिसमें वे सफल रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी प्राध्यापिकाऐं मौजूद रही व छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए उनसे खरीददारी की ।

## सड़क पर बाधा डालने और मारपीट कर छीना-झपटी के मामले में एक ओर आरोपित को किया गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता ,कनीना। थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने सड़क पर बाधा डालने और मारपीट कर छीना-झपटी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया, गिरफ्तार आरोपित की पहचान अनिल उर्फ लीला वासी मालडा सराय के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित से पूछताछ करते हुए एक डंडा और कुछ नकदी बरामद की है। आरोपितों ने थाना सदर कनीना के क्षेत्र में रास्ता रोककर मारपीट करने और नकदी, पर्स और अन्य सामान छीनने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने द्वारा 3 आरोपितों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। जिनसे पूछताछ में पुलिस ने नकदी, एटीएम, पेचकस और वारदात में प्रयोग की हुई एक बाइक बरामद की थी। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदीप वासी बवाना ने थाना सदर कनीना में शिकायत देते हुए बताया कि वह रात के समय अपना आवश्यक कार्य निपटाकर बाइक से अपने गांव बवाना जा रहा था। गांव बवाना में प्रवेश से पहले बनी के रोड पर अचानक कुछ युवकों ने चार मोटरसाइकिल रोड के आर पार लगाकर रोड जाम कर दिया और जबरदस्ती उसकी मोटरसाइकिल रोक ली। शिकायतकर्ता ने बताया कि इसके बाद बदमाशों ने चाकू, पेचकस, लात-मुक्कों से जान से मारने की नियत से और लूटने की नियत से हमला कर दिया। इसके बाद उससे पर्स, एटीएम और अन्य कागजात लूट लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक ओर आरोपित अनिल को गिरफ्तार कर पूछताछ में आरोपित से नकदी और वारदात में प्रयोग किया हुआ एक डंडा बरामद किया है।

## यूरो स्कूल कनीना में मनाया ग्रैंड पेरेंट्स डे

मदरलैंड संवाददाता ,कनीना। यूरो ग्रुप ऑफ स्कूल बेहतर शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक शिक्षा के लिए भी अत्यधिक सचेत है। इसी प्रकार की व्यवहारिक शिक्षा का सुंदर संदेश देते हुए यूरो स्कूल कनीना के प्रांगण में ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया। इसी कड़ी में बच्चों ने कार्यक्रम मे भाग लेने आए सभी अतिथिगणों का स्वागत मधुर स्वागत गीत से किया गया। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों ने उत्साह से बढ़ चढ़कर भाग लिया और सुंदर-सुंदर प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने दादा जी की छड़ी, प्यारी दादी मां, नानी तेरी मोरनी, हानिकारक बापू, चांद-सी प्यारी दादी माँ, आज है संडे व ओम्‌सांई राम जैसे गानों पर अपनी मधुर प्रस्तुतियां दी। बच्चों के साथ आए अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिससे अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में म्यूजिकल चेयर, थ्रेड नीडल व गोलगप्पे खाओ आदि प्रतियोगिताएं शामिल थी। इस शुभ अवसर पर यूरो ग्रुप ऑफ स्कूल के चेयरमैन सत्यवीर यादव, शैक्षणिक निदेशक डॉ राजेंद्र यादव, प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि आज इस प्रतिस्पर्धा वाले दौर में में बच्चे अपनी संस्कृति और संस्कारों को धीरे-धीरे बच्चों में अपनी संस्कृति और अच्छे संस्कारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो सके व वे अपने उज्ज्वल भविष्य व अपने पारिवारिक संबंधों के प्रति जागरूक हो। साथ ही उन्होंने बताया कि हमारे बुजुर्ग अपने परिवार के स्तंभ होते हैं। हमें उनका पूरा सम्मान व सत्कार करना चाहिए। अगर हम आज अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देंगे तो ही हम एक आदर्श समाज की स्थापना कर सकेंगे।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

## शिक्षा के साथ-साथ बौद्धिक विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करना आवश्यक : डीसी

### जिला स्तर पर प्रथम आने वाली टीमें राज्य स्तर पर करेंगी जिले का प्रतिनिधित्व :दलबीर सिंह



» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से आज नेताजी सुभाष चन्द्र बोस खेल स्टेडियम नारनौल में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ जय कृष्ण आभीर ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की तथा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डीसी डॉ जयकृष्ण आभीर ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बौद्धिक विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए प्रेरित करें। इस क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सीमित साधनों के होते हुए भी यहां के कलाकारों ने अपनी पहचान बनाई है।

जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी दलबीर सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां किशोर अवस्था में व्यक्तिगत विकास में अहम भूमिका अदा करती है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम आने वाली टीमें राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

वाईसीओ संदीप संघी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि कल अभिनय, शास्त्रीय नृत्य व वाद्य यंत्र वादन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

आज की प्रतियोगिताओं में लोकगीत प्रतियोगिता में यदुवंशी डिग्री कालेज नारनौल प्रथम रहा। एसडी स्कूल ककराला व हरियाणा पब्लिक स्कूल नारनौल ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। युवा क्लब गहली व नवयुवक क्लब गहली संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। सामुहिक लोक नृत्य प्रतियोगिता में माता मरियम जनसेवा विद्यालय नारनौल प्रथम रहा। आरपीएस स्कूल महेन्द्रगढ़, यदुवंशी डिग्री कालेज नारनौल व एसडी स्कूल ककराला की टीमें संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रही। हरियाणा पब्लिक स्कूल नारनौल व यदुवंशी शिक्षा निकेतन थनवास संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। अप्रतियोगिता श्रेणी में हुए कार्यक्रम में माता मरियम जनसेवा विद्यालय नारनौल की टीम प्रथम, हरियाणा पब्लिक स्कूल नारनौल की टीम द्वितीय व नवयुवक क्लब गहली तृतीय स्थान पर रहा।

## बाजार की रौनक बने दिवाली के दीये



» मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना। पिछले दो सालों से कोविड के चलते सभी ने दिवाली नहीं मनाई इस बार सभी दिवाली बड़ी धूमधाम मना रहे हैं और अपने घरों को खूब सजाने में लगे हुए हैं इंटीरियर डिजाइनर प्रिया कपूर ने बताया कि दुगरी रोड पर उन्होंने घर को सजाने के लिए अलग अलग प्रकार के लॉट्स स्टैंड मार्किट में आए हैं और दिए स्टैंड वो भी मेटल मे, लैंप, हैंगिंग लैंप, इंडोर पोर्ट के साथ फर्नीचर भी घर को सजा ने के लिए रखा हुआ है हर्षा ने बताया कि आज उन्होंने अपने घर के लिए कैंडल्स और डिफरेंट लुक में कैंडल स्टैंड लिए है इस स्टोर में बिल्कुल अलग प्रकार की वरायटी



है जो बाजार में उपलब्ध नहीं है बावा मग्गू ने बताया कि ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है कैंडल लाइट स्टैंड और लैंप सस्ते दामों में मिल रहा है इस स्टोर से प्रिया ने जनता से अपील करी की एक बार इस स्टोर पर आ कर जरूर देखें

## पांच दिवसीय योगा शिविर के समापन पर घरेलु पद्यति से उपचार की दी जानकारी



» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। स्थानीय अग्रवाल सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रप्रकाश संघी द्वारा पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पहला सुख निरोगी काया, करो योग रहो निरोग जैसे नारों को चरितार्थ करते हुए प्रतिदिन क्षेत्र के अनेक लोगों ने हिस्सा लेकर विभिन्न योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं घरेलु उपचार द्वारा मोटापा, बीपी, शुगर व थाइराइड जैसे अनेक जटिल रोगों से निदान पाने के उपायों के बारे में जानकारी प्राप्त की। शुक्रवार को पांच दिवसीय शिविर के समापन के अवसर पर योग शिक्षक एडवोकेट चन्द्रप्रकाश संघी ने बताया कि अग्रवाल सभा में पांच दिनों तक योगा शिविर के दौरान दीपक सर्राफ उनके प्रमुख सहायक रहे और उन्होने प्रतिदिन शिविर में आने वाले लोगों को सूक्ष्म व्यायाम, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन, मरकट आसन, भुजंग आसन, प्राणायम, मस्त्रिका, कपाल भारती, अनुलोम विलोम, भ्रांभरी एवं उदगीद आदि जैसे अनेक योगासनों के बारे में बारीकी से जानकारी प्रदान की गई तथा योगासन से होने वाले लाभों के बारे में बताया। इस अवसर पर एडवोकेट विनय गोयल, सीए अंकित गर्ग, रमेश कांटीवाले, नवीन अग्रवाल, पदमचन्द गर्ग, सुरेश बंसल, सुशील बसई व सुन्दर लाल तिवाडी आदि उपस्थित रहे।

## एससीडी सरकारी कॉलेज में अलंकरण समारोह आयोजित

» मदरलैंड संवाददाता



लुधियाना। एससीडी सरकारी कॉलेज, लुधियाना के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), रेड रिबन क्लब (आरआरसी) और एक भारत श्रेष्ठ भारत (ईबीएसबी) क्लब का अलंकरण समारोह 21 अक्टूबर 2022 को हुआ। डॉ. ऋषिपाल सिंह, (अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त, लुधियाना जोन ए) ने समारोह की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में की। प्रधानाचार्य प्रो (डॉ) तनवीर लिखारी ने उनका जोरदार स्वागत किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रो लिखारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की एक योजना है जो छात्र स्वयंसेवकों को नेतृत्व का अनुभव और अनुभव प्राप्त करने में मदद करती है। स्वयंसेवकों के पास करुणा और संयम बरतने के साथ-साथ कुशल और प्रभावी प्रशासन में मूल्यवान सबक सीखने का अवसर है। इसी तरह, रेड रिबन क्लब एड्स, एचआईवी, टीबी और नशीली दवाओं की लत के बारे में जागरूकता पैदा करने की एक और पहल है। जबकि एक भारत श्रेष्ठ भारत हमारे देश की 'विविधता में एकता' का जश्न मनाने और सभी राज्यों की समृद्ध विरासत, संस्कृति, रीति-रिवाजों और परंपराओं को प्रदर्शित करने और समान पहचान की भावना को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की एक हालिया पहल है। ये क्लब स्वयंसेवकों को उन गतिविधियों में संलग्न करते हैं जो दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए निस्वार्थ सेवा के गुण को बढ़ावा देते हैं।

कुल 40 छात्रों को शामिल किया गया था। एनएसएस परिषद में केशव (बीए ककक) के साथ लड़कों के विंग के अध्यक्ष के रूप में 21 सदस्य हैं और गर्ल्स विंग के कशिश (बीएससी)।

आरआरसी परिषद में 10 छात्रों को शामिल किया गया। समीर सभरवाल (बीए ककक) बॉयज विंग के अध्यक्ष हैं। गर्ल्स विंग की वृधि जैन (एम.कॉम कक)।

ईबीएसबी क्लब में 5 सदस्यों को शामिल किया गया। विक्रम सिंह अध्यक्ष, इंद्रप्रीत कौर उपाध्यक्ष और विनय सचिव हैं।

समारोह के अंत में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गिद्दा, भांगड़ा और संगीत प्रस्तुतियां शामिल थीं।

## नगर निगम को अंगूठा दिखा पैसेज एरिया किया बंद

### नगर निगम अधिकारियों के कानो से जू तक नहीं रेंगी



» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना। फेस्टिवल सीजन के चलते सभी जगह जाम मिल रहा है वही दूसरी ओर दुगरी फेस वन मार्किट में दुकानदारों ने अपनी दुकानों का सारा सामान निकाल कर बाहर रख कर पैसेज एरिया बंद कर दिया है और कई दुकानदारों ने पार्किंग स्थल पर टैंट लगाकर पैसे वसूल रहे हैं जब की तेहबाजार टीम ने एक दिन आ कर बस चेतवानी दी मगर उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की लोगो का मार्किट में घूमना और कार पार्किंग में लगाना मुश्किल हो गया मगर नगर निगम के कानो से जू तक नहीं रेंगी उल्टा दुकानदारों ने पैसेज एरिया चारो तरफ से बंद कर दिया जलेबी और गोल गप्पे भी पैसेज एरिया में बनाए जा रहे हैं कशिश कपूर ने बताया कि बच्चो के साथ दुगरी मार्किट आई थी मगर न तो कार पार्क करने की जगह मिली और शॉपिंग करने के लिए भी पैदल चलकर जाने की जगह नहीं थी मनप्रीत कौर ने बताया कि वो अपनी फैमिली के साथ दुगरी मार्किट आई तो दुकान से सामान खरीद कर निकलना मुश्किल हो गया बच्चो को संभाले या सामान को सभी दुकानदारों ने पैसेज एरिया को बंद कर रखा था जो कि गलत है मगर नगर निगम सड़क पर कोई गरीब बैठा होता है तो उसका सामान उठा कर ले जाती है ये दुकानदार नजर नहीं आ रहे हैं बड़ी दुकानों पर कारवाही करने से डरते हैं नगर निगम अधिकारी आम आदमी पार्टी की सरकार में भी आम जनता पर अपना रोब दिखाते हैं नगर निगम तहबाजारी टीम इन दुकानदारों की ओर देखते भी नहीं है बस दिखावे के लिए चेतवानी दे कर अपने अफसरों को ड्यूटी कर रहे हैं दिखाना चाहते हैं।

## महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल ने दिवाली पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल दरिया, चंडीगढ़ के विद्यार्थियों द्वारा लोगों को प्रदूषण रहित दिवाली मनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पर्यावरण विभाग के सहयोग से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्टूडेंट्स ने कक्षाओं को उत्सव का रूप दिया। रंगोली से स्कूल की सुंदरता को चार चाँद लग गए। जूनियर वर्ग में कक्षा तीसरी प्रथम स्थान पर, कक्षा चौथी दूसरे स्थान पर और कक्षा दूसरी एवं पांचवी तीसरे स्थान पर रही। सीनियर वर्ग में कक्षा नवी पहले स्थान पर, कक्षा छठी दूसरे स्थान पर और कक्षा सातवीं एवं आठवीं



तीसरे स्थान पर रही। एनआरआई सुदर्शन गर्ग ने स्कूल के सभी बच्चों को मिठाइयां बांटी । उन्होंने स्टाफ को मिठाई के साथ नकद उपहार राशि भी दी। गर्ग ने बताया कि उन्हें भारतीय संस्कृति से काफी लगाव है। सभी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। इसी में दिवाली एक विशेष त्योहार है। उन्हें ग्रामीण बच्चों और निर्धन लोगों के साथ उत्सव मनाने में आनंद आता है। इस मौके पर बच्चों ने भांगड़ा भी डाला।

### पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव

## नाम वापसी के बाद जिला में कुल 8229 प्रत्याशी मैदान में

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। जिला महेंद्रगढ़ में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। नामांकन वापसी के बाद आज संबंधित आरओ ने प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए हैं। छंटनी व नाम वापस लेने के बाद जिला में कुल 8229 प्रत्याशी मैदान में है।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त डॉ जयकृष्ण आभीर ने बताया कि छंटनी के बाद अब जिला परिषद के लिए 169 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। पंचायत समिति के लिए 652, सरपंच के लिए 2258 तथा पंच के लिए 5233 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि जिला परिषद के लिए पुरुष 92 तथा 77 महिलाएं चुनाव लड़ेंगी। इसी प्रकार पंचायत समिति के लिए 391 पुरुष तथा 261 महिलाएं चुनाव लड़ेंगी। वहीं सरपंच के लिए 1242 पुरुष व 1016 महिलाएं तथा पंच के लिए 2804 पुरुष तथा 2429 महिलाएं चुनाव लड़ेंगी।




उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी करवाने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी तय कर दी गई है। 22 अक्टूबर को सभागार भवन में पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों का पहला प्रशिक्षण होगा।

उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा ने पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव लडने के लिए खर्च

- निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन ने किए पुख्ता प्रबंध
- उम्मीदवारों के लिए खर्च की सीमा तय

की सीमा निर्धारित कर रखी है। इसके तहत पंच पद का उम्मीदवार अधिकतम 50,000 रुपए, सरपंच पद का उम्मीदवार अधिकतम 2 लाख रुपए, पंचायत समिति सदस्य का उम्मीदवार अधिकतम 3,60,000 रुपए तथा जिला परिषद सदस्य का उम्मीदवार अधिकतम 6,00,000 रुपए चुनाव खर्च कर सकता है।

नामांकन जमा कराने के उपरांत उम्मीदवार को नतीजे घोषित होने तक अपने खर्च का प्रतिदिन विवरण रखना होगा। जिसकी समय-समय पर व्यय पर्यवेक्षक की ओर से जांच भी की जाएगी।

## एसडी स्कूल में साइबर क्राइम की दी जानकारी

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। थाना शहर कनीना की पुलिस टीम ने एसडी स्कूल ककराला में विद्यार्थियों व शिक्षकों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक।

साइबर अपराध की रोकथाम के लिए और जनता को जागरूक करने के लिए जिला पुलिस द्वारा अक्टूबर माह राष्ट्रीय साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिला पुलिस द्वार पूरे माह के लिए एक्टिविटी कैलेंडर तैयार किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से मल्टी-फैक्टर आथेंटिकेशन, मजबूत पासवर्ड, साफ्टवेयर अपडेट, साइबर जालसाजों की पहचान, फाइनेंसियल फ्राड से बचाव व सोशल मीडिया के सुरक्षित प्रयोग को केंद्र में रखकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को साइबर स्पेस में खुद को सुरक्षित एवं आत्मविश्वासी महसूस करने में सक्षम बनाना है। इस बार समाज के सबसे महत्वपूर्ण अंग महिलाओं व बच्चों को ज्यादा से ज्यादा जागरूकता कायक्रमों में सम्मलित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं।




थाना शहर कनीना पुलिस के द्वारा आज साईबर जागरूकता अभियान के तहत एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककराला के विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों को साइबर अपराध के बारे में बताया और इससे कैसे बचा जाए इस बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बेहद जरूरी है। ऐसे आयोजन में बताई गईं बातों का विद्यार्थी अगर अनुसरण करेंगे तो इसका समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि स्कूलों व कालेज से ही जीवन की शिक्षा शुरू होती है, इसलिए स्कूलों व कालेज में जाकर साइबर सुरक्षा की जानकारी देना आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के विद्यार्थियों ने हेल्पलाइन नंबर 1930 की मानव श्रृंखला बनाई और साइबर अपराध होने पर 1930 पर सूचना देने का संदेश दिया।

इसके बाद स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पुलिस टीम द्वारा 1930 मीटर की वाक का आयोजन किया गया और आमजन को हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान थाना शहर कनीना से थाना प्रबंधक एसआई ब्रह्मजीत और उनकी टीम व स्कूल से डायरेक्टर जगदेव सिंह, प्रिंसिपल और स्कूल स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

पुलिस टीम ने साइबर अपराध की परिभाषा देते हुए बताया कि साइबर अपराध कोई भी अपराध है जो ऑनलाइन या मुख्य रूप से ऑनलाइन होता है। साइबर अपराधी अक्सर कंप्यूटर/मोबाइल नेटवर्क या उपकरणों को लक्षित करके अपराध करते हैं। साइबर क्राइम सुरक्षा उल्लंघनों से लेकर पहचान की चोरी तक हो सकता है। इसके साथ ही टीम ने साइबर क्राइम से बचने के उपायों के बारे में बताया। आप अपने डिवाइस के लिए बढिया एंटीवायरस या इंटरनेट सिक्योरिटी एप्लीकेशन का प्रयोग कर सकते हैं। अलग-अलग साइटों पर अपने पासवर्ड न दोहराएं, और नियमित रूप से अपने पासवर्ड बदलें, उन्हें जटिल बनाएं। इसका मतलब है कि कम से कम 10 अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों के संयोजन का उपयोग करना।

सोशल मीडिया साइट्स पर अपनी व्यक्तिगत और निजी जानकारी को बंद रखें। सोशल इंजीनियरिंग साइबर अपराधी अक्सर आपकी व्यक्तिगत जानकारी केवल कुछ डेटा बिंदुओं के साथ प्राप्त कर सकते हैं।

यदि आप साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं, तो आप तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। आप स्थानीय पुलिस या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

## संक्षिप्त समाचार

### छौड़ाही के विभिन्न छठ घाटों का पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगुसराय। छौड़ाही लोक आस्था के पर्व छठ के मद्देनजर डीएम के निर्देश पर प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा छठ घाटों के निरीक्षण का दौर आरंभ हो चुका है। इसी के तहत छौड़ाही बीडीओ रवि कुमारी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की टीम ने प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस क्रम में पदाधिकारियों ने नारायणपीपर, अमारी, ऐजनी, शाहपुर तथा एकंबा पंचायत के खतरनाक तथा सामान्य छठ घाटों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण कर रहे पदाधिकारी के अनुसार छठ व्रती को छठ घाटों पर किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो तथा कौन सा छठ घाट संवेदनशील तथा सामान्य है उसे चिन्हित किया जा रहा है। जिसको देखते हुए घाटों की साफ-सफाई, कूशल तैराक, पर्याप्त रोशनी आदि की व्यवस्था हेतु जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया। मौके पर बीपीआरओ सुजीत कुमार, सीओ विजय प्रकाश, आरओ पूजा शर्मा, ओपी अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार, प्रभारी सीआई सुरेंद्र प्रसाद सिंह समेत अन्य कर्मी निरीक्षण में शामिल थे।

### हादसा: पोखर में डूबने से युवक की हुई मौत



मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। थाना क्षेत्र के बिरनगर पूरब में एक 19 वर्षीय बालक की मौत पोखर में स्न्नान करने के दौरान हो गई। मृतक संजीव कुमार उक्त गांव के मुकेश कुमार झा का पुत्र बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया गया कि संजीव अपने कुछ मित्रों के साथ स्नान करने पोखर गया था। उसी दौरान गहरे पानी मे चला गया। ग्रामीणों द्वारा अथक प्रयास के बाद उसके शव को बरामद किया जा सका। घटना के सूचना पर सीओ मनोज कुमार, सी आई अबधेश सिंह, थानेदार आदित्य कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर मामले का जायजा लिया। उधर मृतक संजीव के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था।

### क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन हेतु कमिटी का गठन



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगुसराय। प्रखंण्ड कार्यालय ग्राउंड में आगामी क्रिकेट टूनार्मेंट आयोजन करने हेतु राजेश कुमार गुड्डू की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। संचालन राजीव कुमार सिंह ने की। बैठक आगामी क्रिकेट टूनार्मेंट को सुचारू रूप से संचालन हेतु एक नई कमिटी बनाई गई। जिसमें सर्व सम्मति से संरक्षक राजेश कुमार गुड्डू, अध्यक्ष कन्हैया कुमार, उपाध्यक्ष अंकेश कुमार, सचिव सन्तोष कुमार राय, संयुक्त सचिव राजीव कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष गणपति झा, शहीत टीम मैनेजर रोहन कुमार, कप्तान अनुराग गौतम एवम उप कप्तान रोशन कुमार बनाये गये। मोके पर प्रिंस कुमार, हैप्पी कुमार, अमन कुमार सहित अन्य क्रिकेट खिलाड़ी एवम प्रेमी उपस्थित थे।

### अलग-अलग जगह बिजली करंट से महिला व छात्र सहित दो घायल



मदरलैण्ड संवाददाता, नरपतगंज। गुरुवार रात नरपतगंज प्रखंड के अलग-अलग जगह बिजली करंट से महिला व छात्रा सहित दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद परिजनों के द्वारा इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरपतगंज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद 1 को गंभीर स्थिति में रेफर किया गया घायल में नाथपुर निवासी काजल कुमारी पिता उमेश राय व गोखलापुर वार्ड संख्या 3 निवासी नुसरत प्रवीण पति अब्दुल शामिल है जानकारी अनुसार दोनों गुरुवार रात अपने अपने घरों मे काम करने के दौरान करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद परिजनों के द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया मालूम हो कि लगातार लापरवाही के कारण प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग जगह अपने घर में लोग बिजली करंट के चपेट में आने से घायल हो जाते हैं तो कई लोग जान गवा चुके हैं।

### अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से हुए घायल, गंभीर स्थिति में इलाज के बाद किया रेफर



मदरलैण्ड संवाददाता, नरपतगंज। प्रखंड अंतर्गत बथनाहा बीरपुर सड़क मार्ग के अचरा के समीप गुरुवार रात बाइक सवार एक व्यक्ति गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण व परिजनों ने इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरपतगंज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया घायल में सुपोल जिला के कुशहर परसा निवासी रामानंद मुखिया पिता भदीलाल मुखिया शामिल है जानकारी अनुसार घायल व्यक्ति जो गुरुवार रात अपने बाइक से अचरा से वापस अपने घर लौट रहे थे इसी क्रम में अचरा के समीप ही अनियंत्रित होकर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने पहुंच जानकारी लिया जिसके बाद परिजनों को जानकारी देते हुए इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### फुलहारा गांव से पुलिस ने दो शराबियों को किया गिरफ्तार, भेजा न्यायिक हिरासत में

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले के मनसाही मनसाही पुलिस ने गस्ती के दौरान फुलहारा गांव के इमली टोला में शराब पीकर हंगामा कर रहे दो शराबियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में कुमारीपुर के विकास कुमार यादव एवं आजमनगर के विद्यानंद मंडल शामिल हैं। आरोपियों के खिलाफ गस्ती दल में शामिल एस आई अक्षय कुमार के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में मेडिकल कराया गया जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## अमारी पंचायत के वार्ड संख्या 9 में मुख्यमंत्री स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के कार्य में अनियमितता से ग्रामीणों में रोष

### ग्रामीणों ने प्राक्कलन के आधार पर काम नहीं कराने का लगाया आरोप





» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगुसराय। छौड़ाही प्रखंड क्षेत्र में बिना प्राक्कलन पट्टिका लगाए मानकों को ताक पर रखकर विकास योजनाओं के तहत संबंधित ठेकेदार द्वारा धड़ल्ले से निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। मामला अमारी पंचायत के चौफेर ग्राम के संख्या 9 से सामने आया है। जहां मुख्यमंत्री स्थानीय विकास क्षेत्र विकास योजना से दिनेश महतो के घर के नजदीक से पानी टंकी की ओर जाने वाली पथ में पीसीसी निर्माण कार्य में घोर अनियमितता से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। दरअसल बीते एक सप्ताह से उक्त स्थल पर पीसीसी पथ निर्माण कार्य का चल रहा था जो शुक्रवार को कार्य समापन की ओर था। जहां योजना स्थल पर योजना प्राक्कलन पट्टिका अंतिम दिन तक योजना स्थल पर उपलब्ध नहीं थी। इस कारण स्थानीय लोगों को यह जानकारी नहीं मिल पाई कि उक्त पीसीसी की योजना कितने रुपए की लागत से की जा रही है और कौन इसके अभिकर्ता तथा कौन कार्यकारी एजेंसी है। ग्रामीण नरेश महतो, महेश महतो, विमला देवी, सरोजनी देवी, सोनी देवी समेत आधे दर्जन लोगों ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य को घटिया बताते हुए जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना हुआ कि पथ की चौड़ाई 11 फीट होनी चाहिए, परंतु बीच-बीच में 9 से 10 फीट ही पीसीसी की ढलाई की गई है। पथ की मोटाई लगभग 8 इंच होनी चाहिए जो कही-कही 5 से 6 इंच की गई है।

पथ निर्माण में गुणवत्ता को ध्यान में नहीं रखकर गिट्टी, बालू, सीमेंट मिलाने में जमकर अनदेखी की जा रही है। पथ निर्माण कार्य में किसी पथ की मजबूती को लेकर वाइब्रेशन चलाने का प्रावधान था जो पूरा नही किया गया। संपूर्ण पथ पर ढलाई के बाद पथ पर मजबूती के लिए पानी लगाने का कार्य किया जाता है जो कही दिखाई नहीं पड़ा। ग्रामीणों ने पथ की जांच करवाने की बात कही। इस प्रकार प्राक्कलित राशि की जानकारी से आमलोगों को दूर रखकर मानक के अनुसार कार्य नहीं होना घोटाले की ओर इशारा कर रहा है। ज्यादातर देखा गया है कि जब कार्य को पूर्ण कर लिया जाता है उसके बाद प्राक्कलन पट्टिका लगाया जाता है। साथ ही इन योजनाओं को अंजाम देने में जमकर प्राक्कलन की अनदेखी एवं मनमानी की जाती है। जबकि सरकारी नियमानुसार किसी भी योजना के तहत निर्माण कार्य को अंजाम देने से पूर्व निर्माण स्थल पर प्राक्कलन पट्टिका लगाना अनिवार्य है। लेकिन यहां सरकार के इस निर्देश व नियम की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। इसके भी वाबजूद इस गंभीर समस्या की ओर कोई विभागीय, प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिस पर ग्रामीणों ने वरीय पदाधिकारियों से जांच कर उचित कार्रवाई का अनुरोध किया है। इस संदर्भ में एलएईओ के कार्यपालक अभियंता ने विभागीय एसडीओ से जांच कराने की बात बताई है।

## बदमाशों ने सब्जी विक्रेता को मारपीट कर किया घायल



» मदरलैण्ड संवाददाता

नरपतगंज। प्रखंड क्षेत्र के फुलकाहा इंडो नेपाल सीमा सड़क पर एसएसबी कैंप के समीप गुरुवार की संध्या मसाला व सब्जी विक्रेता को पूर्व से घात लगा कर बैठे आरोपियों ने घेरकर मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित ने स्थानीय एसएसबी एवं फुलकाहा पुलिस को दी। मौके पर फुलकाहा पुलिस ने पहुंचकर घायल सब्जी विक्रेता को इलाज के लिए नरपतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जिसके बाद वहां पर चिकित्सकों ने इलाज कराने के बाद उसे भेज दिया। पीड़ित सब्जी विक्रेता फुलकाहा निवासी रोहित कुमार गुप्ता फुलकाहा थाने में आवेदन देते हुए बताया कि फुलकाहा एसएसबी कैम्प के समीप पूर्व से घात लगाए बैठे संतोष गुप्ता, राजू गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, संतोष साह एवं चार- पांच अज्ञात लोगों ने चेहरे पर पट्टी बांधकर साइकिल रोककर लप्पड़ थप्पड़ से पिटाई करते हुए एक मोबाइल दस हजार नगद रुपया छीन लिया। पीड़ित रोहित ने कहा कि सभी आरोपी तो उन्हें मारपीट करते हुए बुरी तरह गंभीर रूप से घायल कर दिया जान बचाकर एसएसबी कैंप भागा वहां पर एसएसबी के जवानों ने मेरी जान बचाई। सब्जी एवं मसाला विक्रेता नेपाल के दीवानगंज बाजार से मसाला एवं सब्जी बेचकर अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान सभी आरोपितों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित सब्जी व मसाला विक्रेता रोहित कुमार ने फुलकाहा थाने में आरोपितों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

## शहीद अभिषेक सिंह के शहादत दिवस पर आयोजित की गई भव्य कार्यक्रम

» मदरलैण्ड संवाददाता

- देशभक्ति नारों से गूंज उठी शहीद अभिषेक सिंह की जन्मस्थली
- शहीद अभिषेक सिंह स्मृति समारोह में आयोजित की गई, शहीद अभिषेक सिंह मेधा खोज प्रतियोगिता



अररिया। शहीद अभिषेक सिंह के पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम शहीद अभिषेक सिंह स्मृति समारोह सरस्वती समाज सेवा समिति, शंकरपुर के तत्वावधान में मनाया गया। समारोह के मुख्य कार्यक्रम में सर्वप्रथम शहीद यात्रा निकाली गई, जो दिनकर चौक से शहीद स्मारक पर जाकर सम्पन्न हुई। यात्रा में हजारों लोगों की कतार और नारों से परिवेश गूंज उठा। सबने शहीद को पुष्पांजलि अर्पित की। अररिया जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से कुल 664 छात्र छात्राओं ने मेधा खोज प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रुप में शामिल हुए। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि त्रिभुवन सिंह शिक्षक केन्द्रीय विद्यालय चुनापुर वायुसेना अड्डा, स्वर्ण पदक विजेता ने अपने सम्बोधन से उपस्थित छात्र छात्राओं और श्रोताओं को देशभक्ति, शिक्षा के महत्व, समाज सेवा, नैतिकता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सरस्वती समाज सेवा समिति शंकरपुर के सभी सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका में नजर आए।

## लोजपा(रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे सैफई दिया मुलामय को श्रद्धांजलि





» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। सैफाई में पूर्व एम एल सी व लोजपा -रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष मणि शंकर पांडेय ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात कीया व स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर मणिशंकर पांडेय ने स्वर्गीय मुलायम सिंह के साथ विधान परिषद में बिताये कुछ पलों को याद किया व उनके बारे में बताया की स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव अपने रिश्तों को निभाना जानते थे और अखिलेश में भी उनके जैसे सभी गुण हैं। भगवान से प्रार्थना है की उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। उन्होंने आगे कहा कि पिता के जाने का गम बेटे के अलावा कोई नही समझ सकता है। मुलायम सिंह जैसे व्यक्ति समाजवाद के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेंगे उनकी खाली हुई जगह को भर पाना मुश्किल है।

## कमरा का टूटा टाइल्स भवन धराशाई होने को तैयार

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगुसराय। तेघड़ा प्रखंड मुख्यालय परिसर में ही बना हुआ प्रखंड पशु चिकित्सालय का भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ है। विगत 10 वर्ष पूर्व इस भवन का निर्माण हुआ था। निर्माण के बाद से यह भवन पशु चिकित्सालय विभाग को आवंटित कर दिया गया, भवन के निर्माण में गुणवत्ता को ताक पर रखकर भवन बनाया गया, जब आज भवन का स्थानीय पत्रकार निरीक्षण किया तो पाया कि भवन के सबसे नीचे में जो टाइल्स लगा है वह टूट कर जमीन के अंदर चला गया है। जब उसको देखा गया उठा कर के तो पता चला कि जब टाइल्स लगाया जा रहा है तथा तो उसमें सभी सरकारी नियमों को ताक पर रख दिया गया और मिट्टी के ऊपर टाइल्स लगा दी गई, टाइल्स के नीचे किसी भी प्रकार का ईट और कंक्रीट की ढलाई नहीं पाई गई। जो की व्यवस्था को अपने आप में शर्मसार करती है। वर्तमान में यहां पर कार्यरत पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रमेश कुमार थे उनसे जब इस बारे में पूछताछ की गई आपके आने से पहले या बाद में उन्होंने बताया कि हमें इसी तरह स्थानांतरित किया गया है। पिछले जून से यहां पर कार्यरत हूं और इसी प्रकार के भवन में रह रहा हूं, जो अपने आप में अशोभनीय है मानवता को शर्मसार करती है। साथी श्री कुमार ने बताया कि वह यह नियुक्त होने के कुछ दिनों बाद ही विभागीय पत्राचार के माध्यम से वरीय अधिकारी को भी इस बात की सूचना दी कि यह भवन बिल्कुल टूटा हुआ है, जिसको ठीक करवाना अनिवार्य है। भवन में टाइल्स टूट जाने के दरार होने से उसमें कई प्रकार के विषैले सांप भी जाकर छिप जाते हैं, और यदा-कदा डंक दे मार बैठते हैं। इसमें कई बार कई लोग जख्मी भी हुए हैं लेकिन अभी तक ना तो विभागीय अधिकारी इस पर ध्यान दे रहे हैं और ना ही स्थानीय अधिकारी, इसलिए पशु चिकित्सालय में काम करने वाले सभी पदाधिकारी एवं कर्मी हर हमेशा शंका के साए में रहते हैं।

## पूर्णिया विश्वविद्यालय के छात्रों का प्रभावित हो रहा भविष्य: अभिषेक

» मदरलैण्ड संवाददाता



अररिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फारबिसगंज कॉलेज इकाई के द्वारा कॉलेज मंत्री अभिषेक झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. मलिक से भेंट की एवं स्नातक पार्ट वन सत्र 2021-2024 की परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जल्द जारी करने को लेकर पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम प्रेषित ज्ञापन उन्हें सौपा। सौंपे गए ज्ञापन में कॉलेज मंत्री ने बताया कि पूर्णिया विश्वविद्यालय के स्नातक के सभी सत्र विलंब चल रहे हैं। सत्र 2021-2024 के छात्रों का पंजीकरण कई महीने पहले हो चुका है लेकिन स्नातक पार्ट वन का परीक्षा प्रपत्र भरने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अभी तक कोई सूचना नहीं दी गई है। जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। वहीं मौके पर उपस्थित अ.भा.वि.प के जिला संयोजक आकाश श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्णिया विश्वविद्यालय के स्नातक पार्ट वन सत्र 2021-2024 के बी.ए.बी.कॉम बी.एस.सी वर्गों का परीक्षा फार्म भरने की तिथि जल्द जारी करें एवं जो सत्र अनियमित चल रहे हैं उन्हें नियमित कर प्रवेश परीक्षा और परिणाम को सही समय पर लिया जाय अन्यथा अभाविप चरणबध्य आंदोलन करने को बाध्य होगी। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. मलिक ने आश्वासन देते हुए कहा कि छात्रों की समस्याओं से जल्द विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराकर शीघ्र ही समाधान किया जाएगा। इस मौके पर जिला एस एफ एस संयोजक शैलेश कुमार, नगर कार्यकारिणी प्रिंस कश्यप, आयुष भगत, चंदन कुमार, सोनू मंडल, सूरज यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 24 अक्टूबर को दीपावली व 30 को छठ महापर्व मनाया जाएगा- आचार्य सुकेश त्रिवेदी

» मदरलैण्ड संवाददाता



छपरा। भारतवर्ष में मनाए जाने वाले सभी त्यौहारों में दीपावली का सामाजिक और धार्मिक दोनों दृष्टि से अत्यधिक महत्त्व है। इस वर्ष दीपावली 24 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसे दीपोत्सव भी कहते हैं। ह्यतमसो मा ज्योतिर्गमयह्ल अर्थात ह्यअंधेरे से ज्योति अर्थात प्रकाश की ओर जाइएह्ल यह उपनिषदों की आज्ञा है। इसे सिख, बौद्ध तथा जैन धर्म के लोग भी मनाते हैं। जैन धर्म के लोग इसे भगवान महावीर के मोक्ष दिवस के रूप में मनाते हैं तथा सिख समुदाय इसे बंदी छोड़ दिवस के रूप में मनाते हैं।

माना जाता है कि दीपावली के दिन अयोध्या के राजा श्री रामचंद्र अपने चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात लौटे थे। अयोध्यावासियों का ह्रदय अपने परम प्रिय राजा के आगमन से उल्लासित था। श्री राम के स्वागत में अयोध्यावासियों ने घी के दीए जलाए। कार्तिक मास की सघन काली अमावस्या की वह रात्रि दीयों की रोशनी से जगमगा उठी। तब से आज तक भारतीय प्रति वर्ष यह प्रकाश-पर्व हर्ष व उल्लास से मनाते हैं। यह पर्व अधिकतर ग्रिगेरियन कैलन्डर के अनुसार अक्टूबर या नवंबर महीने में पड़ता है। दीपावली दीपों का त्योहार है। भारतीयों का विश्वास है कि सत्य की सदा जीत होती है झूठ का नाश होता है। दीवाली यही चरितार्थ करती है- असतो माऽ सद्गमय, तमसो माऽ ज्योतिर्गमय। दीपावली स्वच्छता व प्रकाश का पर्व है। दीपावली का त्यौहार पांच दिनों की अवधि में फैला हुआ है। जिसमे प्रत्येक दिन का अपना महत्व है और जिसमे परंपरागत अनुष्ठानों का पालन किया जाता है। त्यौहार 'धनतेरस' के साथ आरम्भ होता है। यह वह शुभ दिन है जब लोग बर्तन, चांदी के बर्तन या सोना खरीदते हैं। यह माना जाता है कि इस दिन ₹धन₹ या कीमती वस्तु की खरीदारी शुभ है। इसके बाद छोटी दीपावाली (रूप चतुर्दशी) आती है जिसमें बड़ी दीपावली की तैयारी होती है। लोग अपने घरों को सजाने की शुरूआत करते हैं और एक दुसरे से मिलते-जुलते हैं। इसके अगले दिन दीपावली मनाई जाती है। इस दिन, लोग लक्ष्मी पूजा करते हैं, मिठाई और उपहार के साथ एक दूसरे के घर जाते हैं, पटाखे जलाते हैं और अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताते हैं। दीपावाली के अगले दिन गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है और अंततः पांच दिवसीय उत्सव भाई दूज के साथ समाप्त होता है जहां बहने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाती हैं और भाई बहन एक-दूसरे की भलाई के लिए प्रार्थना करते हैं।

लक्ष्मी पूजन अधिकांश घरों में दीपावली के दिन लक्ष्मी जी -गणेश जी की पूजा की जाती है। हिन्दू मान्यतानुसार अमावस्या की रात्रि में लक्ष्मी जी धरती पर भ्रमण करती हैं और लोगों को वैभव का आशीष देती है। दीपावली के दिन गणेश जी की पूजा का यूं तो कोई उल्लेख नहीं है परंतु उनकी पूजा के बिना हर पूजा अधूरी मानी जाती है। इसलिए लक्ष्मी जी के साथ विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की भी पूजा की जाती है। दीपावली के दिन दीपदान का विशेष महत्त्व होता है। नारद्पुराण के अनुसार इस दिन मंदिर, घर, नदी, बगीचा, वृक्ष, गौशाला तथा बाजार में दीपदान देना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन यदि कोई श्रद्धापूर्वक मां लक्ष्मी की पूजा करता है तो, उसके घर में कभी भी दरिद्रता का वास नहीं होता। इस दिन गायों के सींग आदि को रंगकर उन्हें घास और अन्न देकर प्रदक्षिणा की जाती है। दीपावली पर्व भारतीय सभ्यता की एक अनोखी छटा को पेश करता है। आचार्य सुकेश त्रिवेदी के अनुसार इस वर्ष 24 अक्टूबर सोमवार को दीपावली मनाई जाएगी।

श्री लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्तः-

दोपहर 01:37 - 04:29 तक चर - लाभ

सायं 04:29 - 07:29 तक अमृत - चर, रात्रि 10:37 - 12:11 तक

दिवाली शुभ चौघड़िया मुहूर्तः-

प्रातःकाल मुहूर्त, 24 अक्टूबर, प्रातः 06:34:53 से 07:57:17 तक

प्रातःकाल मुहूर्त (चल, लाभ, अमृत):10:42:06 से 14:49:20 तक

सायंकाल मुहूर्त (शुभ, अमृत, चल): शाम 04 :11:45 से 20:49:31 तक

रात्रि मुहूर्त (लाभ): 24:04:53 से 25:42:34 तक।

पांच दिवसीय अनुष्ठान इस प्रकार है-

दीपावली 24 अक्तूबर सोमवार, धनतेरस 22 अक्तूबर शनिवार, रूप चौदस 23 अक्तूबर रविवार,

गौधन पराई 26 अक्तूबर बुधवार, गोवर्धन (कुटाई) पूजा, चित्रगुप्त पूजा, भैया दूज 27 अक्तूबर गुरुवार।

28 अक्टूबर शुक्रवार नहाए खाय के साथ छठ पूजा की शुरूआत होगी। 29 अक्टूबर शनिवार को खरना मनाया जाएगा। 30 अक्टूबर रविवार को व्रती अस्ताचलगामी यानी डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगी। 31 अक्टूबर सोमवार को उदयगामी यानी उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा का समापन होगा।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत अन्य दो घायल

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। सड़क दुर्घटना में एक की मौत 2 अन्य घायल। कटिहार जिला के कोरा थाना क्षेत्र के भटवारा पंचायत अंतर्गत खेरिया से बौरा जाने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क में बिस्कुट फैक्ट्री के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत मौके पर हो गई है घटना के बारे में बताया जाता है कि भटवारा पंचायत के बांध टोला निवासी शिब्बन ऋषि के पुत्र 32 वर्षीय पुत्र सुनील रिषी बाइक पर अपने दो अन्य साथी के साथ खेरिया बाजार जा रहा था अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पेड़ से टकरा गया टक्कर इतना जोरो का था कि बाइक चालक सुनील का सर फटने से मौके पर मौत हो गई स्थानीय लोगों ने अन्य 2 घायल को इलाज के लिए निजी चिकित्सालय लाया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनो घायल को इलाज के लिए पूर्णिया रेफर किया है। मृतक को2 पुत्र एक पुत्री है घटना से मर्माहत मृतक की पत्नी हिरा देवी का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है घटना को लेकर गांव में मातम छाया हुआ है।

### मिट्टी का धसना की चपेट मे आने से एक की मौत ,दो गंभीर रुप से घायल



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनिहारी के नारायणपुर पंचायत के कुतुबपुर सीज के ग्यारह नंबर वार्ड ग्यारह के एक परिवार की दीपावली की खुशी मातम मे बदल गयी।गुरुवार अहले सुबह घर की लिपाई पुताई के मिट्टी लाने सड़क किनारे गढ्ढे मे गांव की भवानी देवी 19 वर्ष, मंगली देवी 40, वर्ष एवं गुड़िया कुमारी 16 वर्ष मिट्टी लेने गयी थी जहां धसना गिरने से चपेट मे आ गयी।मुखिया प्रतिनिधि सुभाष मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि चीख पुकार सुनकर ग्रमीणों के सहयोग से दबी पड़ी महिलाओं को निकालकर अनुमंडल अस्पताल मनिहारी ले जाया गया ,जहाँ चिकित्सकों ने भवानी देवी की जांच के बाद मृत घोषित कर दिया ,जबकि गंभीर रुप से घायल मंगली देवी, एवं गुड़िया कुमारी को बेहतर ईलाज हेतु रेफर कर दिया।इस बीच मनिहारी पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर मृतक की लाश को कब्जे मे लेकर पंचनामा कर लाश को अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भेज कर अग्रत्तर कार्रवाई मे जुट गयी है।मुखिया प्रतिनिधि सुभाष मंडल ने पीड़ित परिवार की माली हालत को देखते हुए सरकारी मुआवजे की मांग प्रशासन से की है।

### परिवार नियोजन को लेकर लगा शिविर



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले के डंडखोरा प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनी में परिवार नियोजन एवं स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर आयोजित किया गया। महिलाओं के स्वास्थ्य जांच के साथ ही परिवार नियोजन अपना कर बच्चों के जन्म में अंतर के लिए अपनाई जाने वाली सुविधाओं के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया। परिवार नियोजन अस्थाई एवं स्थाई दोनों तरह के अपना सकते हैं। शिविर में 3 गर्भवती महिलाओं तथा छह अन्य महिलाओं के बीच आयरन जिंक,माला डी को गोली, कंडोम के पैकेट, सहित परिवार नियोजन के अन्य सामान भी दिया गया। मौके पर मोहम्मद ईखलाश ,धीरज कुमार, अभिषेक कुमार, ए एनएम गंगाजली कुमारी आदि मौजूद थे।

### सात पियक्कड़ एक शराब विक्रेता एक वारंटी सहित 9 लोगों को भेजा जेल



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले के डंडखोरा पुलिस द्वारा संध्या गश्ती में सघन छापेमारी अभियान चलाकर सात पियक्कड़ एक देसी शराब विक्रेता तथा एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष हरि प्रसाद यादव ने बताया कि भमरेली गांव के 31 वर्षीय रूपेंद्र शर्मा ,36 वर्षीय कामेश्वर शर्मा, रघेली गांव निवासी 45 वर्षीय किशन शर्मा ,, 44 वर्षीय ओपन मुर्मू, तिलास गांव निवासी 25 वर्षीय मुकेश कुमार मंडल, रतनपुरा गांव निवासी 58 वर्षीय महावीर मंडल , बढ़िया गांव निवासी 45 वर्षीय बाबूराम शर्मा तथा न्यायालय से वारंटी घोघरा गांव निवासी 35 वर्षीय विजय मंडल तथा राजादिग्धी गांव निवासी 47 वर्षीय लच्छू टूडू को 10 लीटर देसी शराब के गैलन के साथ गिरफ्तार किया गया है सभी को मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया है।

### सीओ के नेतृत्व में रोशना ओपी प्रागंण में विदेशी शराब किया गया नष्ट



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। रोशना ओपी प्रागंण में सीओ कुमार नलिनीकांत के नेतृत्व में चार कांडों में जब्त विदेशी शराब को गड्ढे खोदकर विनिष्टीकरण किया गया।उक्त आशय की जानकारी देते हुए सीओ नलिनीकांत ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्गत आदेश के आलोक में चार कांडों में जब्त 69.19 लीटर विदेशी शराब को विनिष्ट किया गया।शराब विनिष्टीकरण के दौरान रोशना ओपी प्रभारी राजेश कुमार ने कहा कि शराब कारोबारी व शराबी को लेकर रोशना ओपी पुलिस शख्त है।शराब कारोबारी व शराबियों को लेकर क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी शर्त पर शराब के धंधे को पनपने नहीं दिया जाएगा।

### दीपावली एवं छठ को लेकर रोशना ओपी प्रांगण में शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले के रोशना ओपी प्रांगण में दीपावली एवं छठ पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। उक्त बैठक कि अध्यक्षता सीओ कुमार नलिनीकांत व रोशना ओपी प्रभारी राजेश कुमार के संयुक्त रूप से किया।वही ओपी प्रभारी राजेश कुमार ने कहा कि सभी दीपावली पूजा पंडाल समिति को लाइसेंस लेना का निर्देश दिया।वहीं उन्होंने कहा कि विसर्जन के दिन डीजे नहीं बजेगी पूजा में किसी तरह का अफवाह फैलाने वाले के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी कहां की शरारती तत्वों पर किसी तरह कि गतिविधियों हो तो तुरंत सूचना रोशना ओपी व संबंधित वरीय पदाधिकारी को दे।

# किसी भी उम्र के व्यक्ति फाइलेरिया रोग से हो सकता है ग्रसित

» मदरलैण्ड संवाददाता



- फाइलेरिया क्लिनिक स्थापित करने के लिए सीएचओ को किया गया प्रशिक्षित
- फाइलेरिया बीमारी मीठा जहर के समान: डॉ जेपी सिंह
- हाथी पांव को धोने एवं साफ. सफाई को लेकर दी गई जानकारी: डीपीएम

कटिहार। जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए जिलें के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर फाइलेरिया क्लिनिक, एमएमडीपी की स्थापना की जानी है। जिसके तहत जिलें के सभी स्वास्थ्य केंद्रों से एक-एक स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए सदर अस्पताल परिसर स्थित सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। प्रभारी सिविल सर्जन डॉ दीनानाथ झा ने कहा कि जिले में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया संक्रमण को रोकने के लिए दवा खिलाई जाती है। वहीं फाइलेरिया के मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा एवं क्लीनिकल ट्रीटमेंट उपलब्ध कराने को लेकर राज्य सरकार द्वारा बिहार के सभी जिलों में मार्डीबिलिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी (एमएमडीपी) प्रीवेंशन क्लिनिक खोलने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया हैं। जिसके आलोक में जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल सहित जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर फाइलेरिया क्लिनिक का शुभारंभ किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

कार्यशाला में प्रभारी सिविल सर्जन डॉ दीनानाथ झा, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ जय प्रकाश सिंह, जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम डॉ किशलय कुमार, वीबीडीसीओ नंदकिशोर मिश्रा, भीवीडीसी जय प्रकाश महतो, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के फाइलेरिया के राज्य समन्वयक अरुणेंदु झा, पीसीआई के क्षेत्रीय समन्वयक अंजनी कुमार पाण्डेय, केयर इंडिया के डीपीओ चंदन कुमार सिंह, सीफार के जिला समन्वयक (एलएफ/वीएल) पल्लवी कुमारी सहित जिले के कई अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

**फाइलेरिया बीमारी मीठा जहर के समान: डॉ जेपी सिंह**

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ जय प्रकाश सिंह ने बताया कि फाइलेरिया एक घातक बीमारी है। क्योंकि इसको मीठा जहर कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा। शरीर के अंगों में रहते हुए यह धीरे.धीरे शरीर को खराब करती है। शायद यही कारण है कि इस बीमारी की जानकारी समय पर या उससे पहले नहीं हो पाती हैं। आमतौर पर फाइलेरिया के लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता है। लेकिन बुखारए बदन में खुजली व सूजन की समस्या दिखाई देना शुरू हो जाती है। इसके अलावा पैरों और हाथों में सूजनए हाथी पांव और हाइड्रोसिल, अंडकोषों की सूजनद्ध फाइलेरिया के लक्षण हैं।

**किसी भी उम्र का व्यक्ति फाइलेरिया से हो सकता है ग्रसित: अरुणेंदु झा**

सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के राज्य फाइलेरिया समन्वयक अरुणेंदु झा ने कहा कि फाइलेरिया एक परजीवी रोग है, और कृमि जनित मच्छर से फैलने वाला रोग है। यह मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर गंदे एवं जलजमाव वाले स्थलों के पानी में पनपता है। इस मच्छर के काटने से किसी भी उम्र का व्यक्ति फाइलेरिया से ग्रसित हो सकता है। छठ पूजा बाद जिलें के सभी प्रखंडों में शिविर लगाकर रात्रिकालीन रक्त जांच की जाएगी। विभिन्न प्रखंडों के दो.दो गांवों में स्थल चयन कर रात्रि रक्त जांच सर्वे (एनबीएस) किया जाएगा।

हाथी पांव को धोने एवं साफ.सफाई से संबंधित दी गई जानकारीः डीपीएम

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम डॉ किशलय कुमार ने प्रशिक्षण में शामिल लोगों से अपील की कि फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों को चिन्हित कर सभी को नजदीकी अस्पताल भेजने एवं हाथी पांव को धोने व सफाई करने की बात कही। साथ ही उसके तौर.तरीको से पैरों की देखभाल एवं पूरी तरह से साफ.सफाई करने के लिए आश्वस्त किया। क्योंकि सरकार फाइलेरिया से मुक्ति को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य सहयोगी संस्थाओं का सहयोग लेने के लिए समन्वय स्थापित कर आगे की रणनीति तैयार करने में लगी हुई हैं।

**एमएमडीपी क्लिनिक के माध्यम से दिया जाएगा परामर्शः**

प्रशिक्षक भीवीडीसी जय प्रकाश महतो ने बताया कि अस्पताल में कार्यरत एमएमडीपी क्लिनिक में फाइलेरिया के मरीजों को उचित परामर्श के साथ ही घरेलू देख.रेख करने की आवश्यकता होती हैं। वहीं हाइड्रोसिल के रोगियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए गए कार्ड से इलाज कि सुविधा दी गई हैं। फाइलेरिया से बचाव एवं रोगियों कि पहचान करने के लिए विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

## केन्द्रीय विद्यालय में दो दिवसीय केन्द्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय एकता पर्व शुभारंभ




» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। केन्द्रीय विद्यालय कटिहार में दो दिवसीय केन्द्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय एकता पर्व 2022-23 का शुभारंभ दिनांक 20.10.2022 को मुख्यअतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष सह वरिष्ठ मण्डल कार्मिक पदाधिकारी उग्र नारायण मिश्र, पू०सी० रेलवे कटिहार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। केन्द्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग के कुल आठ केन्द्रीय विद्यालयों जिनके नाम हैं। केन्द्रीय विद्यालय अररिया, केन्द्रीय विद्यालय, वायु सेना स्थल, पूर्णिया, केन्द्रीय विद्यालय, बी.एस.एफ., किशनगंज, केन्द्रीय विद्यालय, लखीसराय, केन्द्रीय विद्यालय बांका, केन्द्रीय विद्यालय जमालपुर, केन्द्रीय विद्यालय, एन.टी.पी.सी., कहलगाँव एवं केन्द्रीय विद्यालय झाझा के प्रतिभागी बच्चों के लिए आयोजन स्थल के रूप में केन्द्रीय विद्यालय कटिहार का चयन किया गया। इन विद्यालयों से कुल 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया। केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य डॉ० आनंद प्रकाश ने राष्ट्रीय एकता पर्व के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि बच्चों के कलात्मक प्रतिभा को पहचानना, उसे पोषित करना, प्रस्तुत करना और शिक्षा में कला को बढ़ावा देना है। साथ ही इस प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय एकता पर्व के अंतर्गत मुख्य रूप से दो कार्यक्रमों को समाहित किया गया है। एक है एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं दूसरा है कला उत्सव।

एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत दो प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है।समूह गान एवं समूह नृत्य तथा दूसरे कार्यक्रम कला उत्सव के अंतर्गत कुल दस विधाओं यथा,संगीत (गायन), शास्त्रीय संगीत,संगीत (गायन),पारंपरिक लोक संगीत संगीत (वादन),अवनद्ध वाद्य, संगीत (वादन),स्वर वाद्य,नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, दृश्य कला (द्वि-आयामी) 8. दृश्य कला त्रि-आयामी,स्थानीय खिलौने एवं खेल,नाटक एकल अभिनय में बच्चों द्वारा उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। इन सभी प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में संगीत शिक्षक-शिक्षिका श देबोश्री राय,नूतन कुमारी, रूबी बाला, उर्वशी कुमारी, ऋतु कुमारी आनंद कुमार तथा कला शिक्षक अर्जुन प्रसाद सिंह(अवकाशप्राप्त), सदाशिव एवं संजय कुमार अपना अमूल्य योगदान दिया। इस पूरे कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के शिक्षकों कपिल देव भगत, श्यामा नन्द सिंह, अजय शंकर उपाध्याय, राजीव रंजन, दीपक कुमार, शम्श तबरेज, इंदु शेखर झा, कमाल कुमार शांडिल्य, किशोर कुमार, कृत्या नन्द मण्डल, संग्राम सिंह, सजिया नाजिश,कामिनी कुमारी, शालिनी कंडवाल, सोपोन साह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सार्वजनिक जनवितरण प्रणाली के अनाज की कालाबाजारी के चावल को संदेह के आधार पर ट्रेक्टर ट्रेलर को ग्रमीणों ने पकड़ा



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। गुरुवार को नवावगंज बालूटोला के ग्रमीणों ने जनवितरण प्रणाली की दुकान से अनाज की कालाबाजारी के संदेह पर ट्रेक्टर ट्रेलर से ले जा रहे ट्रैक्टर को रोकर कर इसकी सूचना विपणण पदाधिकारी मनिहारी को दी। सरपंच प्रतिनिधि अनूप कुमार सिंह ने पीडीएस की अनाज का.कालाबाजारी की आशंका जताई है।एम ओ मनिहारी ने भी मौके पर जाकर तहकीकात की है। उन्होंने बताया कि मनिहारी थाने को इसकी सूचना दी गयी है।साथ ही राज्य खाद्य भंडार के स्थानीय प्रवंधक को भी इस संबंध मे आवश्यक पड़ताल करने की बात बताई।सभी बिन्दुओं पर सघन जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि अनाज पीडीएस का है या किसी अन्य क्षेत्र का। ट्रैक्टर ड्राइवर ने इसे स्थानीय व्यापारी का बताते हुए पश्चिम बंगाल ले जाने की बात बताई है। बहरहाल अधिकारियों की टोली अपने अपने स्तर से इसकी जांच पड़ताल मे जुट गयी है।जांचोपरांत ही पता चल सकेगा माजरा क्या है।विपणन अधिकारी जांच में जुटी है।

## बरारी प्रखंड के उत्क्रमीत मध्य विद्यालय हासिमपुर कन्या का विकास ,पठन-पाठन पर व्यापक चर्चा

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कटिहार जिले के बरारी प्रखंड के पूवीबारीनगर पंचायत के उत्क्रमीत मध्य विद्यालय हासिमपुर कन्या भवनाथ नगर सीजटोला में ग्रामीणो के साथ बैठक में विद्यालय के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. प्रधानाध्यापक सुमन कुमार रमण ने प्रमुख प्रतिनिधि मो० इलियास व मुखिया प्रतिनिधि मो० मशकूर आलम का स्वागत करते हुए बताया कि विद्यालय में चहारदिवारी नही रहने के कारण स्वच्छता पर प्रश्नचिन्ह लग गया है. विद्यालय में एक से आठ में 853 बच्चे नामांकित हैं. बीस शिक्षक की जगह मात्र सात शिक्षक पदस्थापित है. पढ़ाई के लिए कमरा मात्र पाँच है. गाँव के कुछ ग्रामीण के कारण विद्यालय परिसर में कचरा. मकई का बगड़ा रखने से बच्चों को कठिनाई होती है. दो



महिला शिक्षिका के बीच विवाद को बैठक में गंभीरता से लेते हुए प्रमुख व मुखिया ने स्पष्ट कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है. किसी भी प्रकार का तनाव या विवाद को विद्यालय के मुख्य द्वार पर छोड़ बच्चों के पठन पाठन पर विशेष ध्यान दें. अपने कर्तव्य से ना भटके. अपनी जिम्मेदारी को समझे. विद्यालय शिक्षा समिति अध्यक्ष ताहिरा खातुन व सचिव नायरा खातुन ने भी कमी पर चर्चा की. प्रमुख व मुखिया ने विद्यालय विकास को लेकर ग्रामीणों के साथ संकल्प लिया. बैठक में मतीन. महफूज आलम. शाहवुल हक सहित ग्रामीण एवं शिक्षक शिक्षिका आदि मौजूद रहे।

## मखाने की खेती से बदल रही किसानों की तकदीर

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। कटिहार जिला के कोढ़ा क्षेत्र में मखाने की बड़े पैमाने पर हो रही खेती और मखाना की खेती ने न सिर्फ कोढ़ा के किसानों की तकदीर बदल दी है बल्कि सेकड़ो हेक्टेयर की जल जमाव वाली जमीन को भी उपजाऊ बना दिया है। अब तो प्रखंड के निचले स्तर की भूमि मखाना के रूप में सोना उगल रही है। विगत दो दशक पहले ही कोढ़ा प्रखंड में मखाना की खेती शुरू की गयी है। किसानों के लिए यह खेती वरदान साबित हुआ है। लेकिन इस वर्ष मखाना के गिरते बाजार भाव के कारण किसान हताशा में है। मखाना का लावा लेने वाला नहीं मिल रहा है। जिससे कई छोटे,मझोले किसान सहित मखाना फोड़ी करने वालों के पास गत वर्ष का तैयार मखाना पड़ा हुआ है। जिसको लेकर निकलने वाले कच्चे मखाना के भाव को लेकर किसान काफी परेशान हैं। कुछ वर्षो से पारंपरिक खेती में नुकसान होते देख नदी,तालाब में होने वाली मखाना की खेती किसान वैसे ऊंची भूमि में मेड़ बनाकर व पटवन कर करने लगे जिसमें कभी धान,गेहूं व मक्का आदि के फसलों का उत्पादन किया जाता था।

**क्या कहते हैं किसान**

इस वर्ष तैयार मखाना के भाव को देख किसान काफी हैरान परेशान हैं। किसान सुशील मंडल अरुण साह भरत शर्मा आदि किसानों ने बताया कि गत वर्षों का मखाना का लावा अभी तक पड़ा हुआ है। रूस-यूक्रेन युद्ध का भी असर पिछले साल मखाना बिक्री पर पड़ा। मखाना का निर्यात प्रभावित हुआ। अभी के बाजार भाव तीन सौ प्रति किलो के अनुसार लावा बिक्री कर दी जाय तो पांच हजार से दस हजार प्रति क्विटल की दर से घाटा हो रहा है। कच्चा मखाना 90% खेत से निकाल लिया गया है। ऐसे में बाजार भाव के ऊपर उठने का कोई आसार नहीं दिख रहा है। अगर 10 हजार रुपये प्रति क्विटल कच्चा मखाना की बिक्री होती तो किसानों को कम नुकसान सहना पड़ता। अभी तीन से चार हजार प्रति क्विटल कच्चे मखाना का दर है। जबकि पिछले साल यही दर 15 हजार तक गया था।

**फोड़ी वाले भी सशंकित**

दरभंगा से आकर क्षेत्र में मखाना का लावा तैयार करने वाले किसान भी सशंकित हैं। चंचल सहनी, माधो सहनी आदि फोड़ी वाले ने बताया कि मखाना से लावा तैयार कर ही अपने परिवारों की जीविका चलाते हैं। ऐसे में बाजार भाव नहीं है। हमलोगों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। मखाना व्यसायी ने बताया कि एक क्विटल कच्चा मखाने को निकालने पर प्रति क्विटल 25 सौ से तीन हजार खर्चा आता है। जब की कच्चा मखाना का का कीमत ही अभी तीन हजार रुपए है।

## भैंसबंधा में आग लगने से नौ परिवार का घर जल कर राख

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। ग्राम पंचायत तैयबपुर के भैंसबंधा गांव में शुक्रवार के दोपहर में अचानक आग लगने से नौ परिवार का 22 घर जल कर राख हो गया. इस में आवासीय घर के साथ साथ रसोई घर था. ग्रामीणों द्वारा जब तक आग पर काबू पाया जाता इतने आग की लपट बहुत तेज हो गयी थी. इस दौरान बारसोई से दमकल आने के बाद आग पर पुरी तरह काबू पाया गया. इस बीच घर का सारा सामान जल कर राख हो गया था.आग लगने की इस घटना में लाखों की क्षति का अनुमान है. स्थानीय मुखिया मारूफ अहसन ने बताया की आग की लपट देख कर ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया. इस बीच आग अगल बगल के घरों तक फैस गयी थी. दमकल आने के बाद पूरी तरह आग कंट्रोल हुआ. प्राप्त जानकारी के अनुसार जफीर, अली हसन, अंजीर, शमीमा, शमीम, मुदस्सीर, जैनब, सालेहा, हबीब, शमसेर, शमसाद का आवासीय घर के साथ रसोई घर में आग लगने से नगद राशि सहित जेवर, अनाज, कपड़ा जलने से लाखों की क्षति होने की बात कहे. पिडित परिवारों ने बताया की आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है. आग की लपट इतनी तेज थी के घर से एक सामान भी नहीं निकाल सके. ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया. घटना की सूचना पर जिला परिषद मुनतसीर अहमद, स्थानीय मुखिया मारूफ अहसन ने क्षति का आंकलन करते हुए इस घटना की सूचना सीओ कदवा रविशंकर सिंहा को दे कर पिडित परिवारों को तत्काल राहत सहायता देने की मांग करते हुए कहा की यह सभी अत्यंत गरीब परिवार है. आग लगने की घटना के बाद इनकी दुनिया उजर गयी है. यह लोग खुले आसमान के नीचे आ गया है. इन लोगों को तत्काल राहत सहायता राशि देने की मांग की है. जिला परिषद मुनतसीर अहमद ने बताया की बलिया बेलौन थाना क्षेत्र में एक भी दमकल नहीं होने से कहीं भी आग लगने की घटना होने पर दमकल

घटना होने पर दमकल समय पर नहीं पहुंच पाता है. इस क्षेत्र में दमकल की व्यवस्था करने की मांग की है. घटना की सूचना पर बलिया बेलौन थाना अध्यक्ष संजय कुमार पांडे दलबल के साथ पहुंच कर आग बुझाने में सहयोग किये.

## सालमारी पुलिस ने बाइक सवार शराब तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। सालमारी पुलिस ने वाहन जांच के दौरान मुकुरिया चौक के पास बाइक को रोक कर तलाशी ली गयी तो शराब बरामद होने पर बाइक सहित तस्कर को गिरफ्तार किया गया. ओपी अध्यक्ष नवनीत कुमार नमन ने बताया की वाहनों की जांच के क्रम में शुक्रवार को बाइक की तलाशी लेने पर डिक्की से शराब बरामद होने पर शराब के साथ बाइक सवार को हिरासत में ले कर पुछताछ करने पर अपना नाम भोरीया राय ग्राम नारायणपुर का रहने वाला बताया है. इस के पास से 10 लीटर देशी शराब बरामद हुआ है. अग्रिम कार्रवाई करते हुए आरोपी को कटिहार न्यायालय भेजा दिया गया है. उन्होंने बताया की शराब के मामले में जरा भी कोताही बर्दाश्त नहीं होगी. हर हाल में सभी लोगों को शराब बंदी कानून का पालन करना होगा. कहीं से गुप्त सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाती है. शराब लाना, लेजाना, पीना, पीलाना, होम डिलीवरी करना संगीत अपराध है. शराब बंदी कानून की धारा 30 ए बिहार मध्य निषेध एंव उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत कार्रवाई की गयी है. शराब बंदी अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों को सहयोग करने की अपील करते हुए कहा की सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जायेगा।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 09
नई दिल्ली, शनिवार, 22 अक्टूबर 2022

## संक्षिप्त समाचार

### मटियरिया थाना से दो वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल




मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त मटियरिया थाना क्षेत्र से दो वारंटीयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए मटियारिया प्रभारी थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हुई छापेमारी के दौरान दो वारंटीओं को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों मे बलुआ गोइंठई निवासी मस्जिद मियां तथा हौदा डुमरा निवासी अफरोज मियां है। दोनों अभियुक्तों को पुलिस ने उनके घर से छापेमारी के दौरान गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है

### अधिकारियों की टीम ने बूढ़ीगंडक नदी के विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण, स्थानीय मुखिया को दिया आवश्यक निर्देश



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगुसराय। शुक्रवार को लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर अधिकारियों की टीम ने बूढ़ीगंडक नदी के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान बीडीओ राघवेंद्र कुमार, सीओ अमरनाथ चौधरी एवं थानाध्यक्ष सुदीन राम ने संयुक्त रूप से मेघौल, फफौत, बरियारपुर पश्चिमी एवं बाड़ा पंचायत क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का जायजा लिया. तथा मौके पर मौजूद संबंधित पंचायत के मुखिया को आवश्यक निर्देश दिया. अधिकारियों ने बूढ़ीगंडक नदी के खतरनाक घाटों पर छठव्रतियों को नहीं जाने देने, अन्य घाटों पर पानी में बैरिकेटिंग करने, घाटों के साफ– सफाई की समुचित व्यवस्था करवाने एवं घाटों तक आने जाने वाले रास्तों की साफ सफाई तथा रोशनी की व्यवस्था करवाने का निर्देश पंचायत प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं को दिया गया. अधिकारियों ने बताया कि छठ पर्व के आलोक में अस्ताचल गामी एवं उदयाचल गामी सूर्य को अर्ध्य देने के समय नदी में निजी नावों के परिचालन पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी. घाटों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी. साथ ही गोताखोर भी घाटों पर मौजूद रहेंगे. अधिकारियों की टीम के साथ मेघौल पंचायत के मुखिया पुरुषोत्तम सिंह, बरियारपुर पश्चिमी के मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा, सरपंच नवीन प्रसाद यादव, फफौत पंचायत के पूर्व मुखिया अनिल कुमार एवं बाड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया टिंकू राय, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार, नवीन कुमार, विजय कुमार समेत अन्य मौजूद थे.

### विद्यालय में निजी कोष से बनवाया शौचालय



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगुसराय। गढ़पुरा प्रखंड के कुम्हारसों पंचायत स्थित मध्य विद्यालय के परिसर में नवनिर्मित शौचालय एवं स्वच्छ जल के लिए लगे समर सेबुल समुचित पेयजल की व्यवस्था का शुभारंभ विधिवत फीता काटकर छात्र–छात्राओं की सुविधा के लिए किया गया। भारत सरकार के पूर्व औद्योगिक सलाहकार चंद्रमौली प्रसाद सिन्हा के द्वारा निजी कोष से करीब दो लाख का यह दान कुम्हरसों मध्य विद्यालय को दिया गया। श्री सिन्हा ने बताया कि जब हम भारत सरकार की सेवा से रिटायर होने के बाद गांव आकर रहने लगे और यहां की विधि व्यवस्थाओं को जाना तो हमें यहां के विद्यालय में स्वच्छ पेयजल और शौचालय का आभार दिखा, जिसके कारण खासकर छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, इसके बाद मैं और मेरे पुत्र एवं पुत्रवधू के द्वारा विद्यालय के शौचालय और पेयजल के समुचित व्यवस्था का वादा विद्यालय प्रधान किया था। इसके बाद हमने गांव के छात्र–छात्राओं की सुविधा के लिए 10 शौचालय एवं विद्यालय में समुचित स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था अपने निजी से कोष किया। मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक उपेंद्र पासवान ने बताया कि विद्यालय समाज की धरोहर है और इससे हम समाज के लोग सरकार के अलावा अपने आंशिक अंशदान से बेहतर बना सकते हैं जिससे हमारे छोटे–छोटे बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकेगी इसकी करीब में पूर्व में विद्यालय मैं गेट का निर्माण एव चारदीवारी का निर्माण किया था। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रधान नवल किशोर प्रसाद मुखिया, बसंत कुमार, आभाष झा, सरपंच वीरेंद्र झा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य श्याम बिहारी ठाकुर, शंभू सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## विदाई के मौके पर आईएएस दीपक मिश्रा बोले- लक्ष्य के प्रति निष्ठावान रहने से मिलती है तरक्की

» मदरलैण्ड संवाददाता





बेतिया। अनुमंडल कार्यालय बगहा में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आईएएस दीपक मिश्रा सह निवर्तमान एसडीएम बगहा को विदाई दी गई। ठकराहा के वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण मुरारी तिवारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक के नोएडा प्रभारी पुष्पेंद्र तिवारी एवं पत्रकार विकास तिवारी, अजय तिवारी ने आईएएस दीपक मिश्रा को अंग वस्त्र एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। विदाई के मौके पर आईएएस दीपक मिश्रा ने कहा की अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहने से अवश्य तरक्की मिलती है। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही बरतने वालों का कही से भला नहीं हो सकता है। इसलिए हमेशा सकारात्मक सोच विकसित करें। आईएएस ने कर्मियों को सामंजस्य बैठाकर काम करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में मीडिया बंधुओं का सहयोग काफी सराहनीय रहा। जिसके लिए आभार प्रकट किया। साथ ही दीपक मिश्रा ने नवागत एसडीएम को अनुमंडल क्षेत्र के समस्याओं को भलीभांति अवगत कराया। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण मुरारी तिवारी ने आईएएस दीपक मिश्रा के कार्यों कि सराहना करते हुए कहा कि कम समय मे ही कर्मियों के साथ-साथ आम जनता में फैली लोकप्रियता अनुसरण करने योग्य है। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक सदस्य पुष्पेंद्र तिवारी, संवेदक अजय तिवारी, पत्रकार विकास तिवारी ने भी आईएएस की सराहना किया।

विदित हो कि 2018 बैच के आईएएस अधिकारी दीपक मिश्रा बगहा अनुमंडल में एसडीएम के पद पर कार्यरत थे। उनका प्रमोशन के साथ नवादा जिला में उप विकास आयुक्त के पद पर तबादला हुआ। आईएएस दीपक मिश्रा ने अपने अल्प कार्यकाल में ही अनुमंडल के सभी प्रखंडों की व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुदृढ़ करने का काम किया। जिससे आम जनता के बीच काफी लोकप्रियता मिली। दूसरी तरफ अनुमंडल में ही विभिन्न जगहों पर आईएएस दीपक मिश्रा का विदाई समारोह आयोजित किया गया। बगहा अनुमंडल में ऐसा पहली बार किसी अधिकारी की विभिन्न जगहों पर सम्मान दिया गया। अनुमंडल के सभी प्रखंडों के बीडियो और अंचलाधिकारी ने भी आईएएस दीपक मिश्रा की सहाना करते हुए सम्मान भेंट किया। और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर नवागत एसडीएम अनुपमा सिंह, समाजसेवी कृष्ण मुरारी तिवारी, अजय तिवारी, पुष्पेंद्र तिवारी, विकास तिवारी, उमेश शर्मा, बिनीत कुमार, पप्पू कुमार, तन्मय मिश्रा समेत सभी प्रखंडों व अंचलो के कर्मी उपस्थित रहे।

## गौनाहा में आदिवासी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त आदिवासी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शुक्रवार को गौनाहा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना व प्रदर्शन किया गया। जिसमें प्रखंड के विभिन्न गांवों के आदिवासी समुदाय के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदकिशोर महतो ने कि। वहीं संचालन लालजी यादव कर रहे थे। इस मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए लालजी यादव ने कहा कि स्थानीय नागरिकों द्वारा अपने घर बनाने के लिए पहाड़ी नदियों से बालू-पत्थर का निकासी कर सदियों से अपना घर बनाते आ रहे थे। मगर सरकारी रोकथाम के कारण अधिकांश गरीबों का सरकार से प्राप्त आवास नहीं बन पा रहा है। एक तरफ गरीबों का घर नहीं बन पा रहा हैं वहीं दूसरी तरफ नदियों के तल बालू व पत्थर से भर गए हैं। थोड़ी सी भी बारिश होने पर नदी के ओवरफ्लो होने पर पानी फैलने के कारण हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो जा रहीं है। तथा खेती योग्य भूमि कटती जा रही हैं। कटाव से अभी तक सैकड़ों घर विस्थापित हो चुके हैं। धरना प्रदर्शन को संबोधित करने वालें वक्ताओं में भाकपा माले के सुरेश द्विवेदी, शंकर उरांव, तपु महतो, अमीत उरांव, रामशंकर महतो, भिखारी उरांव, सुखदेव उरावं मनोज बैठा आदि शामिल थे।

## अवैध बालू खनन मे पांच टायर जब्त, कार्रवाई को भेजा गया खनन विभाग - थानाध्यक्ष

**पुलिस छापेमारी से खनन माफियाओं में मचा हडकंप छापेमारी हुई तेज**




» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। बगहा 21 अक्टूबर। अवैध बालू खनन मामले में बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना की पुलिस ने बैलगाड़ी पर लदा हुआ पांच बैलगाड़ी को जब्त की है।पुलिस बालू माफियाओं के विरुद्ध लगाम लगाने और नकेल कसने के लिए लगातार छापेमारी अभियान शुरू कर दी है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध बालू खनन माफियाओं मे हड़कंप मच गया है।

चौतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि हरदी नादवा पंचायत स्थित नदी से अवैध रुप से बालू खनन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना के आलोक में शुक्रवार की सुबह छापेमारी अभियान चलाई गई। जहां पांच बैलगाड़ी पर लदा बालू पकड़ा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पांचों बैलगाड़ी को जब्त कर लिया गया है तथा अवैध बालू खनन मामले में खनन विभाग पश्चिम चम्पारण बेतिया को कार्रवाई करने हेतु भेजा गया है।

पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध माफियाओं में हडकंप मच गया है। उन्होंने बताया कि हरदी - नादवा पंचायत के वार्ड नं 5 कौलाची गांव से अवैध रूप से बालू लदे पांच टायरों को जब्त किया गया। चौतरवा थाना पुलिस द्वारा चलाई जा रही अवैध बालू खनन के विरुद्ध अभियान से अवैध कारोबारियों मे हड़कंप मचा है।

## पुलिस स्मृति दिवस पर एसएसबी 21वीं वाहिनी ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। एसएसबी के बगहा कार्यालय परिसर में एसएसबी 21 वीं वाहिनी के द्वारा कार्यवाहक कमांडेंट उमा शंकर नाशना के नेतृत्व में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को सम्मान गार्ड के द्वारा सलामी दे कर शोक शस्त्र एवं नम आंखों से रीथ, पुष्प माला अर्पित कर दी गई।श्रद्धांजलि एवं पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यवाहक कमांडेंट उमा शंकर नाशना ने सभी अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारीयों एवं जवानों को संबोधित करते हुए बताया कि, पुलिस स्मृति दिवस प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन भारत के उन शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजली दी जाती है। जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण निछावर किये थे।इस दिन उन शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजली अर्पण कर उनको याद किया जाता है। 21 अक्टूबर 1959 में लद्दाख में तीसरी बटालियन की एक कम्पनी को भारत-तिब्बत सीमा की सुरक्षा के लिए लद्दाख में ‟हाट-स्प्रिंग‟ में तैनात किया गया था। कम्पनी को टुकड़ियों में बांटकर चौकसी करने को कहा गया था। 20 अक्टूबर, 1959 को उत्तर-पूर्वी लद्दाख में ‟हाट स्प्रिंग‟ से तीन टोली दलों को रवाना किया गया था।ताकि एक भारतीय अभियान को आगे बढ़ाने की तैयारी की जा सके। यह अभियान लान कला के रास्ते पर जा रहा था। दो दलों के सदस्य उस दिन दोपहर तक बापस लौट आये थे। लेकिन तीसरा दल वापस नहीं आया था। इस दल में 2 हवलदार और 1 पोर्टर शामिल थे। अगले दिन, डीसीआईओ करम सिंह के नेतृत्व में लगभग 20 जवानों का एक गश्ती दल भेजा गया। तभी चीनी फौज के एक बहुत बड़े दस्ते ने इस गश्ती टुकड़ी पर घात लगाकर हमला कर दिया। तब बल के मात्र 21 जवानों ने चीनी हमलावरों का डटकर मुकाबला किया। मातृभूमि की रक्षा के लिए लड़ते हुए 10 शूरवीर जवानों ने अपने प्राणों को बलिदान दिया। हमारे बल के लिए व हम सबके लिए यह गौरव की बात है, कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के इन बहादुर जवानों के बलिदान को देश के सभी केन्द्रीय पुलिस संगठनों व सभी राज्यों की सिविल पुलिस द्वारा ‟पुलिस स्मृति दिवस‟ के रूप में मनाया जाता है।तथा वर्ष 2012 से पुलिस स्मारक चाणक्यपुरी में राष्ट्रीय स्तर पर पुलिस स्मृति प्रेड दिवस का आयोजन किया जाता है।

इस अवसर पर मेडिकल कमांडेंट डॉक्टर ममता अग्रवाल, कार्यवाहक कमांडेंट उमा शंकर नाशना, उप कमांडेंट के.अंगों, उप कमांडेंट म टी मेरेन, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

## जन सुराज पदयात्रा के 20वां दिन पश्चिम चंपारण के रामनगर पहुंचे प्रशांत किशोर

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। जन सुराज पदयात्रा के 20वें दिन आज प्रशांत किशोर सैकड़ों पदयात्रियों के साथ नरकटियागंज प्रखंड के टी पी वर्मा कॉलेज स्तिथ जन सुराज पदयात्रा शिविर से चलकर रामनगर प्रखंड पहुंचे। प्रशांत किशोर ने आज सुबह जन सुराज पदयात्रा की शुरूआत पश्चिम चंपारण के नरकटियागंज प्रखंड के शिविर में प्रार्थना सभा से की। इसके बाद अंबेडकर चौक मझरिया पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों ने सभी पदयात्रियों का स्वागत किया और इस पदयात्रा में प्रशांत किशोर के साथ शामिल हुए। बिनवलिया पंचायत में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिस दुर्दशा से आप लोग पीड़ित है उसे दूर करने का संकल्प लेकर निकले हैं। इसी क्रम में पदयात्रा का हुजूम आगे बढ़ते हुए मलदहिया पोखरिया गांव से चलकर चामुआ, तोलाहा, धोकराहा, सोनखर, रामनगर पंचायत, अर्जुन विक्रम शाह स्टेडियम पहुंचा। जहां प्रशांत किशोर समेत सभी पदयात्रियों ने रात्रि भोज और विश्राम किया। प्रशांत किशोर और उनके साथ चल रहे सैकड़ों पदयात्रियों ने लगभग 21 किमी का सफर पैदल चलकर तय किया।

सीगरी बहुआरी गांव में स्थानीय लोगों को जन सुराज की सोच पर बात करते हुए प्रशांत किशोर ने 'जन सुराज' के विचार को विस्तार से बताते हुए कहा कि जन सुराज की सोच के साथ वो लोगों के साथ संवाद स्थापित करना चाहते हैं। किशोर ने कहा कि मैं अकेले बिहार को बदल दूंगा, ऐसा नहीं है। जो भी ऐसा सोचते हैं वो गलत है। प्रशांत किशोर ने आगे जोड़ा की

- **मोदी पर हमला, बोले ,घर घर मोदी के नारे के बाद अब हर घर में सिलेंडर हुआ 1300 रुपया।**

वो मजबूत लोग नहीं, सही लोगों को समाज में खोजने के लिए समाज में घूम रहे हैं। सही लोगों के एक साथ आने पर ही बिहार का सर्वांगीण विकास हो सकता है और उनका उद्देश्य यही है कि सभी सही लोगों को एक साथ एक मंच पर लाया जाए। सही लोगों की पहचान समाज को है, इसलिए समाज में जा रहे हैं।

नरकटियागंज के लंगड़ा दिवालिया गांव में प्रशांत किशोर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब मोदी जी को वोट मिल गया, जब घर-घर मोदी हो गया और वह प्रधानमंत्री बन गए। तब हर घर में सिलेंडर का दाम भी 500 रुपया से बढ़कर 1300 रुपया हो गया। मोदी जी 200 रुपया का 5 किलो अनाज देकर, आपकी जेब से 500 की जगह 1300 रुपए सिलेंडर के नाम पर निकलवा लेते हैं। अगली बार अगर जीत गए तो सिलेंडर का दाम 2000 से ज्यादा हो जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि फैक्ट्री लगाने का वादा बिहार में कर रहे हैं और फैक्ट्री लग गुजरात में रही है।

## जिले के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में होगा नियंत्रण कक्ष संचालित




» मदरलैण्ड संवाददाता

- **त्योहार के दौरान सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर इलाज का होगा समुचित इंतजाम**

अररिया। दीपावली व छठ महापर्व के दौरान दुर्घटना के संभावित मामलों से निपटने के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरी तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि छठ महापर्व व कार्तिक पूर्णिमा के दौरान नदी घाटों पर पूजा अर्चना व स्नान के लिये जुटने वाली भीड़ के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। साथ ही दीपावली में आतिशबाजी के दौरान भी बड़ी संख्या में जलने की घटनाएं घटित होती है। लिहाजा संभावित दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। इसे लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**होगा विशेष चिकित्सकीय इंतजाम**

जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि त्योहार के दौरान दुर्घटना की आशंका को देखते इससे निपटने को लेकर विभागीय स्तर से सभी जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के संभावित मामलों से निपटने के लिये जिले के प्रमुख अस्पताल में इस दौरान नियंत्रण कक्ष का संचालन किया जायेगा। इसमें तीन पालियों में कर्मी प्रतिनियुक्त होंगे। इसके किसी आपाताकालीन स्थिति से निपटने के लिये प्रमुख अस्पतालों में विशेष आपातकालीन कक्ष संचालित किया जायेगा। सभी अस्पतालों को तमाम जरूरी जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता, एंबुलेंस, ट्रॉली का इंतजाम रहेगा। सदर अस्पताल व अनुमंडल अस्पताल में बर्न वार्ड को खास तौर पर अलर्ट किया गया है। वरीय चिकित्सा पदाधिकारी व पारा मेडिकल स्टॉफ को इस दौरान विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों को किसी तरह के सहयोग के लिये जिला प्रशासन से निरंतर समन्वय बनाये रखने का निर्देश दिया गया है।

**सदर व अनुमंडल अस्पताल में होगा नियंत्रण कक्ष संचालित**

डीपीएम स्वास्थ्य रेहान अशरफ ने बताया कि सदर अस्पताल अररिया व अनुमंडल अस्पताल फारबिसगंज में इस दौरान विशेष नियंत्रण कक्ष संचालित किया जायेगा। इसमें वरीय चिकित्सक व चार पारा मेडिकल कर्मियों की प्रतिनियुक्ति होंगे। कर्मियों की प्रतिनियुक्ति व रोस्टर का निर्धारण सिविल सर्जन के स्तर से किया जाना है। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल व अनुमंडल अस्पताल फारबिसगंज में अतिरिक्त 06 बेड के साथ अलग कक्ष का इंतजाम किया गया है। किसी आकस्मिक स्थिति से निपटने में इसका इस्तेमाल किया जायेगा। पीएचसी स्तर पर पर स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी की विशेष टीम गठित की होगी. जो किसी आपात स्थिति से निपटने में जरूरी सहयोग के लिये जिम्मेदार होंगे।

## डेंगू के बढ़ते मामलों पर प्रभावी रोक को लेकर विभागीय प्रयास जारी

» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। जिले में डेंगू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विभागीय प्रयास जारी है। पीएचसी स्तर पर डेंगू की जांच व इलाज का इंतजाम उपलब्ध कराया गया है। सदर अस्पताल अररिया व अनुमंडल अस्पताल फारबिसगंज में पूर्व से 10 बेड क्षमता वाला विशेष डेंगू वार्ड संचालित किये जा रहे हैं। जानकारी अनुसार एसडीएच फारबिसगंज में बने विशेष डेंगू वार्ड में इलाज के लिये एक मरीज को भर्ती किया गया था। जिसकी सेहत में सुधार होने के बाद उसे रिलीज कर दिया गया है। डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अलर्ट के बाद जिला स्वास्थ्य समिति ने डेंगू के लक्षणों वाले मरीजों की निगरानी कर रहा है। संक्रमित सभी मरीजों को नियमित रूप से फॉलोअप किया जा रहा है।

**डेंगू से बचाव को लेकर किया जा रहा जागरूक**

डेंगू से संबंधित मामलों की जानकारी देते हुए



सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर शहरी क्षेत्रों में नगर प्रशासन की मदद से फॉगिंग की जा रही है। वहीं ग्रामीण इलाकों में फॉगिंग स्वास्थ्य विभाग के स्तर से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव को लेकर जरूरी एहतियाती उपायों पर अमल जरूरी है। इसे लेकर विभिन्न स्तरों पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

**जिले में फिलहाल 37 लोग हैं संक्रमित**

जानकारी मुताबिक अब तक जिले में कुल 37 डेंगू संक्रमित मरीज मिले हैं। इसमें 02 मरीज बाहरी जिले से संबद्ध हैं। वहीं अब तक अररिया में 07, फारबिसगंज में 15, रानीगंज में 01, नरपतगंज में 09, भरगामा में 01, सिकटी में 01 डेंगू संक्रमित मरीज मिले हैं। डेंगू मरीज मिलने के बाद प्रभावित इलाकों में प्राथमिकता के आधार पर नजदीक के 500 से अधिक घरों में फॉगिंग किया जा चुका है। नरपतगंज व फारबिसगंज के सिमराहा में मरीज मिलने के बाद शुक्रवार को उक्त स्थानों पर फॉगिंग कराया गया है।

**रोग के लक्षण दिखने पर तुरंत करायें जांच**

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ

- **जिले में अब तक 37 संक्रमित मरीज मिले,फिलहाल सभी का सेहत सामान्य**
- **विभिन्न स्तरों पर लोगों को जागरूक करने की मुहिम में जुटा है विभाग**

अजय कुमार सिंह ने बताया कि डेंगू मरीजों की संख्या बढ़ रही है। लगातार बुखार की शिकायत रहने व कमजोरी महसूस होने पर नजदीकी सरकारी अस्पतालों में डेंगू जांच के लिये आम लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। ग्रामीण चिकित्सा संस्थानों में विशेष सत्र आयोजित करते हुए स्थानीय लोगों को डेंगू के खतरे व बचाव संबंधी उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने डेंगू मरीजों को अधिक से अधिक पानी, ओआरएस घोल, नींबू पानी, नारियल पानी का सेवन करने की सलाह उन्होंने दी। इसके अलावा उन्होंने अधिक से अधिक प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन की सलाह दी है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने की प्रमुख घोषणाएं




हिसार - विशिष्ट डिफेन्स और एयरोस्पेस खंड में ओपी जिंदल ग्रुप के प्रवेश को चिह्नित करते हुए, जिंदल स्टेनलेस के डिफेंस वर्टिकल ह्यजिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेसह्व ने भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित 12वें डेफएक्सपो 2022 में भाग लिया।

जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने अपनी संबंधित क्षमताओं के साथ रक्षा उत्पादों के इंजीनियरिंग, डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग के लिए राज्य के स्वामित्व वाली यंत्र इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह भारतीय सशस्त्र बलों की सेवा के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी पर सरकार के प्रेरणा के अनुरूप है। कार्यक्रम के मौके पर बोलते हुए, जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस के प्रमुख श्री सीपी अग्रवाल ने कहा कि जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस को अगली पीढ़ी के रक्षा अनुप्रयोगों के लिए निकल आधारित मिश्र धातु, आर्मर स्टील ग्लास फाइबर और कार्बन फाइबर कम्पोजिट पेश करके उन्नत सामग्री के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत बनाने पर गर्व है। हम देश के सशस्त्र और अर्धसैनिक बलों के लिए एकीकृत अगली पीढ़ी के सुरक्षा और रक्षा समाधान में प्रवेश कर रहे हैं। इसके लिए हम पहले से ही भारत में टेक्नोलॉजी पार्टनर्स के साथ बातचीत कर रहे हैं। हम भारतीय डिफेन्स इकोसिस्टम में अपनी तरह की पहली कृत्रिम रूप से आर्टिफीसियल इंटेलिजेंट सिस्टम विकसित करने के लिए कमर कस रहे हैं। यह न केवल हमारे फोर्स को भविष्य की युद्ध क्षमताओं का बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि भारतीय एमएसएमई को इंडियन डिफेन्स इकोसिस्टम में हमारे फुटप्रिंट का विस्तार करने में भी मदद करेगा।ह्व

जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने खुद को भारत में डिफेंस और एयरोस्पेस में अग्रणी रणनीतिक सामग्री आपूर्तिकताओं के रूप में तथा दुनिया भर में निर्यात के साथ, कड़े गुणवत्ता मानकों और विनिदेशों को पूरा करते हुए स्थापित किया है । इसका उद्देश्य मिसाइल और बंदूकें, नौसेना, बैलिस्टिक और ब्लास्ट-प्रूफ आर्मर, एयरोस्पेस, और अन्य इंजीनियरिंग एप्लीकेशन्स सहित विशिष्ट एवं महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों में भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।

अतीत में, जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने लगभग सभी मिसाइल कार्यक्रमों के लिए सैटेलाइट लॉन्चर पीएसएलवी, जीएसएलवी एमके -3, चंद्रयान, गगनयान, केएस न्यूक्लियर सबमरीन मिसाइल सिस्टम और मिसाइल कनस्तर सहित प्रमुख डीआरडीओ और इसरो परियोजनाओं के लिए सामग्री की आपूर्ति की है। इसके अलावा, जिंदल डिफेंस और एयरोस्पेस ने भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, पुलिस बलों, आदि सहित भारतीय रक्षा बलों के लिए बुलेट-प्रूफ मोर्चों और पोडियम सहित विश्व स्तरीय आर्मर सलूशन विकसित किए हैं।

# एचडीएफसी बैंक ने ग्राहक अनुभव में सबसे नवीन अभ्यास के लिए सीआईआई डीएक्स डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अवार्ड्स 2022 पुरस्कार जीता

अंबाला, 21 अक्टूबर, 2022: भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से ग्राहक अनुभव में सबसे नवीन अभ्यास की श्रेणी में ह्यग्रामीण बैंकिंग में ग्राहक अनुभव बदलनेह्व के लिए प्रतिष्ठित सीआईआई डीएक्स 2022 डिजिटल परिवर्तन पुरस्कार जीता है। बैंक के 5 लाख+ भौतिक स्पर्श बिंदुओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में 2.7 मिलियन ग्राहकों को 45+ उत्पादों और सेवाओं की पेशकश की, डिजिटल परिवर्तन पहल ह्यग्रामीण बैंकिंग में ग्राहक अनुभव बदलनाह्व के लिए, बैंक ने पूरे भारत में 5 लाख से अधिक एजेंटों के साथ करार किया, जिन्होंने बैंकिंग को देश भर में कम बैंकिंग और बिना बैंक वाले वर्गों तक पहुँचाया। इस पहल के माध्यम से, बैंक ने ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्लभ




भौतिक बैंकिंग टचप्वाइंट, बाजार के लिए सही उत्पादों की अनुपस्थिति और आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए लंबे समय तक जैसी चुनौतियों का समाधान किया। बैंक ने क्षेत्रीय भाषाओं में स्थानीय प्रभावशाली लोगों से बैंकिंग सेवाओं की पेशकश करके ऐसा किया, जिसने दूर की शाखाओं की यात्रा के लिए आवश्यक समय के प्रयास को समाप्त कर दिया, बैंक के 45+ उत्पादों और सेवाओं के एक सूट तक पहुंच प्रदान की और क्रेडिट अनुमोदन के लिए त्वरित बदलाव के लिए डिजिटल समाधान का उपयोग किया। पुरस्कार समारोह के दौरान उपस्थित थे: श्री दिनेश लूथरा-कार्यकारी उपाध्यक्ष और व्यापार प्रमुख, वैकल्पिक बैंकिंग चैनल और साझेदारी और अजय शर्मा-वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख-उत्पाद, डिजिटल समाधान और प्रक्रिया, वैकल्पिक बैंकिंग चैनल और भागीदारी। वैकल्पिक बैंकिंग चैनल और भागीदारी इकाई इस विशेष पहल को चला रही है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) डिजिटल परिवर्तन की अपनी यात्रा में अन्य उद्योगों के लिए एक बेंचमार्क के रूप में कार्य करने वाली डिजिटल प्रौद्योगिकियों को पेश करने या अपनाने के लिए अभिनव, लचीला और टिकाऊ रणनीतियों को पहचानने के लिए डीएक्स पुरस्कार प्रदान करता है। सीआईआई को पुरस्कारों के लिए 480 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ बंद

मुंबई, एजेंसी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपये में तेजी रही। इसी के साथ ही रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ ही 82.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपये में ये उछाल कच्चे तेल में नरमी के साथ ही घरेलू शेयर बाजार में तेजी से आया है। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.89 पर खुला और बाद में 82.59 के उच्च स्तर तथा 82.91 के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अंत में पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे मजबूत होकर 82.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पहले गत दिवस भी रुपया बढ़त पर बंद हुआ था। यह अपने निचले स्तर से उबरकर 21 पैसे की तेजी के साथ 82.79 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। वहीं दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.47 फीसदी बढ़कर 113.41 पर आ गया। वहीं अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.11 फीसदी नीचे आकर 92.28 डॉलर प्रति बैरल पर खिसक गया।

### डीसीएक्स सिस्टम्स ने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा तय किया

नई दिल्ली, एजेंसी। केबल, वायर विनिमार्ता कंपनी डीसीएक्स सिस्टम्स ने अपने 500 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 197-207 रुपए प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने कहा कि आरंभिक शेयर-बिक्री 31 अक्टूबर से शुरू होकर दो नवंबर तक चलेगी। डीसीएक्स सिस्टम्स ने नए निर्गम का आकार पहले के 500 करोड़ रुपए से घटाकर 400 करोड़ रुपए कर दिया है। नए निर्गम के अलावा आईपीओ में 100 करोड़ रुपए की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी होगी जिसमें इसके प्रवर्तक एनसीबीजी होल्डिंग्स इंक और वीएनजी टेक्नोलॉजी हिस्सा लेंगे। कंपनी आईपीओ से होने वाली आय का उपयोग कर्ज भुगतान, कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने, पूंजीगत व्यय और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी।

### सरकार बढ़ा सकती है जीएसटी रिटर्न भरने की तारीख

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार दिवाली से पहले सितंबर का जीएसटी रिटर्न भरने की अंतिम तिथि बढ़ा सकती है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने गुरुवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि कारोबारियों को सितंबर का जीएसटी रिटर्न भरने के लिए और समय दिया जा सकता है। सीबीआईसी के मुताबिक कई करदाताओं ने जीएसटीएन पोर्टल के धीमा होने की शिकायत की थी और रिटर्न भरने की तिथि बढ़ाने का भी प्रस्ताव दिया था। फिलहाल इस प्रस्ताव की समीक्षा की जा रही है और उसके बाद अंतिम तिथि बढ़ाने की मंजूरी मिलेगी। हर महीने के लिए जीएसटीआर 3बी फॉर्म उसके अगले महीने की 20, 22 या 24 तारीख को भरा जाता है। यह समय सीमा हर राज्य के लिए अलग-अलग होती है। अक्टूबर में भी इन तिथियों पर सितंबर का जीएसटी रिटर्न दाखिल किया जाना था, लेकिन अब इसकी तारीख को आगे बढ़ाया जा सकता है। सीबीआईसी ने बताया कि गुरुवार को कुछ कारोबारियों के लिए जीएसटी रिटर्न भरने की अंतिम तिथि थी, लेकिन कई करदाताओं ने पोर्टल के काफी स्लो चलने की शिकायत की, जिससे वे मासिक जीएसटी रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर 3बी नहीं भर सके।

### बीएसएनएल अगले साल लांच कर सकती है 4जी सेवा

नई दिल्ली, एजेंसी। जियो और एयरटेल की 5जी संवा लॉन्च हो चुकी है, जबकि बीएसएनएल अभी भी 3जी सेवाएं दे रहा है। टेलीकॉम कंपनी देश के कई हिस्सों में अपने 4जी नेटवर्क जांच रही है। जहां प्राइवेट टेलीकॉम कंपनियां 5जी लॉन्च कर चुकी हैं। वहीं बीएसएनएल की 4जी सेवा के लिए लोगों को अगले साल तक का इंतजार करना होगा। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अगले साल जनवरी 2023 में बीएसएनएल 4जी देश भर में लॉन्च कर सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बीएसएनएल 4जी लॉन्च की तैयारी कर रही है और अगले साल तक सब्सक्राइबर्स के लिए उपलब्ध होगी। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 4जी के कुछ दिनों बाद ही यूजर्स को 5जी सर्विस भी मिलेगी। साल 2023 की दूसरी छमाही में बीएसएनएल 5जी लॉन्च कर सकती है। 5जी की लॉन्चिंग के मौके पर अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि बीएसएनएली 5जी भारत में 15 अगस्त 2023 तक लॉन्च हो सकता है।

### इंडियन एनर्जी एक्सचेंज में बिजली कारोबार घटा

नई दिल्ली, एजेंसी। बिजली खरीद-बिक्री बाजार इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) में कारोबार जुलाई-सितंबर तिमाही में 11 प्रतिशत से अधिक घटकर 23.1 अरब यूनिट रहा। मुख्य रूप से आलोच्य तिमाही में आपूर्ति संबंधी अवरोधकों के कारण कारोबार घटा है। जुलाई-सितंबर 2021 में आईईएक्स का कुल कारोबार 26 अरब यूनिट था। कुल कारोबार में 19.7 अरब यूनिट परंपरागत बिजली बाजार और 1.5 अरब यूनिट हरित ऊर्जा खंड में हुआ। इसके अलावा नवीकरणीय ऊर्जा (आरईसी) बाजार में 19.14 लाख प्रमाणपत्रों का कारोबार हुआ।

# सीसीआई ने गूगल पर लगाया 1,337 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अमेरीकी कम्पनी गूगल पर 1,337.76 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने एंड्रॉयड मोबाइल उपकरण परिवेश में बाजार में मजबूत स्थिति के दुरुपयोग को लेकर गूगल पर यह जुमार्ना लगा है। इसके अलावा, सीसीआई ने प्रमुख इंटरनेट कंपनी को अनुचित कारोबारी गतिविधियों को रोकने और बंद करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि गूगल को एक निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने कामकाज के तरीके को संशोधित करने का निर्देश भी दिया गया है। सीसीआई ने अप्रैल 2019 में देश में एंड्रॉयड आधारित स्मार्टफोन के उपभोक्ताओं की शिकायतों के बाद मामले की विस्तृत जांच का आदेश दिया था। एंड्रॉयड दरअसल स्मार्टफोन और टैबलेट के मूल उपकरण निमार्ताओं (ओईएम) द्वारा स्थापित एक ओपन-सोर्स,




मोबाइल ऑपरेटिंग प्रणाली है। अनुचित व्यावसायिक प्रथाओं के आरोप मोबाइल एप्लिकेशन डिस्ट्रीब्यूशन एग्रीमेंट (एमएडीए) और एंटी फ्रैगमेंटेशन एग्रीमेंट (एएफए) जैसे दो समझौतों से संबंधित हैं। नियामक ने कहा कि अनुचित कारोबारी गतिविधियों को रोकने का आदेश जारी करने के अलावा एंड्रॉयड मोबाइल उपकरण पारिस्थितिकी तंत्र में कई बाजारों में अपनी प्रमुख स्थिति का दुरुपयोग करने को लेकर गूगल पर जुमार्ना लगाया गया है।

# शेयर बाजार उछाल के साथ बंद

मुंबई, एजेंसी। मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई के साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के शेयरों में हुई भारी लिवाली (खरीददारी) से




आयी है। इसी के साथ ही दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 104.25 अंक करीब 0.18 फीसदी बढ़कर 59,307.15 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयर वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का (निफ्टी) भी 12.35 अंक तकरीबन 0.07 फीसदी ऊपर आकर 17,576.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 8.96 फीसदी ऊपर आया। बैंक का सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 66.29 फीसदी बढ़कर 5,625.25 करोड़ रुपये रहा। इससे भी बाजार को बल मिल। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, नेस्ले, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर को भी लाभ हुआ। वहीं दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में गिरावट रही।

वहीं गत दिवस भी सेंसेक्स ओर निफ्टी बढ़त के साथ ही बंद हुआ था। चार दिन पहले बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप 2,71,74,757.21 करोड़ रुपये था जो अब 4.79 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 2,76,54,467 करोड़ रुपये पहुंच गया है। इसके साथ ही एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया के कॉस्पी, हांगकांग के हैंगसेंग और जापान के निक्की में गिरावट रही जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में लाभ हुआ। इसके अलावा यूरोप बाजारों की बात करें तो उसमें शुरूआती कारोबार में गिरावट रही। अमेरिकी शेयर बाजार भी गिरावट पर बंद हुआ। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.37 फीसदी नीचे आकर 92.02 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# सैमसंग ने पेश किया नया पिकल मोड माइक्रोवेव; अब चंद मिनटों में ही माइक्रोवेव में तैयार होंगे शानदार और स्वादिष्ट अचार

चंडीगढ़: भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने बिलकुल नया पिकल मोड माइक्रोवेव पेश किया है, जिसमें उपभोक्ता हफ्तों तक धूप में सुखाने की मुश्किलों से बचते हुए अपने पसंदीदा अचार तैयार कर सकते हैं।गृहिणियों, नई पीढ़ी और कामकाजी प्रोफेशनल्स को ध्यान में रख कर डिजाइन किया गया इस इनोवेटिव पिकल मोड के साथ यह नया माइक्रोवेव उपभोक्ताओं को घर के आरामदेह माहौल में बैठ कर सालों भर सेहतमंद तरीके से भांति-भांति के अचार बनाने की सुविधा देता है। यह नया माइक्रेवेव 28-लीटर की क्षमता में 24,990/- रुपये में उपलब्ध है।सैमसंग इंडिया में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा, ह्लसैमसंग में हम लगातार भारत-




केंद्रित इनोवेशन पर प्रयास करते रहते हैं जो देश भर के हमारे उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा कर सके। अचार भारतीय भोजन का एक अभिन्न हिस्सा हैं और हमारी बचपन की कई यादों को ताजा कर देते हैं। पिकल मोड माइक्रोवेव के साथ हम उम्मीद करते हैं कि हमारे उपभोक्ताओं को आसानी से, जल्दी और सेहतमंद तरीके से घर पर बने अचार का स्वाद मिल सकेगा।पिकल मोड माइक्रोवेव सभी पीढ़ियों के लिए मिनटों में न्यूनतम प्रयासों के साथ एक सच्चा और स्वादिष्ट अचार तैयार करना बेहद आसान बनाता है। इस माइक्रोवेव की मदद से आम, हरी मिर्च, इंडियन गूजबेरी, मूली, अदरक, गोभी और नींबू के अचार बनाए जा सकते हैं।पिकल मोड माइक्रोवेव मसाला, तड़का और सन-ड्राई रेसिपी बनाने का फीचर भी पेश करता है। इसमें स्लिमफ्राई फीचर भी है जो सेहतमंद तरीके से भोजन पकाने के लिए बहुत कम तेल का इस्तेमाल करता है, हॉटब्लास्ट फीचर है जिससे 50% ज्याद तेजी से खाना पकता है और साथ ही माइक्रोवेव में रोटी और नान बनाने के फीचर भी उपलब्ध हैं।

# त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने से भारतीय अर्थव्यवस्था में आई तेजी




नई दिल्ली, एजेंसी। इस साल त्योहारी सीजन सीजन में मांग में बढ़ोतरी होने से भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी दर्ज की गई है। देश भर में दीवाली की रौनक है, बाजारों में चहल-पहल है। पिछले वर्षों में कोरोनोवायरस ने उत्सव और खपत को कम कर दिया। एक परामर्श फर्म के अनुमान के अनुसार ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन और वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट ने 22-30 सितंबर के बीच त्योहारी सीजन की पहली बिक्री के दौरान 27 फीसदी बढ़कर 5.7 बिलियन डॉलर हो गई। व्यापारियों का अनुमान है कि दुकानों पर करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए (30.2 अरब डॉलर) खर्च होंगे। इस साल की दिवाली, रोशनी का त्योहार 24 अक्टूबर को आ रहा है। कोरोना संबंधित प्रतिबंधों के बिना महामारी शुरू होने के बाद से यह भारत का पहला उत्सव होगा। खरीदारों की वापसी अर्थव्यवस्था की रीढ़, खपत को बढ़ावा देने का काम करेगी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों से पता चलता है कि इस बार के नवरात्र में वाहनों की बिक्री ने 2021 के मुकाबले 57 फीसदी की छलांग लगाई है। भारत में टू-व्हीलर्स की बिक्री इस बार के नवरात्र में 52 फीसदी, थ्री-व्हीलर्स की बिक्री 115 फीसदी, कमर्शियल वाहनों की बिक्री 48 फीसदी, पैसेंजर व्हीकल्स यानी कार एसयूवी की बिक्री 70 फीसदी और ट्रैक्टरों की सेल्स में 58 फीसदीका इजाफा इस बार के नवरात्र में दर्ज किया गया। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बार के नवरात्र में वाहनों की बिक्री कोरोना से पहले यानी 2019 के शारदीय नवरात्र से भी 16 फीसदी ज्यादा रही है। अगर 2019 के शारदीय नवरात्र से तुलना की जाए तो इस बार के नवरात्र में टू-व्हीलर्स की बिक्री 4%, थ्री-व्हीलर्स की बिक्री 31 फीसदी, कमर्शियल वाहनों की बिक्री 37 फीसदी, पैसेंजर व्हीकल्स यानी कार एसयूवी की बिक्री 59 फीसदी और ट्रैक्टरों की सेल्स में 90 फीसदी का इजाफा दर्ज किया गया है।

# धनतेरस से पहले सोना और चांदी में नरमी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिवाली और धनतेरस के मौके पर उम्मीद की जा रही थी कि सोने का भाव मजबूत होगा लेकिन हो इसका विपरीत रहा है। त्योहारी सीजन में सोने के दाम घटते जा रहे हैं। शुक्रवार 21 अक्टूबर को भी सोने का भाव भारतीय वायदा बाजार में गिरा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने में सुस्ती आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव शुरूआती कारोबार में 0.22 फीसदी गिर गया है। वहीं चांदी एमसीएक्स पर 0.47 फीसदी कमजोर हुआ है। शुक्रवार को वायदा बाजार में 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव 109 रुपए टूटकर 50,034 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। सोने का भाव 50,069 रुपए पर खुला।

एक बार यह 50,014 रुपए तक चला गया। बाद में इसमें थोड़ी मजबूती आई और भाव 50,034 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी का भाव भी नरम है। चांदी की कीमत 264 रुपए घटकर 56,389 रुपए हो गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव में हल्की गिरावट आई है। सोने का हाजिर भाव 0.08 फीसदी गिरकर 1,626.25 डॉलर प्रति औंस रह गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी का भाव तेज हुआ है। चांदी का हाजिर भाव 1.11 फीसदी बढ़कर 18.62 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया है। गुरुवार को भी भारतीय सरार्फा बाजार में सोने का भाव सस्ता होकर 50,516 रुपए का हो गया। एक किलो चांदी की दरों में मामूली तेजी आई थी. यह 56,451 रुपए प्रति किलो बिकी।

# पेट्रोल और डीजल गाजियाबाद में महंगा, पटना में सस्ता

नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटे के दौरान खास उतार-चढ़ाव नहीं आया है, लेकिन सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बड़ा बदलाव दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतें जारी कर दी है। दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों में पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बदले हैं, लेकिन यूपी के गौतम बुद्ध नगर में पेट्रोल 28 पैसे गिरकर 96.64 रुपए और डीजल 26 पैसे गिरकर 89.82 रुपए प्रति लीटर हो गया है। हालांकि गाजियाबाद में पेट्रोल 32 पैसे महंगा होकर 96.58 रुपए और डीजल 32 पैसे चढ़कर 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। यूपी की राजधानी लखनऊ में भी पेट्रोल 13 पैसे गिरकर 96.44 और डीजल के 12 पैसे गिरकर 89.64 रुपए लीटर हो गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 35 पैसे सस्ता होकर 107.24 रुपए और डीजल 32 पैसे सस्ता होकर 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है।




दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.64 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.44 रुपए और डीजल 89.64 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# पांचवीं जनरेशन की ग्रैंड चेरोकी एसयूवी होगी लॉन्च

## एसयूवी फॉर्च्यूनर से होगा तगड़ा मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑटोमोबाइल कंपनी पांचवीं जनरेशन की ग्रैंड चेरोकी एसयूवी लॉन्च होगी। मॉडल अगले महीने भारत में उतार दिया जाएगा। कंपनी की भारत लाइनअप में यह चौथी एसयूवी होगी। जीप इंडिया वर्तमान में कम्पास और रैंगलर जैसी एसयूवी बेचती है।

हाल ही में मेरिडियन को तीन-पंक्ति एसयूवी के रूप में लॉन्च किया है, जो टोयोटा फॉर्च्यूनर को टक्कर देती है। आने वाली ग्रैंड चेरोकी को ढेर सारी विशेषताओं और पॉपुलर 44 ड्राइवट्रेन से लैस होगी, जो इसे भारतीय का ध्यान खींचने में मदद करेगा।पहली बार 1992 में लॉन्च की गई ग्रैंड चेरोकी को सालों में सबसे अधिक पुरस्कृत एसयूवी के रूप में उजागर किया गया है और वाहन के नए वेरिएंट ने एक साल पहले वैश्विक स्तर पर अपनी शुरूआत की थी।

ग्लोबल स्तर पर ग्रैंड चेरोकी को 5.7-लीटर वी 8 के साथ पेश किया जाता है। यह इंजन 357 बीएचपी की पावर और 528 एनएम



का टार्क जनरेट करता है। दूसरा 2.0-लीटर टबोर्चार्ज्ड पेट्रोल इंजन भी है, जो 375 बीएचपी और 637 एनएम अधिकतम टॉर्क जनरेट करता है और फिर एक 3.6-लीटर वी6 पेट्रोल इंजन है, जिसमें 294 एचपी और 348 एनएम का टार्क मिलता है।वैश्विक बाजारों में जहां पेशकश की जाती है, एसयूवी को प्लग-इन हाइब्रिड विकल्प के साथ भी पेश किया जाता है, हालांकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि क्या यह भारत में भी जगह बनाएगी।

# टी20 विश्वकप : आयरलैंड ने दो बार की विजेता वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराकर सुपर-12 में प्रवेश किया



होबार्ट, एजेंसी। आयरलैंड ने दो बार 2 बार की टी-20 विश्व कप विजेता वेस्टइंडीज टीम को ग्रुप बी के अंतिम मैच में 9 विकेट से हराकर सुपर-12 में जगह बनायी है। वहीं इसी के साथ ही वेस्टइंडीज टीम विश्वकप से बाहर हो गयी है। वेस्टइंडीज टीम तीसरी बार यहां खिताब जीतने पहुंची थी पर उसे नई टीम आयरलैंड के हाथों करारी हार झेलनी पड़ी है। इस मैच में पहले बल्लेबाज करते हुए वेस्टइंडीजन ने ब्रैंडन किंग के 52 रनों की सहायता से निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 146 रन बनाये। इसके साथ ही आयरलैंड को जीत के लिए 147 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने केवल एक विकेट के नुकसान पर 150 रन बनाकर आसानी से हासिल कर लिया। आयरैंड की ओर से पॉल स्टार्लिंग ने नाबाद 66 और लॉरकन टकर ने 46 रन बनाये। आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज एंड्र्यू बालबिर्नी 37 रहे।

इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरूआत अच्छी नहीं रही। उसने तीसरे ओवर में ही सलामी बल्लेबाज मेयर्स का विकेट खो दिया। इसके बाद 5वें ओवर में चार्ल्स केवल 24 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। आयरलैंड की गेंदबाजी इतनी कसी हुई थी कि इंडीज बल्लेबाजी बिखर गयी क्योंकि उसके लिए रन बनाना कठिन हो गया था। ऐसे में बड़े शॉट खेलने के प्रयास में वेस्टइंडीज के खिलाड़ी आउट होते गये।

इविन लुइस ने 13 रन बनाये जबक कप्तान निकोलस पूरन भी इतने ही रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद रॉमन पॉवेल 6 रन पर डेलानी की गेंद पर आउट हुए। अंत में ब्रेंडन किंग और ओडियन स्मिथ ने कुछ अच्छे शॉट्स खेलकर पारी को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। किंग ने 48 गेंदों में 6 चौके और एक छक्का लगाकर नाबाद 62 रन जबकि स्मिथ ने 12 गेंदों में नाबाद 19 रन बनाये। आयरलेंड की ओर से डेलानी ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए।

इसके बाद जीत के इरादे से उतरी आयरलैंड ने तूफानी शुरूआत की। स्टार्लिंग और कप्तान बालबिर्नी ने केवल 7.3 ओवरों में ही 73 रन बना दिया। बालबिर्नी के आउट होने के बाद भी रनों की रफ्तार नहीं रुकी। स्टार्लिंग और टकर ने तेजी से रन बनाने का सिलसिला जारी रखा और अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

# मिचेल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में नहीं खेलेंगे : विलियमसन



सिडनी, एजेंसी। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान केन विलियमसन ने कहा है कि ऑलराउंडर डेरिल मिचेल आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को होने वाले पहले मैच में नहीं खेलेंगे। विलियमसन के अनुसार मिचेल अभी तक अपनी उंगली के फ्रैक्चर से नहीं उबरे हैं। इससे पहले मिचेल न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच खेली गई टी20 ट्राई सीरीज से भी बाहर हो गए थे। यह ऑलराउंडर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए अभ्यास मैच में शामिल था पर वह बल्लेबाजी और गेंदबाजी नहीं कर पाया।

कीवी कप्तान ने कहा कि टीम के अन्य खिलाड़ी फिट हैं और मुकाबले के लिए तैयार हैं। विलियमसन ने मैच से पहले हुई पत्रकार वार्ता में कहा, मिचेल अभी भी अनुपलब्ध है हालांकि बाकी सभी खिलाड़ी फिट हैं। पिछले साल टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड को फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। विलियमसन ने कहा कि टूनार्मेंट का पहला गेम दोनो ही टीमें जीतना चाहेंगी हालांकि यह इतना आसान नहीं है। अगस्त 2009 के बाद से ही न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया में किसी भी प्रारूप में एक भी मैच नहीं जीता है। कीवी टीम देश में तीनों टी20 मैच हारी है पर कीवी कप्तान पिछले मैचों को लेकर ज्यादा परेशान नहीं हैं। उन्होंने कहा, नहीं, हमने इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचा है। उनमें से बहुत से संघर्ष ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रहे हैं और वह एक मजबूत टीम है। न्यूजीलैंड की अंतिम ग्यार : डेवोन कॉन्वे (विकेटकीपर), फिन एलन, केन विलियमसन (कप्तान), ग्लेन फिलिप्स, मिचेल ब्रेसवेल, जेम्स नीशम, मिचेल सैंटनर, ट्रेंट बोल्ड, टिम साउदी, लॉकी फर्ग्युसन, ईश सोढ़ी।

## संक्षिप्त समाचार

### केकेआर ने बताया गूगल सर्च में मेलबर्न के मौसम के बारे में जानना चाह रहे प्रशंसक

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल टीम कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने आईसीसी टी20 विश्व कप में रविवार को भारत-पाकिस्तान के शुरूआत मुकाबले से पहले गूगल सर्च की एक तस्तीर साझा की है। इसमें प्रशंसक इन दोनों टीमों को लेकर कई बातें खोज रहे हैं पर सबसे ज्यादा क्या खोज रहे हैं। इसका खुलासा इस तस्तीर में केकेआर ने किया है। केकेआर के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से गूगल सर्च की जो तस्वीर साझा की गई है। उसमें भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा एकसाथ खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही नीचे गूगल सर्च बना हुआ है, जिस पर लोग भारत और पाकिस्तान मैच के दौरान मेलबर्न के मौसम को लेकर जानना चाहते थे। गूगल तस्वीर में कई मजेदार सवाल भी दिखाई दिये हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए केकेआर ने लिखा है- दया, वर्षा देवताओं! केकेआर के इस पोस्ट को प्रशंसकों ने काफी पसंद किया है। इसके साथ ही अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। गौरतलब है कि मौसम विभाग ने भारत-पाक मैच के दिन बारिश की संभावना बतायी है। इसलिए प्रशंसक परेशान हैं। अगर मैच में बारिश होती है तो दुनिया भर के प्रशंसकों को निराशा होगी।

### पाक से जीतेगी भारतीय टीम, इंग्लैंड के होगा खिताबी मुकाबला : जहीर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने कहा है कि रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भारतीय टीम जीतेगी। जहीर ने यह भी कहा कि विश्वकप का खिताबी मुकाबल भारत ओर इंग्लैंड की टीम के बीच होगा। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने माना कि इस बार टीम में जसप्रीत बुमराह और रविन्द्र जडेजा सहित कुछ अनुभवी खिलाड़ी नहीं हैं पर इसके बाद भी टीम में जीत हासिल करने की क्षमता है। साथ ही कहा कि बुमराह ओर जडेजा के बाहर होने के बाद भी टीम ने पिछले कुछ साल से अपने प्रदर्शन में जिस तरह की निरंतरता दिखाई है उससे वह फाइनल में पहुंचने की दावेदार बनी है। वहीं दूसरी टीम जो फाइनल में पहुंचने की दावेदार नजर आती है वह इंग्लैंड है। गौरतल है कि जहीर से पहले महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भी कहा था कि भारतीय टीम पाक को हरा देगी। सचिन ने यह भी कहा था कि भारत, ऑस्ट्रेलिया सहित चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी। साथ ही कहा था कि भारतीय टीम मेरी पसंदीदा है। ऐसा केवल वजह से नहीं है कि मैं भारतीय हूं बल्कि इस वजह से है कि टीम इंडिया में ऐसे खिलाड़ी हैं जो ऑस्ट्रेलियाई हालतों में टीम को जीत दिला सकते हैं।

### ओलंपिक से मुक्केबाजी बाहर होने से स्टार खिलाड़ी नहीं मिलेंगे : जोंस जूनियर

लॉस एंजिल्स, एजेंसी। अमरीका के दिग्गज मुक्केबाज रॉय जोंस जूनियर ने कहा है कि ओलंपिक से मुक्केबाजी को बाहर किये जाने से खेल का आकर्षण घटेगा। जोंस ने लॉस एजिंल्स 2028 ओलंपिक के लिए शुरूआती खेलों की सूची में से मुक्केबाजी को बाहर किये जाने की आलोचना करते हुए कहा कि इससे इस खेल में नई प्रतिभाओं का आना कम होगा क्योंकि मुक्केबाजों के पास आगे बढ़ने के लिए कोई दिशा नहीं होगी। ऐसे में वे खेल से दूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुक्केबाजी को बाहर किया जाना कई देशों के लिए गहरा झटका है और यह फैसला कई संचालन से जुड़े मामलों को लेकर हुआ है। जोंस ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अध्यक्ष थॉमस बाक और आईओसी कार्यकारी समिति को इस मामले में एक पत्र भी लिखा है जिसमें उन्होंने उनसे इस महीने के शुरू में मुक्केबाजी को बाहर किए जाने के संबंध में फैसले पर दोबारा विचार करने को कहा है। इस पत्र में 1988 ओलंपिक के रजत पदक विजेता ने कहा कि मुक्केबाजी को ओलंपिक से बाहर करना ह्यएक अपराध करनेह्न जैसा होगा। जोंस ने कहा, ह्यइतने सारे बच्चे उम्मीद, फोकस और दिशा खो देंगे। जरा देखिए ओलंपिक से कितने मुक्केबाजी सुपरस्टार बने हैं।ह्न उन्होंने कहा, ह्यइससे मुक्केबाजों और देशों को नया मुक्केबाजी स्टार मिलने की उम्मीद मिलती है। ओलंपिक में मुक्केबाजी के नहीं होने से, यह उम्मीद समाप्त हो जाएगी।

# भारतीय गेंदबाजों से सावधान रहें पाक टीम: आकिब



लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर आकिब जावेद ने पाक टीम से कहा है कि वह रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले में पूरी गंभीरता से उतरें और भारतीय गेंदबाजी को कमजोर समझने की भूल न करें। अकीब ने कहा, ह्यतेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का बाहर होना टीम इंडिया के लिए एक बड़ा झटका है पर उससे टीम को ऑस्ट्रेलियाई हालातों में ज्यादा नुकसान नहीं होगा। भारतीय टीम के पास मोहम्मद शमी, भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद सिराज के रुप में अच्छे तेज गेंदबाज हैं। जो हमारे लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। ऐसे में रन बनाना आसान नहीं रहेगा। शमी बहुत अच्छे गेंदबाज हैं विशेषकर जब पिच में थोड़ी सहायता हो। ऐसे हालातों में सिराज भी खतरनाक साबित हो सकते हैं. जबकि भुवनेश्वर कुमार सीम कराने में सर्वश्रेष्ठ हैं।ह्न जावेद ने आगे कहा, ह्यऑस्ट्रेलिया में अभी क्रिकेट सत्र की शुरूआत हुई है। ऐसे में पिचें थोड़ी नरम होंगी। यदि ऐसे में गेंदबाज लेंथ और स्विंग पर ध्यान रखेंगे तो उन्हें लाभ होगा। ऐसे हालातों में शाहीन अफरीदी, नसीम शाह और हारिस रऊफ का सामना करना भारतीय बल्लेबाजों के लिए कठिन रहेगा।



मैक्सिको में ग्वाडालजारा ओपन टेनिस में खेलती हुई अमेरिका की जेसिका पाउला।

# पंड्या ने अपनी सफलता का श्रेरु परिवार को दिया



सिडनी, एजेंसी। टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा है कि परिवार के समर्थन और सहयोग से ही वह टी20 विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल करने में सफल रहे हैं। पंड्या ने कहा कि जीवन में हर चीज के प्रति सकारात्मक रवैये और चोटों से उबरने के दौरान परिवार के सदस्यों से मिले समर्थन से ही वह यहां तक पहुंचे हैं।

हार्दिक ने पिछले डेढ़ साल में अपनी फिटनेस हासिल करने के लिए काफ प्रयास किया है। वहीं इससे पहले वह चोटिल होने के कारण लंबे समय तक गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। वह अब भारतीय टीम की ओर से नियमित रूप से गेंदबाजी कर रहे हैं, जिससे टीम का संतुलन अच्छा हुआ है। हार्दिक ने एक साक्षात्कार में कहा, 'जीवन में सभी चीजों को सकारात्मक रूप से लेने और मूल बातों पर चलने से मुझे काफी सहायता मिली क्योंकि इससे मेरे जीवन में शांति आई कि हमेशा सकारात्मक पक्ष को देखना है।' उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि अच्छे और बुरे दिन आएंगे पर इस दौरान कड़ी मेहनत करने से सकारात्मकता आती है, जिससे मेरा मनोबल बढ़ता है और सब कुछ लगाने का जूनून आता है। इस दौरान अपने परिवार का समर्थन मिलने से मैं पूरा ध्यान केंद्रित कर पाया जिससे मेरे चारों और सकारात्मकता बनी रही।'

हार्दिक के लिए वापस करते हुए यह साल काफी अच्छा रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग में उनकी कप्तानी में गजरात टाइटंस ने खिताब जीता और इसके बाद वह टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भारत के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे जबकि गेंदबाजी में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा। हार्दिक ने पिछले एक साल के समय में अच्छे प्रदर्शन का श्रेय अपने परिवार को भी दिया।

# शाह को बयान देने से पहले पीसीबी अध्यक्ष से बात करनी थी : अकरम



लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह के एशिया कप को तटस्थ स्थल पर आयोजित करने की मांग पर नाराजगी जतायी है। अकरम ने कहा कि इस प्रकार का बयान अचानक दिये जाने की कोई जरुरत नहीं थी। उन्हें इस मामले में पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से बात करनी चाहिये थी। यह मामला एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की बैठक में भी उठाया जा सकता था। एकदम से उठकर यह नहीं कहा जा सकता कि हम एशिया कप के लिए पाक नहीं जाएंगे। इसलिए इसे तटस्थ स्थल पर खेला जाये। इससे पहले शाह ने कहा था कि भारतीय टीम एशिया कप 2023 के लिए पाक नहीं जाएगी। ऐसे में इस इवेंट का आयोजन किसी तटस्थ स्थल पर होना चाहिये। शाह के इस बयान के बाद से पीसीबी ओर पाक क्रिकेटर भड़के हुए हैं। पूर्व पाक क्रिकेटर सईद अनवर और कामरान अकमल के बाद अब अकरम ने कहा ह्य बीसीसीआई की ओर से बड़ी जबरदस्त बयानबाजी की गयी है पर भारतीय बोर्ड यह हुक्म नहीं दे सकता कि पाकिस्तान कैसे क्रिकेट खेले। पाकिस्तान में 10-15 साल बाद विदेशी टीमों का आना शुरू हुआ है। मैं खिलाड़ी रह हूं, मैं नहीं जानता कि राजनीतिक मोर्चे पर क्या हो रहा है पर लोगों के बीच बात होना जरूरी है।

# पाक बल्लेबाज मसूद चोटिल हुए, भारत के खिलाफ शायद ही खेलें



मेलबर्न, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के प्रमुख बल्लेबाज शान मसूद चोटिल हो गये हैं। इस कारण उनका भारतीय टीम के खिलाफ रविवार को टी20 विश्व कप मुकाबले में खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है। मसूद अगर इस मैच में नहीं खेल पाते हैं तो यह पाक टीम के लिए एक बड़ा झटका होगा क्योंकि वह पिछले कुछ समय से अच्छे फार्म में रहे हैं। मसूद को मेलबर्न क्रिकेट मैदान में नेट अभ्यास के दौरान के दौरान मोहम्मद नवाज के शॉट से सिर में चोट लग गई, जिसके बाद उन्हें स्कैन के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। मसूद के सिर के दायीं साइड में चोट लगी है। मसूद पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। पाकिस्तान की टीम में मसूद का मुकाबला फखर जमां से है। वहीं फखर भी हाल में चोट से उबरकर टीम में लौटे हैं।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें मसूद चोट लगने के बाद जमीन पर लेटे हुए हैं। उन्हें चारों ओर से खिलाड़ियों ने घेर रखा है। टीम का मेडिकल स्टाफ उन्हें प्राथमिक उपचार देने में लगा हुआ है हालांकि बाद में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया जिससे पता चल सके कि उनकी चोट का पता चल सके कितनी गंभीर है। मसूद ने 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कुल 220 रन बनाए हैं. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 125 का रहा है।

# ऋषभ को पाक के खिलाफ महामुकाबले में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद



मेलबर्न, एजेंसी। आजकल खराब फार्म में चल रहे भारतीय टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उम्मीद है कि वह रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। ऋषभ के अनुसार उन्हें उम्मीद है कि पूर्व कप्तान विराट कोहली के लंबे अनुभव का लाभ उन्हें मिलेगा जिससे वह दबाव का सामना करने में सफल रहेंगे। ऋषभ के अनुसार वह इस मैच में विराट के साथ बड़ी साझेदारी बनाना चाहते हैं। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, ह्यह्यवह (कोहली) वास्तव में आपको सिखा सकते हैं कि खराब हालातों से कैसे निपटना है जिससे भविष्य में आपको अपने क्रिकेट सफर में सहायत मिल सकती है। इसलिए उनके साथ बल्लेबाजी करना हमेशा की तरह अच्छा है। बहुत अनुभव रखने वाले व्यक्ति का साथ होने से लाभ मिलता है। वह आपको खेल को आगे बढ़ाने और प्रत्येक गेंद में एक रन के साथ दबाव को बनाए रखने के तरीके बता देते हैं।

पिछले साल टी-20 विश्व कप में पाक ने भारत को हराया था। तब ऋषभ ने 39 रन की पारी खेलने के अलावा उस समय कप्तान रहे कोहली के साथ 53 रनों की साझेदारी की थी। इस युवा बल्लेबाज ने कहा, 'मुझे याद है कि मैंने हसन अली के एक ही ओवर में दो छक्के मारे थे। तब मैं और विराट केवल रन गति बढ़ाने का प्रयास कर रहे थे, क्योंकि हमने शुरूआती विकेट खो दिए थे और इसके बाद यह साझेदारी हुई थी। उस दौरान मैंने हसन पर एक हाथ से दो छक्के मारे। यह मेरा विशेष शॉट है।' वहीं पाक के साथ खेलने के अनुभव के बारे में इस बल्लेबाज ने कहा, 'पाक के खिलाफ खेलना हमेशा विशेष होता है क्योंकि उस मैच के आसपास हमेशा की तरह एक विशेष तरह की हाइप होती है। न केवल हमारे लिए बल्कि प्रशंसकों और सभी के लिए बहुत सारी भावनाएं जुड़ी होती हैं। यह एक अलग तरह की भावना है, जब आप मैदान पर कदम रखते हैं तो एक अलग तरह का माहौल मिलता है और आप लोगों को हौसला अफजाई करते हुए देखते हैं। यह एक अलग माहौल था जिसमें जुनून होना स्वाभाविक हैं।'

# श्रीलंका, नीदरलैंड ग्रुप एक से टी20 विश्व कप के सुपर-12 में पहुंची

## ग्रुप बी से वेस्टइंडीज, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और जिम्बाब्वे में से दो टीमें पहुंचेंगी

सिडनी, एजेंसी। श्रीलंका और नीदरलैंड की टीमों ने ग्रुप ए से टी20 विश्व कप के सुपर-12 में प्रवेश हासिल कर लिया है। श्रीलंका ने इस ग्रुप से सबसे पहले सुपर 12 में जगह बनायी। वहीं दूसरा नंबर डच टीम नीदरलैंड का रहा। पूर्व विश्व चैंपियन श्रीलंका ने पहले ही मुकाबले में नामीबिया के हाथों मिली हार के बाद शानदार वापसी की है। वहीं एक अन्य मुकाबले में यूएई ने नामीबिया को 7 रन से हराकर टी20 विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल की है। यूएई के नामीबिया के खिलाफ जीत हासिल करने के साथ ही नीदरलैंड को सुपर-12 में प्रवेश मिल गया। यूएई ने जहां टी20 विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज की है, वहीं नीदरलैंड ने इस जीत के बल पर टी20 विश्व कप के सुपर-12 दौर में पहुंच गयी। ग्रुप-ए की शीर्ष टीम श्रीलंका पहले ही अगले दौर में पहुंच चुकी है जबकि इस साल टूनार्मेंट में यूएई और नामीबिया का सफर समाप्त हो गया है।

वहीं पहले दौर के मुकाबलों के बाद ग्रुप बी को लेकर अभी भी स्थिति साफ नहीं हुई है। इस ग्रुप के 2 मुकाबले अभी होने हैं। इसमें भारत के साथ अगले स्तर पर जुड़ने वाली दूसरी टीम का नाम भी सामने आयेगा। शनिवार से सुपर 12 के मैच शुरू होंगे। ग्रुप ए से श्रीलंका और नीदरलैंड ने टी20 वर्ल्ड कप के अगले राउंड के लिए क्वालीफाई कर लिया है. अब ग्रुप बी से कौन सी टीमें पहुंचती हैं यह देखना होगा। इसमें दो बार की टी20 विश्व कप चैम्पियन वेस्टइंडीज की टीम भी शामिल है। पहले दौर के अपने अंतिम मैच में वेस्टइंडीज का मुकाबला आयरलैंड से होगी। अगर इंडीज ने यह मैच जीत लिया तो वह वह सुपर 12 में पहुंच जाएगी हालांकि इस ग्रुप की शीर्ष टीम बनने के लिए उसे बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। वेस्टइंडीज टीम नेट रन रेट के मामले में अभी तीसरे स्थान पर है। वहीं अभी पहले नंबर पर टीम स्कॉटलैंड है। दोनों ही टीमों के पास अभी 2-2 अंक हैं। ऐसे में स्कॉटलैंड को पीछे छोड़ने के लिए वेस्टइंडीज को अपने नेट रन रेट को बढ़ाना होगा। यह केवल बड़ी जीत से ही हो सकता है। इस ग्रुप में एक मैच जिम्बाब्वे और स्कॉटलैंड के बीच होगा। जिम्बाब्वे फिलहाल स्कॉटलैंड से पीछे दूसरे नंबर पर है। इन दोनों में से जीतने वाली टीम को अगले स्तर पर पवेश मिलेगा। ऐसे में वेस्टइंडीज, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और जिम्बाब्वे में से जो भी टीम दो मैच जीतती हैं वह सुपर -12 में पहुंच जाएगी। वहीं सुपर-12 में श्रीलंका की टीम ग्रुप 1 में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान से खेलेगी। दूसरी ओर ग्रुप 2 में नीदरलैंड भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश की टीमों के बीच मुकाबला होगा।

# टीम इंडिया ने मेलबर्न के मैदान पर अभ्यास किया, पाक से रविवार को होगा मुकाबला

मेलबर्न, एजेंसी। टीम इंडिया ने टी20 विश्वकप में पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले महामुकाबले के लिए मेलबर्न पहुंचकर अभ्यास किया है। भारतीय टीम अभ्यास के लिए सुबह ही मेलबर्न के मैदान पर पहुंच गयी। प्रशंसकों के लिए राहत की बात यह रही कि यहां बारिश भी रुक गयी है। इससे पहले मौसम विभाग ने रविवार को बारिश की संभावना व्यक्त की भी जिसके बाद से ही मैच को लेकर आशंकाएं लगने लगीं थीं।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने अधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक तस्वीर भी साझा की है। इसमें मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर भारतीय खिलाड़ी बल्लेबाजी करते दिखे। बीसीसीआई ने इसकी इस तस्वीर के साथ लिखा, ह्य हम भारत और पाक मुकाबले से पहले अपने पहले अभ्यास सत्र के लिए यहां हैं। इससे पहले ब्रिस्बेन में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाने वाला अभ्यास मैच बारिश की वजह से नहीं हो पाया था। भारतीय टीम गुरुवार को ही मेलबर्न पहुंची थी।

टीम इंडिया यहां दो सत्र में अभ्यास करेगी। इसमें सुबह टीम का कंडिशनिंग सत्र रखा गया है जबकि शाम को भारतीय टीम एमएसीजी पर नेट्स में अभ्यास करेगी। भारतीय क्रिकेट टीम विश्वकप में अपने अभियान की शुरूआत पाक के खिलाफ मुकाबले से करेगी। भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल ने सबसे पहले मेलबर्न पहुंचने की जानकारी सोशल मीडिया के जरिये दी।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# गर्म पानी पीने के फायदे

पानी हमारे शरीर का एक महत्पूर्ण कंटेंट है। आपने यह तो सुना ही होगा कि हमारे खून का अधिकतर हिस्सा पानी ही होता है। यही कारण है कि हमारे शरीर का हाइड्रेटेड रहना बहुत ज़रूरी होता है। गर्म हो या सामान्य तापमान का हमें शरीर की जरूरत के अनुसार पर्याप्त पानी पीते रहना चाहिए। हालांकि इस मामले में बहुत ज्यादा वैज्ञानिक शोध नहीं किए गए हैं, लेकिन लोग अपने ख़ुद के अनुभवों और अपने पूर्वजों के ज्ञान के आधार पर कहते हैं कि गर्म पानी पानी, ठंडा पानी पीने की तुलना में कहीं अधिक फायदेमंद होता है। हमने गर्म पानी पीने के कुछ फायदों की पड़ताल करने की सोची, खासकर यह देखते हुए कि गर्म पानी को पाचन में सुधार और कब्ज़ से मुक्ति का रामबाण उपाय सुनने के बाद।



**पाचन सुधरता है :** गर्म पानी पीने से पाचन तंत्र स्वस्थ बना रहता है। जैसे-जैसे गर्म पानी आपके पेट और आंतों से होकर गुज़रता है, शरीर के पाचनतंत्र से मल की निकासी में मदद मिलती है। मल की निकासी में मददगार होने के अलावा यह भी माना जाता है कि गर्म पानी भोजन के पाचन में भी सहायता करता है। इसके पीछे यह तर्क दिया जाता है कि हमारे द्वारा खाई गई कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जिनको पचाने में पेट को काफी परेशानी होती है। गर्म पानी पीने से वे पदार्थ घुल जाते हैं, जिसके कारण उन्हें ब्रेक करना आसान हो जाता है।

**सर्दी-ज़ुकाम से बंद नाक खुलती है :** जुकाम होने पर गर्म पानी पीने की सलाह आपको भी मिली होगी। आज़माने पर आपने फर्क भी महसूस किया होगा। जो नाक बुरी तरह जाम हो गई थी, गर्म पानी की चुस्की लेने से खुलती है। गले की ख़राश में आराम मिलता है। दरअसल गर्म पानी से आपका बंद साइनस खुलता है। साइनस के चलते होनेवाला सिरदर्द भी कम होता है। सर्दी-जुकाम में साइनस और गले में म्यूकस मेंब्रेन जमा होते हैं, जिसकी वजह से सबकुछ जाम-जाम सा हो जाता है। गर्म पानी पीने से वे पिघलते हैं।

**कब्ज दूर करने में मदद मिलती है :** आपने कभी ग़ौर किया है, जब आप लगातार कुछ दिनों तक पानी कम पीते हैं, तब आपको कब्ज़ की शिकायत होने लगती है। मल भी कठोर हो जाता है, जिसके कारण शौच के समय दिक़्क़त होने लगती है। समय रहते कब्ज़ पर ध्यान नहीं दिया गया तो पाइल्स जैसी दर्दनाक बीमारियां आपको परेशान करने के लिए तैयार बैठी हैं। कब्ज़ दूर करने के प्रभावी घरेलू तरीक़ों में एक है गर्म पानी पीना। गर्म पानी पीने से न केवल शरीर हाइड्रेटेड रहता है, बल्कि मल भी नरम हो जाता है। नरम मल के कारण शौच करते समय अधिक प्रयास नहीं करना पड़ता। गर्म पानी को रूटीन का हिस्सा बनाकर आप कब्ज़ के कब्ज़े से ख़ुद को आसानी से बाहर खींच लाते हैं।

**ब्लड सर्कुलेशन सुधरता है :** शरीर में रक्त संचार सुचारू रूप से होते रहना बहुत ज़रूरी है, आख़िर यह ब्लड प्रेशर के साथ-साथ हमारे हृदय के स्वास्थ्य से जुड़ी बात है। जब आप गर्म पानी से नहाते हैं, तब ब्लड सर्कुलेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभानेवाली धमनियां और नसों में प्रसरण होता है, जिसके कारण रक्त को कंडक्ट करने की उनकी कैपिसिटी बढ़ती है। लगभग ऐसा ही प्रभाव गर्म पानी पीने से भी होता है।

# टमाटर में छिपा है कुदरती खूबसूरती का राज



टमाटर न सिर्फ खाने के लिए बेस्ट है बल्कि चेहरे की खूबसूरती और त्वचा को निखारने के भी काम आता है। चेहरा आपके शरीर का महत्वपूर्ण अंग होता है। टमाटर में मौजूद विटामिन सी, एंटी ऑक्सीडेंट, पोटैशियम, लाइकोपेन चेहरे को सुंदर और रंग में निखार लाता है। इसके अलावा एंटी एजिंग के प्रभाव को काबू करने में भी मददगार साबित होता है। इसका इस्तेमाल कर त्वचा से अतिरिक्त ऑयल खत्म किया जा सकता है। इसके लिए टमामट के गूदे को त्वचा पर रगड़ें और पांच मिनट बाद धो लें।

टमाटर के जूस को त्वचा पर लगाएं। उसमें मौजूद लाइकोपेन स्किन की टोन को बेहतर करेगा और आपको ताजगी भी देगा। टमाटर रोम छिद्रों को कंट्रोल करने में मददगार साबित होता है। उसका रस चेहरे पर लगाकर रगड़ें। यहां तक कि चेहरे के रोम छिद्र में अच्छी तरह पहुंच जाएं। त्वचा के रोम छिद्र में रस शामिल होने के 20 मिनट बाद धो लें।

दो चम्मच टमाटर का जूस, दो चम्मच दही और एक चम्मच नींबू का रस मिलाकर रुई के जरिए त्वचा पर मसाज करें। 15 मिनट बाद चेहरे को धो लें। प्रतिदिन इस विधि को अपनाकर झुर्रियों को काबू में किया जा सकता है। जली हुई स्किन और मृत कोशिकाओं को कंट्रोल करने में टमाटर आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए पाबंदी से उसका रस चेहरे पर लगाएं। चेहरा धूप की किरणों से काला पड़ जाए तो टमाटर को रगड़ा जा सकता है।

# धूप के कारण काले पड़ गए हैं हाथ-पैर



धूप में लगातार घूमने के कारण चेहरे ही नहीं हाथों, गर्दन व पैरों पर भी टैनिंग हो जाती है। बेशक यह आम-सी समस्या है लेकिन अगर समय पर कोई ट्रीटमेंट ना किया जाए तो धीरे-धीरे प्रभावित हिस्से की स्किन काली पड़ जाती है, जो देखने में काफी भद्दी लगता है। हालांकि बहुत-सी लड़कियां इसके लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं लेकिन उसके केमिकल्स से स्किन को नुकसान भी पहुंच सकता है। ऐसे में आप किचन में मौजूद कुछ चीजों से टैनिंग की छुट्टी कर सकती हैं, वो भी कम खर्च और बिना किसी साइड-इफैक्ट के।

**दही**

दही में लैक्टिक एसिड मौजूद होता है जो त्वचा में नमी को बरकरार रखता है। इसे आप क्लींजर के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**क्या करें?**

इसके लिए 2 बड़े चम्मच दही और 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इस पेस्ट को 20 मिनट के लिए हाथों पर लगा कर छोड़ दें। फिर सादे पानी से धो लें।

**टमाटर**

टमाटर में ब्लीचिंग गुण और कई तरह के यौगिक होते हैं, जो टैन को कम करने के साथ त्वचा को निखारने में भी मदद करते हैं।

**क्या करें?**

इसके लिए टमाटर के पल्प को टैनिंग वाली जगह पर 20 मिनट लगाएं और फिर ताजे पानी से धो लें। इसके अलावा टमाटर को आधा काटकर उसपर मलाई लगाएं। फिर इससे प्रभावित हिस्से पर मसाज करें। इससे भी टैनिंग रिमूव हो जाएगी।

**नींबू रस**

एंटी-पिगमेंट्री और विटामिन सी से भरपूर नींबू स्किन के लिए ब्लीच की तरह काम करता है, जिससे टैनिंग दूर हो जाती है। ध्यान रखें कि इसे सीधा स्किन पर ना लगाएं और अगर एलर्जी है तो इससे दूर रहें।

**क्या करें?**

नींबू के रस में थोड़ा-सा पानी मिलाएं। इसमें कॉटन बाल को भिगोकर हाथों या टैनिंग वाली जगह पर 20 मिनट तक लगाएं और फिर ताजे पानी से धो लें। नियमित ऐसा करने से आपको फर्क दिखेगा।

**एलोवेर**

एलोवेरा में विटामिन सी, कैरोटीन होता है, जो स्किन सेल्स को बढ़ावा देता है और टैनिंग की समस्या को भी कम करता है।

**क्या करें?**

इसके लिए 2 चम्मच एलोवेरा जेल में 1 चम्मच शहद मिला लें। इस मिश्रण को प्रभावित हिस्से पर 15 मिनट तक लगाकर रखें और फिर धो लें।

**खीरा**

खीरे में मॉइश्चराइजिंग और बायोएक्टिव गुण होते हैं जो सनटैन के प्रभाव को कम करते हैं। साथ ही इसके हाइड्रेटिंग गुण त्वचा में नमी भी बनाए रखते हैं।

**क्या करें?**

1 खीरा के रस में 1 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं। इस मिश्रण को हाथों और टैनिंग वाले हिस्से पर 20 मिनट तक लगाएं। इसके बाद ताजे पानी से धो लें। हफ्ते में कम से कम 3-4 बार ऐसा करें।

# ब्रेस्ट कैंसर से छुटकारा दिलाती है काली मिर्च



काली मिर्च हर किचन में मसाले के रूप में पायी जाती है। काली मिर्च में आयरन, पोटेशियम, मैग्नीशियम, मैंगनीज, जिंक, क्रोमियम, विटामिन ए और सीए और अन्य पोषक तत्त्व मौजूद हैं। काली मिर्च का प्रयोग खाने में किया जाता है। इसके सेवन से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से भी बचा जा सकता है।

**काली मिर्च के फायदे:**

- काली मिर्च कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से शरीर की सुरक्षा करता है। ब्रेस्ट कैंसर को होने से रोकने में काली मिर्च काफी सहायक है। काली मिर्च के नियमित सेवन से स्तन कैंसर की गांठ नहीं बनती है।
- काली मिर्च टेस्ट बड्स से पेट को संकेत भेजता है और हाइड्रोक्लोरिक एसिड का उत्पादन करने के लिए प्रेरित करता है। इस एसिड से पेट की पाचन क्रिया सही होती है। यह एसिड भोजन सामग्री को पचाने में सहायक है।
- नियमित काली मिर्च का सेवन करने से वजन पर भी नियंत्रण पाया जा सकता है। इसमें शक्तिशाली फाइटोन्यूट्रीसियंस होते हैं जो वसा की बाहरी परत को तोड़ने में सहायक होते हैं।
- काली मिर्च पेट की गैस से राहत दिलाती है। काली मिर्च में वातहर गुण पाया जाता है, इसके सेवन से पेट में गैस नहीं बनती है और पेट ठीक रहता है। काली मिर्च शरीर की ये समस्या दूर करने में सबसे कारगर साबित होती है।

# 40 के बाद इन एक्सरसाइज से रखें खुद को फिट



**अगर आपकी उम्र भी 40 के पार है और आप खुद को फिट रखना चाहते हैं तो इन 5 एक्ससाइज को रोजाना करेंगे तो आप फटि रहेंगे।**

1 सबसे पहले सुबह उठकर एक्सरसाइज शुरू करते ही आप सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं। पैरों के बीच में गैप रखें। अब एक हाथ से अपोजिट पैर को छुएं और फिर दूसरे हाथ से दूसरे पैर को छुएं। इस एक्सरसाइज को कम से कम 10 मिनट जरूर करें।

2 पैरों की साइकलिंग को बहुत अच्छी एक्सरसाइज माना जाता है। इसे सुबह-सुबह जरूर करें। इसके लिए सबसे पहले पीठ के बल लेट जाएं और फिर दोनों पैरों को थोड़ा उठाएं और साइकिल के पैडल पर पैर चलाते है ठीक उसी तरह से पैरों को चलाएं। इस तरह कम 15 मिनट करें।

3 थाई एक्सरसाइज से आपके मांसपेशियां में होने वाली अकड़न दूर होती है। इसके लिए सबसे पहले आप सीधे खड़े हो जाएं और दोनों हाथों को कमर पर रखें और अपना पैर फोल्ड करके खड़े हो और आगे औ र पीछे की तरफ झुके। यह एक्सरसाइज को करने से आपकी थाई के अलावा घुटने को भी मजबूत करती है।

4 साइड लेग एक्सरसाइज पैरों के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। इसके लिए आप जमीन पर करवट लेकर लेट जाएं और एक हाथ को शरीर के नीचे और दूसरे हाथ को कमर पर रखें। एक पैर को दूसरे पर रखते हुए फिर आपनी टागें तानकर सीधा करें। ऐसा तब तक करें कि जब तक आपके हिप्स पर दबाव महसूस ना हो।

5 इनके साथ-साथ हाथ और गर्दन की स्ट्रेंचिंग करना भी बहुत जरूरी है। इसके लिए आप दोनों पैरों को फोल्ड करके बैठ जाए और अपनी गर्दन को चारों दिशाओं में घुमाएं। ऐसा करने से गर्दन में आराम मिलेगा। हाथों की स्ट्रेंचिंग के लिए दोनों हाथों को फैलाएं और फिर सिर के ऊपर और नीचे लेकर जाएं।

# ऑफ़िस में ऐसी न हो आपकी बॉडी लैंग्वेज

**जिस तरह ऑफ़िस में हम सबसे एक शालीन भाषा व व्यवहार की अपेक्षा रखी जाती हैं, उसी तरह हमारी देहभाषा यानी बॉडी लैंग्वेज भी शालीन होनी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि आपकी बॉडी लैंग्वेज बिना कुछ कहे आपके बारे में बहुत कुछ कह जाती है। आइए जानें, बॉडी लैंग्वेज से संबंधित पांच ग़लतियां, जिनसे आपको हर हाल में बचना है।**

**गलती नंबर 1**

**कंधे झुकाकर रखना :** कंधे झुकाने को थक जाने या हार मानने का प्रतीक माना जाता है। जब ऑफ़िस में आपके कंधे झुके होते हैं तो उससे यह अंदाज़ा लगाया जाता है कि आपमें एनर्जी नहीं है। और तो और आपको किसी चीज़ की ज़्यादा परवाह नहीं है। आपको ऑफ़िस के काम में इंट्रेस्ट नहीं है। आप काम को सीरियसली नहीं लेते हैं। आपके झुके हुए कंधे कुल मिलाकर ऑफ़िस में आपकी नेवगेटिव क्षवि बनाते हैं। तो जब अगली बार आपके बॉस या सहकर्मी आपसे बात कर रहे हों तो चौकस रहें। उनकी बातों को ध्यान से सुनें। आप अपनी कुर्सी पर थोड़ा-सा आगे की ओर सरक जाएं और बीच-बीच में अपना सिर हिलाते हुए यह जताएं कि आप उनकी बातों पर गौर कर रहे हैं। हां, जरूरत से ज्यादा सिर हिलाने से यह लग सकता है कि आप दिखावा कर रहे हैं या बेहद नर्वस हैं। आपको इससे भी बचना है।

**गलती नंबर 2:**

**बात करते हुए यहां-वहां देखना**

जब कोई आपसे बात कर रहा हो तो आपको उसकी आंखों में देखना चाहिए कहने का मतलब आई कॉन्टैक्ट प्रॉपर रखना चाहिए। यहां-वहां देखने को ठीक नहीं माना जाता। इसका यह मतलब लगाया जाता है कि आपको सामनेवाले की बातों में कोई रुचि नहीं है। पर कुछ लोग आई कॉन्टैक्ट को इतना सीरियसली ले लेते हैं कि वे सामनेवाले को इस तरह घूरने लगते हैं कि वह असहज हो जाता है। ऐसे में करें क्या? इसका सबसे अच्छा तरीक़ा है बातचीत करते समय 3 से 5 सेकेंड तक सामनेवाले की आंखों में देखें, फिर अपनी आंखें हटा लें और उसके बाद दोबारा 3 से 5 सेकेंड का आई कॉन्टैक्ट बनाएं।

**गलती नंबर 3:**

**एकदम से पास आकर बैठ जाना**

जब आप ऑफ़िस में किसी अकेले व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के साथ बात कर रहे हों तो आपको इस बात का ख़ास ध्यान रखना होगा कि आपके और उनके बीच ठीक-ठाक फ़ासला हो। एकदम से पास जाकर बात करना ठीक नहीं माना जाता। वहीं एक और बात भी ज़रूरी है। जब कोई आपसे बात करने आए तो अपने काम में लगे रहने के बजाय उसकी ओर ध्यान दें। अगर आप कम्प्यूटर या लैपटॉप पर काम कर रहे हों या कुछ पढ़-लिख रहे हों तो काम करना बंद करके बातचीत करें। अगर आपका काम बहुत अर्जेंट और महत्वपूर्ण हो तो उस व्यक्ति को यह बताते हुए कुछ देर बाद आने कहें।

**गलती नंबर 4:**

**बातचीत के दौरान हाथों का कुछ ज्यादा ही मूवमेंट**

कई लोग बातचीत करते समय आई कॉन्टैक्ट बनाने जैसा बेसिक नियम तो फ़ॉलो करते हैं, पर उनके हाथों की उंगलियां कुछ और करती रहती हैं। मसलन वे उंगलियां चटकाते रहते हैं या किसी चीज़ से खेल रहे होते हैं। आजकल तो बेवजह मोबाइल की स्क्रीन पर स्वाइप कर रहे होते हैं। इस बॉडी लैंग्वेज से यह इम्प्रेशन जाता है कि मुझे तुम्हारी बातों में कोई खास रुचि नहीं है।

**गलती नंबर 5:**

**बांहें क्रॉस करके रखना**

जब बॉस या दूसरे सहकर्मी आपसे बात कर रहे हों और आप बांहें क्रॉस करके खड़े हों तो मतलब यह है कि आप डिफ़ेंसिव मुद्रा में हैं और बातचीत में बहुत ज़्यादा इंट्रेस्ट नहीं ले रहे हैं। तो अगली बार जब बॉस आपसे बात कर रहा हो या कोई ब्रीफ़ दे रहा हो तो सीधे बैठें या खड़े रहें। आपके कंधे और हाथ रिलैक्स्ड होने चाहिए। अगर आप खड़े हैं तो अपने दोनों हाथों को शरीर के आगे की ओर रखें।



# डेंगू से निपटने के घरेलू उपाय

अक्सर बारिश के मौसम में मच्छरों से फैलने वाला बुखार, डेंगू संक्रमण के कारण होता है, जो शरीर के लिए घातक भी साबित होता है। इससे होने वाले बुखार बहुत तेज होता है। जैसा कि हम जानते हैं कि रोकथाम भी एक प्रकार का इलाज ही है तो आज हम आपको डेंगू की रोकथाम के घरेलू उपचार के बारें में बताने जा रहे हैं।



**डेंगू की रोकथाम के उपाय:**

रात्री को सोते वक्त मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, और अगरबत्ती या मच्छर से बचाने वाले स्प्रे का इस्तेमाल करें। अपने आसपास साफ-सफाई का स्पेशल ख्याल रखें और आसपास खुले में पानी एकत्रित न होने दें।

हल्दी एक एंटी बायोटिक दवा है। इसके हर रोज उपयोग से हम डेंगू से बच सकते हैं। तुलसी को उबालकर शहद संग पीने से भी डेंगू से बचाव संभव है। तुलसी को चाय या काढ़े में भी डालकर पी सकते हैं।

तुलसी में एंटी-बैक्टीरियल तत्व पाए जाते हैं जो डेंगू के वायरस से बचाव में फायेदमंद होते हैं। डेंगू से होने वाली कमज़ोरी और रक्त की कमी को ठीक करने के लिए अनार का उपयोग भी करना चाहिए।

गिलोय हर प्रकार की बीमारी का रामबाण उपचार है। इसकी डाली को तोड़कर, कूटकर और उबाल कर काढ़ा पिने से यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बहुत अधिक बढ़ा देता है।

# जीरे से बनाएं स्क्रब

## चेहरे को साफ करने का है सबसे आसान तरीका

**रसोई में रखा जीरा तड़का लगाने के काम आता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि जीरे से चेहरे पर भी निखार लाया जा सकता है। वैसे तो जीरा सेहत और पेट के लिए लाभकारी होता है। वहीं जीरे से बना स्क्रब चेहरे को अंदर तक साफ करता है। तो चलिए जानें जीरे से स्क्रब बनाने का तरीका जो स्किन को आसानी से साफ करेगा और आपके पार्लर का भी पैसा बचाएगा। जीरे में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट प्रॉपर्टीज स्किन को हमेशा यूथफूल बनाए रखते हैं।**

**ऐसे बनता है जीरे का स्क्रब**

दो चम्मच जीरा, आधा कप चीनी, बड़ा चम्मच शहद, तीन से चार बूंदे बादाम के तेल की और टी ट्री ऑयल की बीस बूंदे। इन सारी चीजों को एक बाउल में लेकर मिला लें। जीरे के साथ चीनी को अच्छी तरह से मिक्स करें। फिर किसी शीशी में भरकर इसे रख दें। जीरे से तैयार ये स्क्रब स्किन के लिए बहुत फायदेमंद है। स्किन की टैनिंग को हटाने के लिए जीरे को पीसकर इसमें दही मिला दें। फिर गुलाबजल मिलाकर स्किन पर लगाएं।

**चेहरे पर निखार**

चेहरे को साफ और गोरा करने के लिए जीरा पाउडर में हल्दी पाउडर और शहद मिलाकर लगाएं, इससे आपके चेहरे की फेयरनेस बढ़ने के साथ निखार भी आएगा।

**चेहरे के रिंकल्स**

बढ़ती उम्र के साथ चेहरे पर आने वाले रिंकल्स को दूर रखने के लिए भी जीरे का इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए जीरे को बेसन व कच्चे दूध में मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने से रिंकल्स दूर होते हैं।



**आज की रेसिपी**

# रसमलाई



**सामग्री :**

- 2 लीटर दूध फुल क्रीम
- चीनी आवश्कतानुसार
- केसर एक चुटकी
- कटे हुए बादाम
- छेना 500 gram
- छोटी इलायची 3 से 4 पीसी हुई

**विधि :**

- सबसे पहले छेने को किसी बर्तन में डालकर अपने हाथो से अच्छी तरह मथ के बाद नर्म कर ले।
- इसके बाद यह बिलुल गुथा हुआ आटा के समान हो जाएगा। इसमें से कुछ छेना अलग निकाल ले और बाकि की छोटी -छोटी गोलिया बना कर रख ले।
- उसके बाद आप चीनी की सहायता से चाशनी को तैयार करे जब चाशनी बनकर तैयार हो जाए तब उन गोलियों को गर्म चशनी में डाल दे और 15-20 मिनट तक रहने दे , उन गोलियों का आकार बड़ा हो जाएगा अब इनको चाशनी में से निकलकर ठंडा होने के लिए साफ जगह पर रख दे।
- अब दूध में चीनी डालकर उबाल ले और तब तक उबाले जब तक दूध आधा न रह जाए साथ ही दूध में इलायची, बादाम भी डाल दे अब ह्मारा दूध रसमलाई के लिए बिलकुल तैयार है। अब उन रसमलाई की गोलियों को चाशनी में से निकालकर दूध में डाल दे।
- अब रसमलाई को अलग बर्तन में निकालिए, और पिस्ते,काजू से सजाये और फ्रिज में रख दीजिए। अब स्वाद से भरपूर रसमलाई तैयार है।